सुप्रभात

रांची, बुधवार

31.01.2024

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ





khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 198



12 खेती के आधुनिकीकरण से होगा किसानों को मुनाफा : शाह


## न्यूज डायरी

### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र नौ से

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र घोषित कर दिया गया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बजट सत्र 9 फरवरी से प्रारंभ होगा जो 29 तक चलेगा। 15 कार्य दिवस होंगे। 16 फरवरी को झारखंड का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जायेगा।

### बापू के दिखाये रास्ते हर युग में प्रासंगिक: सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर बापू वाटिका, मोरहाबादी स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि बापू के दिखाये रास्ते हर युग में प्रासंगिक हैं। हमें गर्व है कि वे हमारे देश में जन्मे और हमारा मार्गदर्शन किया।

### बापू की पुण्यतिथि पर राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा राज्यपाल ने बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रकट की।

### इडी कोर्ट में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल हाजिर

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में मंगलवार को बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन खरीदी मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल हाजिर हुए। इस दौरान विष्णु को अदालत ने पुलिस पेपर सौंपा।

### हमें नीतीश की जरूरत नहीं : राहुल गांधी

**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। कहा कि बिहार में महागठबंधन नीतीश के बिना कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। हमें उनकी कोई जरूरत नहीं है... हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# बैठक के बाद बोले बन्ना, ऑल इज वेल...

## गठबंधन ने एकजुटता का दिया परिचय, भाजपा पर किया प्रहार, नहीं आ सके चार विधायक

- आज फिर 11 बजे से होगी सत्ताधारी विधायकों की बैठक
- कांग्रेस सीएम के साथ एकजुट है और आगे भी रहेगी : मीर
- अफवाहों के बारे में कुछ नहीं कहना है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मंगलवार को शाम सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की सीएम आवास पर हुई बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सबकुछ ठीक है। आल इज वेल। कहीं कोई परेशानी नहीं है। जनता ने सीएम हेमंत सोरेन को 5 वर्षों के लिए चुना है। वह हमारे मुख्यमंत्री है और पांच साल तक बने रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी अन्य प्लान पर कोई चर्चा नहीं हुई है। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने बैठक के बाद कहा कि इंडिया गठबंधन की बैठक हमने चट्टानी एकता का परिचय दिया है। बुधवार को भी हम इसी तरह डटे रहेंगे। गठबंधन के सभी साथियों ने हेमंत सोरेन के साथ खड़ा रहने की बात की। बैठक में 43 विधायक मौजूद है। ये बैठक ऐसे समय में हो रही है जब बुधवार को सीएम सोरेन से इडी की पूछताछ होने वाली है। बुधवार को एक बार फिर 11 बजे फिर सत्तारूढ़ दल की बैठक होगी। बैठक में गठबंधन के तमाम नेताओं ने भाजपा पर जम कर हमला बोला। सभी ने एक स्वर में कहा कि भाजपा राज्य को अस्थिर करने की साजिश से बाज आये।

**बैठक में चार विधायक नहीं पहुंचे :** झामुमो के दो विधायक सीता सोरेन और रामदास सोरेन इलाज के सिलसिले में दिल्ली में हैं। वहीं झामुमो विधायक चमरा लिंडा और लोबिन हेंब्रम बैठक भी गैर-मौजूद हैं। यानी कुल चार झामुमो विधायक बैठक में शामिल नहीं हैं। विधायक दल की बैठक से पहले गहमागहमी बढ़ती दिखी। सीएम आवास पर मुख्य सचिव, डीजीपी और होम सेक्रेटरी भी पहुंचे।

**सीएम ने कहा, कहीं कोई दिक्कत नहीं :** इससे पूर्व रांची आते ही मंगलवार को मुख्यमंत्री ने सत्तारूढ़ दलों के मंत्रियों और विधायकों संग सीएम हेमंत सोरेन ने करीब 30-40 मिनट तक बैठक की। बैठक के बाद हेमंत सोरेन, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जीए मीर और गठबंधन के तमाम मंत्रियों, विधायकों और नेताओं के साथ मोरहाबादी स्थित बाबू वाटिका पहुंचे। बापू की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद श्री सोरेन ने उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई दिक्कत नहीं है। बापू वाटिका से सीएम सीधे अपने आवास चले गये। बाबू वाटिका पर मंत्री हफीजुल अंसारी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कांग्रेस कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व विधायक सरफराज अहमद, विधायक मथुरा महतो, विधायक वैद्यनाथ राम, कांग्रेस कोटे के कई विधायक अम्बा प्रसाद, राजेश कच्छप, दीपिका पांडे और इरफान अंसारी भी वहां पहुंचे थे। वहीं श्री मीर ने कहा कि कांग्रेस सीएम के साथ एकजुट है और आगे भी रहेगी। सीएम ने कहा कि वह लोगों के बीच में हैं जो भी चर्चा हो रही थी उसको लेकर कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता ने कहा कि कुछ भी अफवाह उड़ा दिया जा रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि जिस प्रकार से सरकार चल रही थी वैसे ही सरकार चलती रहेगी।





## मैं तो आपके दिलों में रहता हूं : हेमंत



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं होने के बीच मंगलवार को रांची लौटे और कहा कि वह तो लोगों के दिल में रहते हैं। संवाददाताओं ने सोरेन से जब पूछा कि वह कहां थे, तो उन्होंने कहा, मैं आपके दिलों में रहता हूं। उन्होंने कहा, हम सभी राष्ट्रपिता के कदमों और विचारों का अनुसरण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें गर्व है कि हमारे बीच ऐसे लोग पैदा हुए थे और हमें मार्गदर्शन दिया।

**बैठक में पहली बार मौजूद रहीं कल्पना :** रांची पहुंचते ही सीएम ने मंगलवार को अपने सत्तारूढ़ गठबंधन के मंत्रियों और विधायकों के साथ एक बैठक की की। ऐसी बैठकों में पहली बार उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं। अवतक वह किसी बैठक में शमिल नहीं होती थीं। इससे इस बात की भी अटकलें लगने लगीं कि कल्पना सोरेन झारखंड की अगली मुख्यमंत्री बन सकती हैं।

**मैं था, हूं और रहूंगा भी :** विधायकों के साथ बैठक में पत्नी कल्पना सोरेन के मामले पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं था, हूं और रहूंगा। वहीं इससे पहले हेमंत सोरेन ने विधायकों के साथ मुलाकात की। बैठक से पहले सोरेन को रांची स्थित उनके आवास से बाहर निकलते देखा गया। झारखंड में मुख्यमंत्री कार्यालय ने गठबंधन दल के नेताओं के साथ सोरेन के मुलाकात की तस्वीरें जारी कीं।

## आज सीएम से फिर इडी करेगी पूछताछ

- शहर में सुबह 9 से रात दस बजे तक धारा 144 लागू

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने सीएम हेमंत सोरेनसे पूछताछ के लिए तारीख और समय मुकर्रर कर दी है। इडी की टीम अब इस केस में दोबारा सीएम हेमंत सोरेन से अब बुधवार को रांची में सवाल-जवाब करेगी। इस केस में पहले भी हेमंत सोरेन से पूछताछ कर चुकी है और अब नये सवालों का सिलसिला वहीं से शुरू होगा जहां पर वो खत्म हुआ था। सीएम ने जांच एजेंसी को बताया है कि वो बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे पूछताछ के लिए मौजूद रहेंगे। जमीन घोटाले से जुड़े एक मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत दर्ज केस में सीएम से पूछताछ करना चाहती है। इडी ने बताया है कि वो अपने एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय से शिबू सोरेन के आवास पर 31 जनवरी को दोपहर 1 बजे के पहले जायेगी। पूछताछ के मद्देनजर एहतियात के तौर पर रांची में बुधवार सुबह 9 से रात 10 बजे धारा 144 लागू कर दी गयी है। इडी के सवाल-जवाब वही से शुरू होंगे जहां 20 जनवरी को खत्म हुए थे। उस वक्त हेमंत सोरेन से 16-17 सवाल पूछे गये थे। इस दौरान उनके बयान लिखित और ऑडियो-वीडियो फॉरमेट में दर्ज भी किये गये थे। उस दिन इडी की टीम ने लगभग 7 घंटे हेमंत सोरेन के आवास पर बिताये थे। इससे पहले सोमवार को ईडी की टीम हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची थी, लेकिन जब सीएम हेमंत सोरेन वहां नहीं मिले थे।

**राज्यपाल बोले, मैं भी इंतजार में था :** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के मौके राज्यपाल ने बापू की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इसी मौके पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि मुक्यमंत्री सामने आयें, सबकी तरह मैं भी इस इंतजार में हूं। उन्होंने कहा कि झामुमो का प्रदर्शन और आक्रोश वाला यह रवैया ठीक नहीं है। इससे पहले राज्यपाल ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मंगलवार को मुलाकात की और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

# छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ कैंप पर नक्सली हमला, तीन जवान शहीद

**एजेंसी**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को नक्सलियों ने सीआरपीएफ कैंप पर हमला कर अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में सीआरपीएफ के तीन जवान शहीद हो गये जबकि 14 अन्य घायल हो गये। नक्सलियों ने हमला उस समय किया जब कोबरा कमांडो अग्रिम अभियान शिविर (एफओबी) बना रहे थे। पुलिस महानिदेशक (बस्तर रेंज) पी सुंदरराज ने बताया कि यह घटना बीजापुर और सुकमा जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुडेम गांव के समीप हुई। (शेष पेज 11 पर)

### दंतेवाड़ा में भी बड़ी घटना टली

इससे पहले दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए आइइडी बरामद होने से मंगलवार को एक बड़ी घटना टल गयी। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई खोज के दौरान जिला आरक्षित बल (डीआरजी), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ), जिला बल और बम निरोधक दस्ते के संयुक्त दल को किरनडुल थानांतर्गत हिरोली गांव के निकट पांच और तीन किलोग्राम के दो आइइडी मिले। गश्त के दौरान इलाके से गुजरने वाले सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए रास्ते में विस्फोटक लगाये गये थे।

# इमरान को 10 साल की जेल पूर्व विदेश मंत्री शाह भी नपे

**एजेंसी**

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को तगड़ा झटका लगा। मंगलवार को उन्हें 10 साल की जेल की सजा सुनायी गयी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) के संस्थापक के खिलाफ यह एक्शन सायफर में हुआ जो कि एक डिप्लोमैटिक डॉक्यूमेंट (कूटनीतिक दस्तावेज) से जुड़ा है। अखबार 'डॉन' की रिपोर्ट के मुताबिक, इमरान खान के अलावा मुल्क के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को भी इस केस में इतने ही साल की सजा सुनायी गयी है। ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत गठित स्पेशल कोर्ट ने दोनों नेताओं के खिलाफ यह फैसला दिया है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर देखने को मिला है जब वहां 8 फरवरी, 2024 को आम चुनाव होने हैं। दरअसल, सायफर केस एक डिप्लोमैटिक डॉक्यूमेंट (कूटनीतिक दस्तावेज) से जुड़ा मामला है।

## मैडम तुसाद संग्रहालय में लगेगी स्वामी रामदेव की मोम प्रतिकृति

**नयी दिल्ली/देहरादून।** भारतीय संस्कृति, संन्यास और सनातन योग परंपरा को वैश्विक प्रतिष्ठा दिलाने में संलग्न योग गुरु स्वामी रामदेव की मोम की प्रतिकृति का मंगलवार को नयी दिल्ली में अनावरण हुआ। यह प्रतिकृति विश्व में, सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र न्यूयार्क स्थित मैडम तुसाद संग्रहालय द्वारा स्थापित की जायेगी। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि न्यूयार्क स्थित मैडम तुसाद संग्रहालय में 200 से ज्यादा बड़े आयकॉन्स के फिगर लगे हैं।

# प्रेम प्रसंग में सनकी टीचर ने दो साथियों को मार दी गोली

## दोनों शिक्षकों की मौत, खुद को भी मारी गोली, हालत गंभीर, भागलपुर रेफर

### टीचरों का लव ट्रायंगल

- पोड़ैयाहाट स्कूल में खून-खराबे से दहले बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के चतरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कार्यरत प्रेम त्रिकोण में एक सनकी टीचर नें उसी स्कूल के दो शिक्षकों की स्कूल में ही गोली मार कर हत्या कर दी। एक शिक्षक और एक शिक्षिका की हत्या के बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली। गंभीर अवस्था में उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया है। गोलीबारी की घटना से स्कूल में पढ़ रहे बच्चे दहल गये। अफरातफरी मच गयी। गोलीबारी की यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। स्कूल के टीचर ने गोलीबारी की इस वारदात को अंजाम दिया है और उस वक्त स्कूल में बच्चे पढ़ रहे थे। (शेष पेज 11 पर)




### क्या था मामला

गोड्डा एसपी नाथू सिंह मीणा ने कहा कि पुलिस जब पहुंची तो स्कूल के एक कमरे में दो शिक्षकों का शव खून से लथपथ पड़ा था। इनमें एक महिला टीचर भी थीं। आरोपी शिक्षक भी घायल अवस्था में पाया गया है। जानकारी के अनुसार मृतकों में एक अविवाहित शिक्षक आदर्श सिंह (चंदौली, यूपी) और एक विवाहित शिक्षिका सुजाता (दाड़य, गोड्डा) की रहने वाली। उसका पति सेना में कार्यरत है। पोडैयाहाट प्रखंड के बांझी निवासी आरोपी शिक्षक रविरंजन कुमार भी उसी स्कूल में कार्यरत है। रविरंजन का शिक्षिका सुजाता से प्रेम लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, पर हाल के दिनों में सुजाता का दिल अपने दूसरे सहकर्मी और अविवाहित आदर्श सिंह पर आ गया। यही रवि को नागवार गुजरा। मंगलवार को तीनों लाइब्रेरी में थे। उसी समय आरोपी ने दोनों को गोली मार दी। खबर मिलने पर जब पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर गयी तो आदर्श कुर्सी पर मृत पड़े थे। गोली उसके सीने में लगी थी। वहीं शिक्षिका सुजाता भी जमीन पर गिरी पड़ी थी। उसकी भी मौत हो चुकी थी। तीसरे रवि रंजन की कनपटी में गोली लगी थी। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।


झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI



हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अपील

वार्षिक माध्यमिक / इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2024

विदित हो कि वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 06 फरवरी 2024 से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि संपूर्ण राज्य में परीक्षाओं का संचालन पूर्णत: शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो। झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, समय पर परीक्षाफल का प्रकाशन तथा शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यों का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। झारखण्ड सरकार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार भी सभी जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्ध झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जनहित एवं राज्यहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे नि:स्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ-साथ झारखण्ड की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिये कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

आएँ झारखण्ड को हम सब मिलकर बनायें ज्ञान आधारित एवं अनुशासन प्रिय प्रदेश

हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री

झारखण्ड

**पल-पल की जानकारी ले रहा मुख्यालय**

# इडी के एक्शन के बाद झारखंड पुलिस अलर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इडी के एक्शन के बाद झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। पुलिस मुख्यालय जिलों से पल पल की जानकारी ले रही है। विधि व्यवस्था न बिगड़े इसको लेकर पुलिस मुख्यालय सतर्कता बरत रही है। वही जिलों को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिये गये हैं। इडी जैसे अन्य केन्द्रीय ब्यूरों के कार्यालयों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त बलों को प्रतिनियुक्ति किया गया है। रोड जाम की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल के साथ तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। रेलवे की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस मुख्यालय स्थित कन्ट्रोल रूम में पाली बार डीएसपी स्तर के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जोनल आईजी को निगरानी रखने और पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में सूचना देने के लिए कहा गया है। राज्य के सभी थाना को अपने जिलों के कंट्रोल रूम के संपर्क में रहने के लिए कहा गया है। पुलिस मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम में प्रत्येक एक-एक घंटे स्थिति की जानकारी मांगी गई है। रेंज के आईडी और डीआईजी को इसकी जिम्मेवारी दी गई है। वर्तमान में देवघर एसपी का पद रिक्त रहने के कारण चंदन कुमार झा को प्रभार दिया गया है।

**लोहरदगा, रामगढ़, दुमका एवं बोकारो में स्थिति बिगड़ने की संभावना :** पुलिस मुख्यालय को सूचना मिली है कि ईडी की कार्रवाई को लेकर लोहरदगा, रामगढ़, दुमका एवं बोकारो में स्थिति बिगड़ने की संभावना है। स्पेशल ब्रांच ने इसकी पुष्टि की है। इडी की कार्रवाई की सूचना प्राप्त होती है, तो सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता सबसे पहले इन जिलों में धरना प्रदर्शन करेंगे। कार्यकर्ता राजभवन घेराव के लिए रांची पहुंच सकते हैं। इस प्रकार की स्थिति से निपटने के लिए सभी जिला में सुरक्षात्मक तैयारी करने का निर्देश दिया गया है। प्रशिक्षण शाखाओं से 200-200 की संख्या में पुलिस बल की तैनाती पुलिस मुख्यालय स्तर से की गई है। वहीं जिलों में स्थित बीजेपी कार्यालयों की सुरक्षा के लिए बलों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। बीजेपी कार्यकर्ताओं तथा उनके आवासों को भी निशाना बनाये जाने की आशंका है।

**अपने निजी काम से दिल्ली गए थे सीएम हेमंत सोरेन, कल लौट भी आये**

# ओछी राजनीति करने वाली बीजेपी से मुकाबला करेगा जेएमएम : सुप्रियो

**झामुमो प्रवक्ता बोले**

**सीआरपीसी प्रावधानों के तहत मानहानि का केस भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर किया जाएगा**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक उठा पटक के बीच सीएम हेमंत सोरेन मंगलवार को रांची पहुंच गए। विधायक दल के साथ उन्होंने बैठक की। इसके बाद जेएमएम के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस कांफ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा कि सीएम अपने निजी काम से दिल्ली गए थे। काम निपटाने के बाद वे लौट आए हैं लेकिन इस बीच बीजेपी ने जो ओछी राजनीति की है इसका मुकाबला जमकर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबूलाल की हरकतों ने सारी हदें पार कर दी है। मुख्यमंत्री का फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया और लिखा कि लापता ढूंढकर लाने वाले को 11 हजार का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीआरपीसी प्रावधानों के तहत मानहानि का केस भारतीय जनता पार्टी के नेताओं पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी केंद्र की एजेंसी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र के मूल्यों का गला घोंट रही है लेकिन जेएमएम के नेता हेमंत सोरेन अन्य नेताओं हिमंत बिस्वा सरमा, अजीत पवार, नीतीश कुमार की तरह नहीं हैं। वह वीर शिबू सोरेन के बेटे हैं। उन्होंने दिल्ली में 36 लाख रुपये बरामद होने के मामले में कहा कि बिना किसी की मौजूदगी में जांच किया जाना और 36 लाख रुपए बरामद की बात कहना दिगभ्रमित करने वाला है। हो सकता है कि ईडी के द्वारा यह रुपया प्लांट किया गया हो।

## इडी का दुरुपयोग कर सरकार गिराने का षडयंत्र कर रही भाजपा : वामदल

**भाजपा की साजिश का दिया जायेगा मुंहतोड़ जवाब**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राजनीतिक हालात पर वामदलों की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया। यह बयान माकपा, भाकपा, भाकपा माले, मासस, आरएसपी की ओर से जारी किया गया है। जिसमें नेताओं ने कहा कि 2024 चुनाव के लिए भाजपा अनिश्चितता की स्थिति में है। इसी डर से वह बड़े ही निर्लज्ज और आक्रामक तरीके से केंद्रीय एजेंसी ईडी और धन की शक्ति का इस्तेमाल कर रही है। जिससे भाजपा विरोधी विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को कमजोर कर सके। इसके लिए वह दल-बदलुओं को तोड़ कर लोकसभा चुनाव में कैसे जीता जाये, इसके लिए पूरी सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है। हाल ही में भाजपा ने महाराष्ट्र में उसके बाद कर्नाटक में और अब बिहार में यह हथकंडा अपनाया है। बिहार में भाजपा ने जिस तरह अपना समर्थन जदयू के नीतीश कुमार को देकर उन्हें 9वीं बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलायी है, उससे भाजपा की घबराहट दिखती है। अब भाजपा और उसके सहयोगी झारखंड की निर्वाचित हेमंत सरकार को भी गिराने की कवायद कर रहे हैं क्योंकि इस राज्य के मतदाताओं ने विधानसभा चुनावों में भाजपा को बुरी तरह हराया था। वामदल राज्य के अन्य धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक शक्तियों को साथ लेकर भाजपा की इस साजिश का मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन ने पद की गरिमा को पहुंचायी ठेस : सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की गरिमा खत्म कर दी है। साथ ही राज्य की छवि भी लगातार बिगाड़ रहे हैं। उन्हें यह बताना चाहिए कि जब दिल्ली में ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंची तब वे कहां थे, फिर वे किस रास्ते से रांची लौटे। उनकी गतिविधियों से संशय और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। ईडी उनसे पूछताछ करना चाहती है। अगर उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो बेहिचक इसका सामना करना चाहिए। सरकार और उनकी पार्टी शासन का दुरुपयोग कर राज्य का माहौल खराब करने में जुटी है। जबकि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्यपाल लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं।

## झारखंड में आज और कल बूंदाबांदी के आसार, तापमान में होगी वृद्धि व ठंड से राहत

**रांची।** न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने से पिछले एक दो दिनों से राज्यवासियों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केंद्र ने जानकारी दी है कि आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में और वृद्धि दर्ज की जायेगी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी, लेकिन 31 जनवरी और एक फरवरी को राज्य के कुछ हिस्से में बूंदाबांद की संभावना है। इसमें पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, देवघर, चतरा, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, बोकारो, रांची, खूंटी, रामगढ़ में बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो इस दौरान अधिकांश हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। वहीं, दो फरवरी से सुबह और शाम के वक्त बादल छाये रहेंगे जबकि दिन के समय आसमान पूरी तरह से साफ रहेगा। लोगों को धूप मिलेगी लेकिन दो फरवरी से फिर से न्यूनतम तापमान में वृद्धि की जानकारी दी गयी है। जिससे लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। राजधानी रांची की बात करें तो आज और कल मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है जबकि इस दौरान तापमान में कोई बदलाव महसूस नहीं किया जायेगा। इसके बाद न्यूनतम तामपान में कमी दर्ज की जायेगी।

**खबर एक नजर में**

## हज सेवक के लिए 15 फरवरी तक जमा करें आवेदन

**रांची।** झारखंड से हज पर जाने वाले यात्रियों की देखभाल करने के लिए खादेमुल हुज्जाज (हज सेवक) भेजा जाएगा। हज सेवक बनने के इच्छुक लोग 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। झारखंड राज्य हज कमेटी के कार्यपालक पदाधिकारी आफताब अहमद ने बताया कि हज सेवक वैसे लोग ही बन सकते हैं, जो पहले से हज और उमरा कर चुके हैं। सरकारी अधिकारी व कर्मचारी का ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा। आवेदन के साथ इच्छुक लोगों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, विभाग का परिचय पत्र और पासपोर्ट की प्रति लगाना अनिवार्य है। 15 फरवरी के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## साइबर अपराधी को तीन साल का कारावास

**कोर्ट ने आरोपी को ₹2 लाख जुर्माना भी लगाया**

**रांची।** साइबर अपराध से प्राप्त राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्त देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र के छातापाथर गांव निवासी संतोष यादव को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को दोषी पाकर तीन साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल की सजा काटनी होगी। अभियुक्त ने साइबर अपराध से जो अवैध राशि प्राप्त की है, उसको जब्त करने का आदेश अदालत ने भी दिया है। अभियुक्त ने साइबर अपराध से 15.24 लाख रुपए से अधिक की राशि प्राप्त की है। अब इस राशि पर केंद्र सरकार की ओर से जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के मामले में सुनवाई 13 फरवरी को

**रांची।** देवघर के पूर्व उपायुक्त (वर्तमान में जमशेदपुर डीसी) मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने एवं चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के आदेश के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर बहस के लिए 13 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की ओर से बताया गया है कि मंजूनाथ ने मधुपुर उपचुनाव के दौरान दुर्भावना व राजनीति से प्रेरित होकर सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसलिए इन पर विभागीय कार्रवाई की जाए और आने वाले चुनाव में इन्हें इलेक्शन ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। देवघर के पूर्व उपायुक्त मंजूनाथ ने दायर याचिका में कहा है कि चुनाव आयोग, भारत सरकार ने उन पर विभागीय कार्रवाई चलाने का आदेश दिया है। साथ ही कहा है कि आने वाले किसी चुनाव से उन्हें अलग रखा जाए, जबकि चुनाव आयोग को राज्य सरकार के अधिकारी के खिलाफ इस तरह के आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है।

## इडी को मोहरा बनाकर हेमंत सरकार को अपदस्थ करना चाहती है बीजेपी : मनोज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा है कि बीजेपी झारखंड की जनता द्वारा चुनी गयी महागठबंधन सरकार को ईडी को मोहरा बनाकर अपदस्थ करना चाहती है। उन्होंने कहा है कि जिस तरीके से भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री का पोस्टर जारी कर सवाल खड़ा किया गया है। यह राजनीति नीचता का परिचायक है। इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। लोकतंत्र में राजनीतिक विद्वेष राजनीतिक ढंग से होनी चाहिए थी, लेकिन झारखंड में बीजेपी द्वारा जिस तरीके से बिना आधार का मुख्यमंत्री द्वारा निजी कार्यक्रम के तहत दिल्ली जाने और वापस आने को लेकर राजनीति की गयी उसे जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राजद का मानना है कि भाजपा को चाहिए कि मानसिक रूप से बीमार नेताओं का ईलाज कराए। झारखंड की जनता देख रही है कि बीजेपी किस प्रकार से सत्ता के लालच में चुनी हुई सरकार को अपदस्थ कर सत्ता पर काबिज होना चाहती है। झारखंड की जनता इनके मंसूबे को कभी पूरा नहीं होने देगी।

**साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामला, दिल्ली से अबतक 20 बच्चियां बरामद**

# हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए अबतक क्या कदम उठाये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गुमशुदा दोनों बच्चों की तलाश जारी है। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि साहिबगंज एसपी के दिशा निर्देश पर दिल्ली गई अनुसंधान की टीम ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों से बीते दिनों 20 बच्चियों को बरामद किया है। इनमें से 16 बच्चियां नाबालिग हैं जबकि चार बालिग हैं। इस पर हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अनुसंधानकर्ता से मौखिक कहा कि तलाश जारी रखें। गुमशुदा दोनों बच्चे भी मिल जाएंगे, इसके अलावे ट्रैफिकिंग के शिकार अन्य बच्चे भी बरामद हो सकेंगे। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा है कि गुमशुदा दोनों बच्चों की बरामदगी के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी निर्धारित की है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता प्रत्यूष लाला एवं अधिवक्ता दीपक साहू ने पक्ष रखा।

**क्या है मामला**



दरअसल, कुलदेव साह व वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/ 2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/ 2022 में बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# अब युवाओं की नौकरी भी लुटवा रही गठबंधन सरकार : मरांडी

**मांग : जेएसएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार की हो सीबीआई जांच**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चार वर्षों से हेमंत सरकार में केवल लूट और भ्रष्टाचार ही हुआ है। यह सरकार कोयला, लोहा, बालू, पत्थर और जमीन की तरह युवाओं की नौकरी भी लुटवा रही है। उन्होंने कहा कि जेएससीसीसी की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार उजागर होने के कारण रद्द करनी पड़ी है। परीक्षा के पहले ही प्रश्न पत्र सोशल मीडिया ग्रुप में घूम रहे थे। यह बातें उन्होने मंगलवार को प्रेस कार्फ्रेंस में कही। श्री मरांडी ने कहा कि बेरोजगार अभ्यर्थियों से 35 लाख से 50 लाख रुपए तक लेकर प्रश्न पत्र बेचे गए। मरांडी ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ, बल्कि 7वीं से 10वीं जेपीएससी परीक्षा की कहानी भी सबको पता है। उन्होंने कहा कि जेएसएससी के अध्यक्ष सहित परीक्षा संचालित करने वाली एजेंसी पर एफआईआर दर्ज हो और पूरे मामले की सीबीआई जांच हो।

**जनता को हेमंत सरकार से अब उम्मीद नहीं :** श्री मरांडी ने कहा कि पिछले दिनों सीएम के करीबियों के यहां छापे पड़े। करोड़ों रुपये मिले। इसके बाद जांच एजेंसियों ने केस करने को लिखा पर कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को हेमंत सरकार से अब उम्मीद नहीं बची। उन्होंने कहा कि वह कैसा दृश्य रहा होगा, जब एक राज्य का मुख्यमंत्री ईडी–सीबीआई के डर से छुप कर दिल्ली से भाग रहे हैं। जो मुख्यमंत्री ईडी, सीबीआई की डर से भागते फिर रहे हैं, वह राज्य की सुरक्षा क्या करेंगे?

**भ्रष्टाचारियों को अंतिम मुकाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे :** बाबूलाल ने कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रही है। भ्रष्टाचारियों को अंतिम मुकाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे। एक दिन सभी चोरों को होटवार जेल जाना ही होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन भी कितना भागेंगे, कब तक भागेंगे? इन्हें एक दिन होटवार में जाना ही पड़ेगा? सीएम स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और भ्रष्टाचारी, दलालों, बिचौलियों के संरक्षक भी हैं। तभी तो इन्होंने ईडी द्वारा भेजे गए पत्र पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। उनपर मुकदमे दर्ज नहीं किए। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड के लिए संकल्पित है। पार्टी की लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जबतक राज्य को भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों से मुक्ति न दिला दें। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को पार्टी अंतिम मुकाम तक पहुंचाएगी।

**न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेसजनों के साथ कांग्रेस भवन में की बैठक**

# कांग्रेस जनों के बीच न्याय यात्रा को लेकर उत्साह : गुलाम अहमद मीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर ईडी के दबिश के कारण झारखंड में मची राजनीतिक उठा-पटक के बीच मंगलवार को कांग्रेस भवन में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर मौजूद थे। बैठक में पूरे कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई तथा यात्रा के विभिन्न चरणों एवं संभावित सभा स्थलों, जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड में राहुल गांधी की न्याय यात्रा कांग्रेस जनों के लिए परीक्षा की घड़ी है। कांग्रेस जनों के बीच न्याय यात्रा को लेकर उत्साह है, परंतु इस यात्रा के असली उद्देश्यों यानी न्याय के पांच स्तंभों को जनता के पास पहुंचना ही यात्रा की सफलता का परिचायक होगा। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कांग्रेसजनों के पास इतिहास रचने का वक्त है। उन्होंने कहा कि झारखंड में न्याय यात्रा की ऐतिहासिक सफलता केंद्र सरकार द्वारा झारखंड की जनता के खिलाफ रचे जा रहे हैं कुचक्रों का मुंह तोड़ जवाब होगा। उन्होंने कहा कि झारखंडी अवाम जूनून की पक्की है और उनके जज्बे को देखकर लग रह है कि यात्रा पूरे झारखंड में झारखंडी रंग में रंगी नजर आयेगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जनों के खून में ही मेहनत और संघर्ष दौड़ता है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि न्याय यात्रा झारखंड में 8 दिनों में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। झारखंड की जनता में जोश है और वह पूरे जज्बे के साथ राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी न्याय यात्रा का झारखंड में इस्तकबाल करेगी।

राजेश ठाकुर ने कहा कि हमें जनता को बताना होगा कि कांग्रेस जनों के संघर्षों के परिणाम और त्याग से झारखंड का निर्माण हुआ है। सत्ता लोलुप केंद्र सरकार झारखंड की लोकतांत्रिक सरकार गिराना चाहती है परंतु न्याय यात्रा की सफलता से उनके नेताओं के मंसूबों की धज्जियां उड़ जाएगी।

विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि यात्रा हमारे गृह जिले और विधानसभा क्षेत्र से झारखंड में प्रवेश करेगी। पूरे पाकुड़ में राहुल जी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल लोगों का ऐतिहासिक स्वागत पाकुड़ की धरती करेगी जो आगे पूरे झारखंड में यात्रा की सफलता के लिए एक नजीर साबित होगा। बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चेतन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, मंत्री बन्ना गुप्ता, ने भी संबोधित किया।

## न्याय यात्रा को लेकर विधायकों संग सर्किट हाउस में हुई बैठक



**रांची।** इसके पूर्व झारखंड प्रवास पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर मंगलवार को सर्किट हाउस में पार्लियामेंट्री कमेटी और पार्लियामेंट्री अफेयर्स कमेटी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की और राहुल गांधी के दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा को झारखंड में सफल बनाने के लिए सारे नेता व कार्यकर्ता जुट जाये। कहा कि झारखंड में यह यात्रा काफी अहम है। कई नेताओं को अहम जिम्मेदारी भी दी गयी है।

### बैठक में ये थे शामिल

प्रदीप तुलस्यान, अनवार अहमद अंसारी, रांजीव रंजन प्रसाद, रवीन्द्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, संजय लाल पासवान, अजय नाथ शाहदेव, मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, जेबा खान, डॉ बिरसा उरांव, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ संजय सिंह, राजेश सिन्हा सन्नी, डॉ कुमार राजा, ईश्वर आंनद, बेलस तिर्की, चंचल चटर्जी, गजेन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन, बबलू शुक्ला, अजहर पप्पु, भानू प्रताप बड़ाईक, सुरेन राम, छोटू सिंह, राखी कौर, प्रिय प्रदर्शनी, गुलजार अहमद, हुसैन खान,शिव कच्छप, सेंकी खान, सुरेन्द्र उरांव आदि शामिल थे।

## कांग्रेस नेता ने अमित शाह का मांगा इस्तीफा

**रांची।** हेमंत सोरेन के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता दीपिका पांडेय सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा मांगा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर अभी मुलाकात की। मीडिया और बीजेपी के मुताबिक, उन्हें झारखंड के मुख्यमंत्री कहीं नहीं मिल रहे हैं। अमित शाह इस्तीफा दो।

## राज्यपाल ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी के साथ राजभवन में बैठक की



**रांची।** दिल्ली स्थित सीएम आवास में सोमवार को ईडी की दबिश के बाद राज्य की मौजूदा स्थिति में ला एंड ऑर्डर समेत अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी लेने और अधिकारियों को दिशा निर्देश देने के लिए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्य सचिव, गृह साचिव, डीजीपी को मंगलवार को राजभवन बुलाया था। राज्यपाल के बुलावे के बाद सभी आला अधिकारी राजभवन पहुंचे थे। इस दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों से वन टू वन बात की और राज्य के विधि व्यवस्था की जानकारी ली। बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव नीतिन मदन कुलकर्मी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष आज आयेंगी रांची

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस कमिटी की पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव सह भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पर्यवेक्षक प्रतिभा रघुवंशी, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, नीतू देवी, उपस्थित हुई। प्रतिभा रघुवंशी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष अलका लांबा 31 जनवरी को झारखंड पहुंच रही है। लोकसभा चुनाव में महिला कांग्रेस की क्या तैयारी है, उसकी रणनीति तय करेंगी।

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।

अविराम ग्रामीण विकास सेवी संस्था कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड फार्मेसी हुटाप चंदवा

मान्यता एंव संबद्धता-RU, JNRC, NPU, JAC, JSPC, JSPCM, PCI, N.C.T.E

उपलब्ध पाठ्यक्रम- B.SC. NURSING, A.N.M, B.E.D $ D.E.L.E.D, D.PHARMACY, OT, D.M.L.T, DRESSER

संपर्क सूत्र- 7782054270/ 8987470640 (आपका- अविराम परिवार)



इंद्रजीत भारती

सचिव अविराम कॉजेल

राष्ट्रीय जनता दल परिवार लातेहार की ओर से 75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।

राजद परिवार लातेहार



राम प्रवेश यादव
राजद जिलाध्यक्ष लातेहार



लक्ष्मण यादव
प्रदेश उपाध्यक्ष

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।

पंकज सिंह

भाजपा जिलाध्यक्ष लातेहार

आईये हमसभी मिलकर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हांथो को मजबूत करें व केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सहभागी बने



75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं।

लाल मोतीनाथ शाहदेव

झामुमो जिलाध्यक्ष लातेहार

आईये हम सभी मिलकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हांथो को मजबूत करें।





75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं





मुनेश्वर उरांव

अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी लातेहार

बलिदानों का सपना जब सच हुआ, देश तभी आजाद हुआ, आज सलाम करे उन वीरों को, जिनकी सहादत से ये भारत गणतंत्र हुआ।

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर खलारी प्रखंड समेत समस्त रांची जिला वासीयों को

हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं

एक शुभचिंतक खलारी



आईये हम सभी खलारी प्रखंड के विकास में सहभागी बने

75 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर चंदवा प्रखंड समेत समस्त लातेहार जिला वासीयों को हार्दिक बाधाई एवं शुभकामनाएं

विशाल उपाध्याय

युवा व्यवसायी चंदवा लातेहार



## स्पीड न्यूज

### जिलाध्यक्ष अमित तिवारी को दी बधाई



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय सिंह भारतीय जनता पार्टी पलामू जिला के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी से मिलकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने कहा कि श्री तिवारी के नेतृत्व में पलामू भाजपा और मजबूत होंगी।

### श्री सर्वेश्वरी समूह ने बांटे कंबल



**मेदिनीनगर।** मंगलवार को श्री सर्वेश्वरी समूह की मेदिनीनगर शाखा ने कुष्ठ निवारण दिवस पर चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत के बारीमन गांव में कंबल बांटा। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह के मानवता सेवा के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि समूह पीडित मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते समर्पण और पूरी निष्ठा भाव से सक्रियता के साथ कार्य करता है। परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने पीड़ित मानवता की सेवा को सबसे बडी पूजा बताया है। मौके पर प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, हरेराम सिंह, अजय बक्सराय, सुधीर सिंह, लाल साहेब, अध्ययन राजवंश, अखिलेश आराध्य समेत कई लोग थे।

### विजय पाठक ने किया अमित का स्वागत



**सतबरवा।** भाजपा सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने पलामू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को फूल गुच्छा देकर स्वागत किया। कहा कि नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से पलामू सहित पूरे प्रदेश में भाजपा और मजबूत होगी। श्री पाठक ने कहा कि बधाई के पात्र हैं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह जिन्होंने दोबारा युवा नेता को पलामू जिला की कमान सौंपी।

### पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता को किया नमन



**हुसैनाबाद, पलामू।** मंगलवार के जपला शहर के हृदय स्थली गांधी चौक पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगो ने उनके पुण्य तिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सद्भावना चौकड़ी के संरक्षक व वरिष्ठ समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खाँ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने हम सभी देशवासियों को सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलकर लक्ष्य हासिल करने की सीख दी। उनके पद चिन्हों पर चलकर ही देश आगे बढ़ेगा। उनके द्वारा बताये गये मार्ग को विश्व के देश अनुकरण कर रहे हैं। मौके पर निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि गांधी जी के सपनों को साकार करने की दायित्व हम सब पर है।

# भाजपा पलामू जिलाध्यक्ष बनने पर अमित तिवारी को बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अमित तिवारी को भजपा के पलामू जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पांकी क्षेत्र के जामुंडीह निवासी अमित ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में 1997 से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। राजनीति में काफी उतार-चढ़ाव के बाद भी वे विद्यार्थी परिषद और पार्टी से जुड़े रहे। एम ए तक शिक्षा प्राप्त अमित ने 2016 में भाजपा में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया। पार्टी ने उनकी योग्यता को देखते हुए वर्ष 2024 में पुनः उन्हें जिलाध्यक्ष मनोनीत किया।



जिलाध्यक्ष बनने पर अमित तिवारी को बधाई देते भाजपा कार्यकर्ता।

**इन्होंने दी बधाई :** उन्हें बधाई देने वालों में प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक आलोक चौरसिया, विधायक शशि भूषण मेहता, विधायक पुष्पा देवी, विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष विजयनंद पाठक, अविनाश वर्मा, विभाकर नारायण पांडे, विजय ओझा, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, श्याम बाबू, सोमेश सिंह, अविनाश सिंह छोटू, सुनील पांडे, पिंकी विश्वकर्मा, मंजू गुप्ता, अनिमेष सिंह, राहुल राज, अभिमन्यु तिवारी, जितेंद्र तिवारी, विजय पाठक, प्रभात तिवारी, कृष्ण मखड़िया, अभय सिंह, स्वेतंग गर्ग, पंकज शर्मा, राजहंस अग्रवाल, शैलेश सिंह एवं कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं।

# देशभर में झारखंड को सीएम हेमंत सोरेन ने किया बदनाम : अमित तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अमित तिवारी, भाजपा नेता।

**मेदिनीनगर।** झारखंड में ठगबंधन सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन ने संवैधानिक पद की गरिमा को तार-तार कर दिया। उनके कृत्य से झारखंड देश में बदनाम हो रहा है। पलामू भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि राज्य के खनन एवं जमीन लूट की जांच कर रही ईडी रांची से लेकर दिल्ली तक हेमंत सोरेन से पूछताछ करने के लिए ढूंढ़ रही है। लेकिन मुख्यमंत्री भागे फिरे चल रहे हैं जो शर्मनाक है। हेमंत सोरेन में थोड़ी भी नैतिकता है तो तुरंत इस्तीफा दें।और जांच एजेंसी ईडी के सवालों का सामना करें। श्री सोरेन के कार्यकलाप से तो लगता है कि राज्य में खनिज लूटखसोट एवं जमीन घोटाले के मास्टरमाइंड स्वयं वही है। इसलिए वह येन-केन प्रकारेण के हथकंडे अपना रहे हैं। ईडी से लुका छुपी का खेल खेल रहे हैं। जो उनके लिए ही आत्मघाती साबित होगा। ऐसा लगता भी है कि भ्रष्टाचारी मुख्यमंत्री के जेल जाने का समय नजदीक आ गया है। इसलिए वह अनर्गल बयानबाजी कर जनता को गुमराह करना चाहते हैं। परंतु झारखंड की जनता सब जानती भी है और सबकुछ समझ भी रही है। श्री तिवारी ने कहा कि जिस तरह का असंवैधानिक आचरण कर रहे हैं उससे राज्य की जनता हतप्रभ एवं घोर निराशा में है। झारखंड की जनता भ्रष्टाचारी सरकार को बर्दाश्त नहीं करेगी और आने वाले समय में हेमंत को सत्ता से बेदखल कर देगी।

### स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया

# कुष्ठ अनुवांशिक रोग नहीं, इसका समुचित इलाज संभव: सिविल सर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर सिविल सर्जन सभागार में कार्यक्रम किया गया। इसमें उपस्थित लोगों ने बापू के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। एवं पलामू जिला से कुष्ठ रोग को समाप्त करने का शपथ लिया। राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस पर पलामू जिले में जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि कुष्ठ माइक्रोबैक्टेरियम लेपरि से होने वाला रोग है। यह अनुवांशिक रोग नहीं है। इस रोग का समुचित इलाज संभव है। पलामू जिला के सभी सरकारी अस्पतालों में इसकी दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। यदि किसी व्यक्ति को कुष्ठ रोग का लक्षण दिखाई देता हो तो वह अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर इलाज करा सकता है। उन्होंने कहा कि यह कोई छुआछूत का रोग नहीं है। कुष्ट रोगी के साथ कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का भेदभाव ना करें।



बैठक में निर्देश देते सिविल सर्जन व उपस्थित अन्य।

समाज में उसे भी रहने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि इसके जागरूकता को लेकर 15 फरवरी तक पलामू जिला में स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी के सेविका सहायिका एवं जेएसएलपीएस के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

सिविल सर्जन ने कहा कि पलामू जिला में पहले के अपेक्षा कुष्ठ रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। मौके पर डीपीएम दीपक कुमार, सुखराम बाबू, डॉक्टर रवि कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# सहोदया के पदाधिकारियों ने डीएवी आई जोन के पदाधिकारी को किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी के प्राचार्य सह सीबीएसई सहोदया के अध्यक्ष डॉ जीएन खान को रांची डी ए वी आई जोन का क्षेत्रिय पदाधिकारी बनाए जाने पर सी बी एस ई सहोदया के सचिव सह रोटरी स्कूल के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय, सहोदया के उपाध्यक्ष सह जीजीपीएस के प्राचार्य पीपी गुप्ता, आई टी सेल सह प्राचार्य ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के राहुल कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ तथा अंग वस्त्र दे कर सम्मनित किया। सहोदया के पदाधिकारियों ने बताया कि पलामू के लिए ये गौरव की बातहै कि डा जी एन खान सर को क्षेत्रिय पदाधिकारी बना कर डी ए वी ने शिक्षा जगत में एक उत्कृष्ट कार्य किया है। इनका व्यक्तित्व ऐसा है जो सभी को एक सूत्र में पिरो कर साथ ले कर चलने वाले हैं। सचिव ने कहा कि डा खान के क्षेत्रिय पदाधिकारी बनाये जाने से अब एक नये ऊर्जा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में विकास होगा।और हम आशानुरूप प्रगति करेंगे और मील का पत्थर साबित होंगे। हम सहोदया की ओर से प्राचार्य सह क्षेत्रिय पदाधिकारी के लिए स्वस्थ, समृद्ध, सुखद और दीर्घायु जीवन की कामना करते है।



डीएवी आई जोन के पदाधिकारी को सम्मानित करते लोग।

# पुरस्कार से बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है: शोभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पड़वा, पलामू।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बढ़काभीठा मध्य विद्यालय एवं कजरी के चंदन नगर न्यु प्राथमिक विद्यालय में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को माइंस के सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने पुरस्कृत किया।

■ हिन्डालको ने किया बच्चों को पुरस्कृत



सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी सरकारी स्कूलों में शिक्षा का बेहतर वातावरण बनाने एवं बच्चों में प्रतियोगिता की भावना जागृत करने ताकि भविष्य में बच्चे बेहतर कर सकें इसी उद्देश्य को लेकर इस तरह के प्रतियोगिता आयोजित करती हैं।

# अभिमन्यु सिंह ने बांटे 4000 कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां एवं तीसी बार कलां में बिश्रामपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अंजू सिंह के प्रतिनिधि समाजसेवी अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने लगभग 4000 कंबल का वितरण किया। कहा कि आज 40 वर्षों से दो लोगों के सहारे क्षेत्र में विकास के नाम पर लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। पूर्व मंत्री सह विधायक ने विकास के नाम पर गरीब असहाय एवं विकास के नाम पर पैसा लूटकर अपना काम किया है। कालेज स्कूल पिटरोल पंप अस्पताल खड़ा किया है। इन्होंने जनता का हक लूटा है। सरकार द्वारा दिया गया जनता का हक अपने निजी संस्थानों में दिया जाता है। वहीं पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे भी लूटने का काम किया है। विकास का सभी पैसा धनबाद और रांची में लगा दिया। विश्रामपुर विधानसभा का विकास 40 साल पहले जहां था आज भी वही है। इन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधान सभा में मात्र एक महिला उम्मीदवार है। जिसका नाम वीरांगना अंजू सिंह है। वही इसका समाधान कर सकती है।



### किशुनपुर ओपी प्रभारी ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ



**पाटन पलामू।** ओपी प्रभारी ने सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। राजकीय कृत हीरानंद लक्ष्मी +2 उवि किशनपुर पाटन में ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा नियम से संबंधित सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि सड़क में चलते समय जेबरा क्रॉसिंग को ध्यान रखें। तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं चंद्रदीप राम, बबली कुमारी, स्मृति राज,भीम राम, विवेक शुक्ला, दीपक हजारी, नृपेंद्र सम्राट, गोविंद कुमार, मनीष कुमार सिंह, आशुतोष कुमार, सोमनाथ महतो, शिवानंद यादव भी थे।

### नये जिलाध्यक्ष अमित तिवारी को दी गयी बधाई



**सतबरवा।** भारतीय जनता पार्टी पलामू के नवनियुक्त अध्यक्ष अमित तिवारी को सतबरवा मंडल भाजपाईयों ने बुके और माला देकर सम्मानित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री तिवारी के जिलाध्यक्ष बनने से पार्टी मजबूती के साथ काम करेगी। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को साधुवाद। मौके पर समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ज्योति सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अशोक यादव, विजय यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### अबुआ आवास में भारी अनियमितता का आरोप



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास में बरती जा रही अनियमितता को लेकर माहौल गरम है। संघ ने आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम सभा में पारित सूची से जियो टैग नहीं किया जा रहा है जिसमें आवास कॉर्डिनेटर की भारी लापरवाही का भी आरोप लगाया है। मंगलवार को सभी छः पंचायतों के मुखिया और प्रमुख प्रतिनिधि ने बीडीओ से मुलाकात कर अपनी बातों को रखा। कहा कि ग्राम सभा में पारित सूची के अनुसार योग्य लाभुकों का ही जियो टैग करवायें अन्यथा हम सभी मुखिया, उंटारी रोड जिला पार्षद, पंचायत समिति और ग्रामीणों के साथ सात फरवरी को प्राखंड मुख्यालय पर ही शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे।

### ओबीसी को हर क्षेत्र में मिले समुचित भागीदारी: ब्रह्मदेव



**विश्रामपुर (पलामू)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा मंगलवार को विश्रामपुर प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में घूमा.इस दौरान ओबीसी वर्ग के लोगों को आगामी 11 फरवरी को मेदिनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। इस क्रम में लालगढ़ पंचायत मुख्यालय में नुक्कड़ सभा भी की गयी। मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आबादी के अनुसार ओबीसी समाज को हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी मिले।

### विश्वकर्मा समाज का बैठक सह वनभोज

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज पलामू कमिटी के द्वारा अमानत नदी के तट पर बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी बैठक में आगामी चार फरवरी को समाज के पलामू जिला कमिटी के गठन का निर्णय लिया गया। चार फरवरी को समाज का नया अध्यक्ष चुना जायेगा। बैठक में समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा (पलामू), सुरेंद्र विश्वकर्मा गढ़वा, निर्वतमान वर्तमान जिला अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा महासचिव लव विश्वकर्मा ने भाग लिया।

# धूमधाम से मना विद्या विहार वाटिका का 24वां वार्षिकोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**छत्तरपुर पलामू।** विद्या विहार वाटिका विद्यालय लठेया छतरपुर में रजत वर्ष शुभारंभ समारोह 24वां वार्षिकोत्सव मनाया। मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, विद्या विहार वाटिका के संचालक डॉ रामरेश यादव, सुरेन्द्र सिह एवं अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रभु श्री राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने गीत संगीत एवं झांकियां एक से बढ़कर एक प्रस्तुत की। बच्चों के कार्यक्रम ने लोगों को खूब प्रभावित किया। भाजपा नेता विनोद सिंह ने कहा कि आज की दौड़ में शिक्षा बहुत जरूरी है और आप सभी अभिभावकों से अनुरोध होगा कि अपने बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल जरूर भेजें।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण

# पीएम से इस विषय पर चर्चा बड़े ही सौभाग्य की बात है : प्राचार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में कक्षा दसवीं व बारहवीं के छात्रों हेतु भयरहित परीक्षा व बेहतर परिणाम के लिए परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण किया गया। यह प्रसारण दिल्ली में प्रगति मैदान के समीप भारत मंडपम से हुआ। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण ऑक्सफोर्ड स्कूल में विद्यार्थियों के लाभ हेतु किया गया। विद्यालय के कंप्यूटर, भौतिक एवं जीव विज्ञान लैब में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के लगभग पांच सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसे विद्यार्थियों ने सुना।



इसके तहत विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि पीएम अपना अमूल्य समय निकाल कर इस विषय पर चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सब भारतवासी व परीक्षार्थियों के लिए अभिमान का विषय है। इससे पूर्व किसी प्रधानमंत्री ने परीक्षा से संबंधित विषय पर चर्चा नहीं की। उन्होंने कहा कि परीक्षा पे चर्चा 2024 में शामिल होने के लिए देशभर से लाखों विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया।



### सांसद के निर्देश पर अस्पताल पहुंचे प्रतिनिधि

**मेदिनीनगर।** 25 दिनों से मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती मंटु उरांव के बारे में सांसद को जानकारी मिलते ही उनके निर्देश पर प्रतिनिधि विजय ओझा अस्पताल पहुंच मरीज से मिले। मालूम हो कि छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के हुलसुम के मंटु का पैर टूट गया है। उसके पैर में डबल प्लेट लगना है। लेकिन अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि प्लेट लगाने की व्यवस्था अस्पताल में नहीं है। सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा ने कहा कि व्यवस्था नहीं रहना गंभीर बात है। इसे लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाये जायेंगे।

# बीडीओ सौरव कुमार ने संभाला पदभार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़, पलामू।** अनुसूचित जाति-जनजाति बाहुल रामगढ़ प्रखंड के 13वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में सौरव कुमार ने मंगलवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश भास्कर से प्रभार लिया। प्रभार लेने के बाद नये बीडीओ ने सभी कर्मियो से परिचय प्राप्त किया और बेहतर तरीके से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त किया।

बता दें कि पिछले दो महीने से रामगढ़ प्रखंड में बीडीओ का पद प्रभार में चल रहा था। चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश भास्कर प्रभार में थे। दो महीने पहले बीडीओ पार्थ नंदन का ट्रांसफर हुआ था। पिछले 17 जनवरी को झारखंड सरकार ने एक साथ कई प्रखंडों के बीडीओ की ट्रांसफर पोस्टिंग की थी। जिसमें देवघर से सौरव कुमार को स्थानांतरित करते हुए रामगढ़ का प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया। कार्यभार संभालने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि रामगढ़ का इलाका अभावग्रस्त रहा है।

इन इलाकों में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतार कर गांव के अंतिम व्यक्ति को लाभांवित किया जायेगा। साथ ही बेहतर एवं पारदर्शी प्रशासन देने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रखंडकर्मियों से समन्वय बनाकर कार्य किया जायेगा। बीडीओ ने आम लोगों से भी सहयोग करने की अपील की। मौके पर प्रखंड एवं अंचल के कई कर्मी मौजूद थे।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची
संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची- 834008
e.mail- daoranchi1@gmail.com

**"अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना"**

**प्रमण्डल स्तरीय मेला –सह– प्रदर्शनी/कार्यशाला हेतु टेन्ट निमार्ण, प्रकाश एवं ध्वनि हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचनाः–**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग अंतर्गत कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, राँची द्वारा प्रमण्डल स्तरीय मेला –सह– प्रदर्शनी/कार्यशाला के आयोजन दिनांक 10.02.2024 को किया जाना है। उक्त कार्य हेतु मुख्य अतिथिओं हेतु स्टेज का निर्माण तथा किसानों के बैठने हेतु कुर्सी तथा टेन्ट निमार्ण के साथ साथ प्रकाश एवं ध्वनि का भी आयोजन किया जाना है, उक्त कार्य हेतु योग्य एवं अनुभवी फर्मो/संस्थानों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः उपरोक्त कार्य हेतु अनुभवी एवं इच्छुक फर्म/संस्थान दिनांक 07.02.2024 अपराहण 1:00 बजे तक कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, संयुक्त कृषि कार्यालय, कृषि भवन परिसर, कांके रोड, राँची–834008 में निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त निविदा का निष्पादन दिनांक 07.02.2024 को अपराहण 3:00 बजे किया जायेगा। निविदा से संबंधित सभी विस्तृत जानकारी कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, के सूचना पट्ट/वेबसाईट www.atmaranchi.in से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा को किसी भी समय रद्द/आवश्यक संशोधन करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

PR 317376 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (23-24)_D
जिला कृषि पदाधिकारी राँची

**झारखण्ड सरकार**
**लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
दूरभाष सं.. 06546–298028, 263408,
e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

**ई0–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, चीनी, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0–निविदा का आमंत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा(दिनांक–01.01.2024 से 31.03.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–16.02.2024 से 23.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–16.02.2024 से 23.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि–24.02.2024 से 25.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500 /–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तथि–24.02.2024 से 25.02.2024 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तथि–26.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

1. उपरोक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, हजारीबाग के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग

PR 317305 Prison(23-24)#D

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा स्थित तालडांगा हाउसिंग कालोनी में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के (केन्द्रीय) अध्यक्ष सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेश चंद्र झा के आवासीय कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर सुरेश चंद्र झा, मो अमिरूल्लाह, शशि भूषण नाथ तिवारी, गैरूल हसन, निशिकांत मिश्रा, जीतेन्द्र मिश्रा,मंतोष यादव, महादेव मिश्र, विनय कुमार सिंह, बिरजू सिंह, जेके निराला, परमानन्द सिंह, भोला दास, श्यामा कांत मिश्रा आदि थे।

### पिकलबॉल चैंपियनशिप में झारखंड का बेहतर प्रदर्शन

**धनबाद/पटना।** झारखंड पिकलबॉल संघ के उपाध्यक्ष बी. सुधीर ने बताया कि पटना में सेकंड ईस्ट जोन पिकलबॉल चैंपियनशिप संपन्न हुआ ।इस चैम्पियनशिप में अंडर 19 गर्ल्स में झारखंड की प्रचित वर्मा ने कांस्य पदक जीत कर सफलता प्राप्त किया ।इस प्रतियोगिता में बिहार, सिक्किम, झारखंड, छत्तीसगढ़, उडिसा, उत्तर प्रदेश और नेपाल( अतिथि)की टीम के 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।झारखंड पिकलबॉल संघ के सचिव प्रभात कुमार, उपाध्यक्ष बी.सुधीर ने झारखंड की पिकलबॉल टीम का नेतृत्व कर प्रतियोगिता में भागीदारी किया।

# बोकारो आइजी ने किया हर्ल सिंदरी कारखाने का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड का उद्घाटन प्रधानमंत्री के हाँथों से होगा। इसको लेकर जिला प्रशासन लगातार हर्ल सिंदरी का दौरा कर रहा है। हालांकि सूत्रों के अनुसार पीएम का 4 फरवरी का धनबाद दौरा रद्द माना जा रहा है। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि पीएम अगले दस दिनों में धनबाद आएँगे और प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी करेंगे। पीएम के हर्ल हैलीपेड पर उतरकर प्रोजेक्ट का उद्घाटन और हर्ल के अंदर बने सभा स्थल पर हर्ल कर्मचारियों से मुलाकात और संबोधन को लेकर मंगलवार की सुबह धनबाद उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने हर्ल सिंदरी का दौरा किया। वहीं बोकारो जोन के आइजी माइकल एस राज, इसी रेंज के डीआईजी सुरेंद्र झा ने हर्ल हैलीपैड का निरीक्षण मंगलवार की शाम को किया। इसके साथ ही उन्होंने हर्ल प्रोजेक्ट के सीसीआर में बने उद्घाटन स्थल और कुछ दूरी पर बने सभा स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, एच आर हेड संत सिंह ने स्थलों की विशेषताओं से पुलिस अधिकारियों को अवगत करवाया। बोकारो जोन आइजी माइकल एस राज ने बताया कि पीएम के संभावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के लिए जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी दस दिनों में उनके हर्ल सिंदरी आने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि उन्होंने कोई स्पष्ट तिथि नहीं बताई।

इस दौरान एसएसपी धनबाद हृदय पी जनार्दन, सिटी एसपी अजित कुमार और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिंदरी एसडीपीओ अभिषेक कुमार, ट्रैफिक डीएसपी, बलियापुर थाना प्रभारी, सिंदरी एसआई आदर्श कुमार सहित हर्ल के मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी कर्नल एस के मिश्रा, सुरक्षा अधिकारी अरुणा उदगत्ता मौजूद रहे।

### मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधा को लेकर बैठक

**कुमारधुबी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी एगयारकुंड विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त प्राथमिक /उत्क्रमित/ मध्य/ उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापकों के साथ मतदान केंद्र पर बुनियादी सुविधा के निमित्त मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई ।वही बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मूलभूत बुनियादी सुविधाएं यथा प्रकाश, फर्नीचर ,शौचालय ,रैंप, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें ताकि मतदान कर्मियों को किसी भी प्रकार की असुविधा मतदान के दौरान नहीं हो।

## बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों की कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आरबीआई रांची कार्यालय द्वारा धनबाद जिले में कार्यरत विभिन्न बैंकों के एमएसएमई शाखाओं के अधिकारियों के क्षमता निर्माण हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आरबीआई झारखंड के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने देश के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन में एमएसएमई के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एमएसएमई उद्यमिता को बढ़ावा देता है और रोजगार के बड़े अवसर का निर्माण करता है। एमएसएमई ग्रामीण क्षेत्रों में प्रच्छन्न बेरोजगारी की समस्या कम करने में सहायक हैं एवं सहायक इकाइयों के रूप में बड़े उद्योगों के पूरक भी हैं और द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र के पूरी पारिस्थितकी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे श्री सिंह ने यह भी कहा कि एमएसएमई क्षेत्र द्वारा अर्थव्यवस्था में उत्तरोत्तर महत्वपूर्ण योगदान हेतु भौतिक बुनियादी ढाँचागत बाधाओं, प्रौद्योगिकी अपनाने में विलंब, क्षमता निर्माण, आपूर्तिकर्ता और ग्राहक के बीच की कड़ी, ऋण और जोखिम पूँजी तक पहुँच की कमी, और इनके साथ-साथ देरी से भुगतान जैसी चुनौतियों से सक्षम रूप से निबटना जरूरी है। इसलिए उन्होने बैंककर्मियों को उद्यमियों के प्रति संवेदनशील होने एवं एमएसएमई इकाइयों के जीवन चक्र को समझने और उन्हें समय पर समुचित ऋण देने को कहा। इसके अलावे उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बैंकों से अनुरोध किया गया कि इन योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें एवं लाभार्थियों को

## डीपीएस चास के आशुतोष और अमन पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास के दो छात्रों आशुतोष प्रसाद और अमन महतो को दिल्ली में आयोजित वीर गाथा 3.0 प्रोजेक्ट कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पदक प्रशस्ति पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया। बता दें कि राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग हेतु 100 विद्यार्थियों में डीपीएस चास के दो बच्चों का चयन किया गया था। अमन महतो ने कैटेगरी 6-8 में ह्लस्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी विद्रोह की भूमिकाह्व विषय पर पेंटिंग बनाई थी। वहीं आशुतोष प्रसाद ने कैटेगरी 11-12 में ह्लरानी लक्ष्मी बाई मेरे सपने में आईं, वह चाहती थीं कि मैं अपने देश की सेवा करूंह्व विषय पर पेंटिंग बनाई थी। डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि डीपीएस चास विद्यार्थियों को न सिर्फ शैक्षणिक बल्कि सर्वांगीण विकास व सभी गतिविधियों में भी उन्हें सक्षम बनाता है। दोनों छात्रों की उपलब्धि पर प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन डायरेक्टर डॉ नवीन शर्मा कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे डीन एकेडमिक जोस थॉमस डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल ने दोनों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## बोकारो कोलियरी के ओवरमैन विजय सिंह को दी गई विदाई

**बेरमो।** सीसीएल के बीएंडके प्रक्षेत्र के बोकारो कोलियरी की ओर से मंगलवार को फुसरो स्थित सैफरन रेस्टोरेंट मे इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह वरिष्ठ ओवरमैन विजय कुमार सिंह को अधिकारी - कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने खुशनुमा माहौल में विदाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। पीओ अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक व्यवहारिक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को एक दिन गुजरना पड़ता है। कामगारों की मेहनत के बल पर ही आज कोल इंडिया इस मुकाम तक पहुंचा है। कोल इंडिया परिवार हमेशा अपने मजदूरों के साथ खड़ा रहा है। कामगारों को रिटायरमेंट के बाद अपने भविष्य के लिए सुरक्षित धनराशि रखनी चाहिए। इस अवसर पर विजय कुमार सिंह ने कहा कि मैं सीसीएल से अपने दायित्वों से निवृत हो रहा हूं। इस दौरान साथियों, अधिकारियों से जो स्नेह व प्यार मिला मैं उसे जीवनभर भुला नहीं सकता। कार्य अवधि के दौरान यदि किसी साथी को मेरे व्यवहार से ठेस लगी होगी तो मैं उनसे क्षमा मांगते है। मौके पर ब्लास्टिंग आफिसर संजय सिंह के अलावे इनमोसा के अनिल सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए गांधीजी के रास्ते पर चलना होगा : दीप नारायण



**कतरास।** मंगलवार को श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्य तिथि मनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुरूआत महात्मा गांधी जी के फोटो पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि ग्राम स्वराज की स्थापना और भ्रष्टाचार से मुक्त के लिए गांधी के रास्ते चलना होगा। श्री सिंह ने कहा कि गांधी जी अहिंसा के रास्ते चल कर देश को आजादी दिलाई। आज इनके पुण्य तिथि के अवसर पर हम भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए शपथ लें। इस अवसर पर जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ धनबाद जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ धनबाद जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जमशेद अंसारी, राजेश शर्मा, शब्बीर अंसारी, सुभाष सिंह आदि मौजूद हुए।

### गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता को दी पुष्पांजलि



**धनबाद।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री कमलाकांत गुप्ता ने गांधी सेवा सदन में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उन्होंने कहा राष्ट्रपिता के विचार आज भी हमें आगे बढ़ने और कुछ अच्छा करने की प्रेरणा देते हैं। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। देश को आजाद करने में उनके अतुल्य योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मौके पर पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, कार्यपालक दंडाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, बीयाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, गोपाल जी व अन्य मौजूद थे।

### शपथ पत्र



1. अभिषेक कुमार गिरि (बच्चे का नाम) आपके विद्यालय में पढ़ता है और प्रवेश के समय, बच्चे की जन्म तिथि 24-12-2009 गलती से अंकित हो गई थी
2. हमने अब 24-12-2009 के रिकॉर्ड में हुई गलती को सुधार लिया है और समर्थन में हमने जन्म प्रमाण पत्र संख्या 12 की एक प्रति प्रदान की है जिसे 05-07-2008 को अद्यतन किया गया था यह सही तिथि है।
3. पंचायत सेवक (जारीकर्ता अधिकारी) ने भी 05-07-2008 को अपने लिखित आदेश (सही जन्मतिथि जारी करने की तिथि) द्वारा इसे मंजूरी दे दी है।
4. यह कथन हमारी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है और कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दिया गया बयान गलत या गलत पाया गया तो हम स्कूल की पहचान करेंगे।

हम उपरोक्त सामग्री का सत्यापन करते हैं, जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है।

**अजीत कुमार गिरी पिता**
**शपथ पत्र कर्ता**

### शपथ पत्र



नॉटरी पब्लिक, बेरमो मु. तेनुघाट। मैं धनज्जय महतो पिता- स्व. ठाकुर महतो, उम्र लगभग 20 वर्ष, निवास ग्राम- चपरी, पोस्ट- चपरी, थाना-नावाडीह, जिला- बोकारो झारखंड, शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि
1-यह कि मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।
2-यह कि मैं ग्राम चपरी (चिपरी), पोस्ट-चपरी, थाना-नावाडीह, जिला-बोकारो झारखंड का निवासी हूं।
3- यह कि मेरा आधार कार्ड नं.- 6610 3783 2709 है, जिसमें मेरा नाम धनज्जय महतो है।
4- यह कि इसके पूर्व आधार कार्ड नं.- 6610 3783 2709 में ही मेरा नाम धनज्जय कुमार महतो पिता- ठाकुर महतो दर्ज है। जिसमें अपना नाम सुधार कर मैं धनज्जय महतो किया हूं।
5-यह कि मैं अब नये आधार कार्ड नं.- 6610 3783 2709 में जिक्र नाम धनज्जय महतो का प्रयोग अब मैं सभी संस्थानों में सरकारी गैर सरकारी कार्यों में करुंगा तथा मुझे धनज्जय महतो के नाम से जाना जाएगा।
6-यह कि मैं यह शपथ पत्र मैं अपना नाम धनज्जय महतो जानने से संबंधित है।

**सत्यापन**
मैं धनज्जय महतो यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सभी तथ्य सही सत्य एवं दुरुस्त है। बयान पढ़ कर देख लिया वो समझ कर तथा ठीक लिखा पाकर आज 25.01.2024 को अपना हस्ताक्षर/अंगूठा का निशान बनाया।

## हिजला में संतालों के पूजा स्थल का पक्कीकरण की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** राजकीय जनजातीय हिजला मेला महोत्सव को लेकर दिसोम मरांग बुरु संताली अरिचली आर लेगचर अखड़ा और ग्रामीणों ने दिसोम मरांग बुरु थानए हिजला में मंगलवार को बैठक किया। बैठक के पूर्व सभी ने दिसोम मरांग बुरु थान ;मेला परिसर में स्थित संतालों का पूज्य स्थलद्ध में पूजा अर्चना किया। बैठक कर ग्रामीणों ने झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेनए सीएम हेमंत सोरेनए विधायक बसंत सोरेन और प्रशासन को दिसोम मरांग बुरु थान के पक्कीकरण के पहल पर आभार व्यक्त करते हुए पक्कीकरण का कार्य शुरू किए एक वर्ष से भी अधिक समय हो गया। लेकिन अब तक दिसोम मरांग बुरु थान का पक्कीकरण पूरा नही करने एवं आधा अधूरा छोड़ने पर नाराजगी जाहिर की। चारो ओर स्टील ग्रीलए गेटए बिजलीए रंग रोगनए कई जगह मार्बल टाइल आदि अब तक नही लगाने पर ग्रामीणों ने क्षोभ प्रकट किया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि अबुआ दिसोम अबुआ राज है उसके बाद भी संताल आदिवासियों का पूज्य स्थल दिसोम मरांग बुरु थान का पक्कीकरण का पूरा नही होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि संताल आदिवासियों का मान्यता है कि दिसोम मरांग बुरु थान के कारण ही हिजला मेला महोत्सव का शुरूवात कई सौ वर्षों पहले शुरू हुआ था। दिसोम मरांग बुरु थान के नायकीए पुजारी राजेन्द्र बास्की ने कहा कि पिछले वर्ष उन्हें पूरा सम्मान राशि मेला समिति ने भुगतान नही किया गया है। नायकी और ग्रामीणों बकाया प्रोत्साहन राशि और वर्तमान सम्मान राशि अग्रिम में देने का मांग किया है। ताकि मेला के लिये पूजा.अर्चना ठीक से विधिवत किया जा सके। हिजला मेला में स्वंयसेवको ने बताया कि पिछले वर्ष का सम्मानित राशि अब तक बकाया है। ग्रामीणों ने जल्द बकाया भुगतान का मांग किया है। ग्रामीणों ने दिसोम मरांग बुरु थान का नाम संताली; ओलचिकी और देवनागरी से बैनर लिखे जाने और मुख्य तोरोन द्वार भी संताली में लिखे जाने का मांग किया है।

**मौके पर थे मौजूद**
मौके में लाल हंसदा परदीप हंसदा नन्दलाल सोरेन झारखंड मारण्डी दिलीप सोरेन ओपिसर हंसदा अर्जुन हंसदा श्रीजॉल हंसदा रामेश्वर हंसदा सानिलाल हंसदा सुनिराम हंसदा अजीत मारंडी अशोक टुडू अजीत हंसदा प्रेम हंसदा सोम हंसदा सोम हंसदा देवी सोरेन प्रधान मांझी बाबा सुनीलाल हांसदा मून बस्की मनोज हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

### शहीदों के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**कुमारधुबी।** एगयारकुंड प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार नेतृत्व में महात्मा गांधी के सम्मान में शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज सुबह 2 मिनट का मौन भी रखा गया व उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी के बलिदान की याद में एवं उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 30 जनवरी का दिन शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि किसी भी देश को शक्तिशाली व विकासशील होने के लिए उस देश की राष्ट्रीय एकता का होना बहुत जरूरी है।

## डीडीसी व अन्य अधिकारियों ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहीद दिवस के अवसर पर भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में आज सुबह 11 बजे समाहरणालय में उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कार्यपालक दंडाधिकारी श्री प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त कार्यालय के कार्यालय अधीक्षक श्री ओम प्रकाश सिंह, सामान्य शाखा के असलम परवेज, आलोक झा, सविता हलदर, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा, स्थापना विभाग के शौकत अंसारी, राजस्व विभाग के कार्यालय अधीक्षक एम.एस. तनवीर, मोहम्मद सोहराब, भू-अर्जन विभाग के महेंद्र पाल साव सहित बड़ी संख्या में विभिन्न शाख के कर्मी मौजूद थे।

### बापू को दी श्रद्धांजलि

**गोड्डा।** मंगलवार को महागामा प्रखंड परिसर स्थित सद्भावना स्थल में बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर सीओ डॉक्टर खगेन महतो ने कहा कि कहा की गांधी महामानव थे। उनके आदर्शों को अपनाकर ही विश्वकल्याण संभव है। वहीं प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है की अहिंसा के पुजारी की हत्या हिंसा से हुई।

## भाजपा का गांव चलो अभियान को लेकर बैठक

**पार्टी की विचारधारा का किया जाएगा प्रचार**

खबर मन्त्र संवाददाता



सिंदरी। भाजपा सिंदरी नगर कमेटी की रोहड़ाबाँध कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के गाँव चलो अभियान को लेकर सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता संतलाल प्रमाणिक रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के दिशानिर्देश पर भाजपा के कार्यकर्ता 11 लाख गाँवों में प्रवास कर पार्टी के विचारधारा को फैलाने का कार्य करेंगे। नगर अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह सिन्दरी प्रभारी घनश्याम ग्रोवर को प्रदेश नेतृत्व ने धनबाद जिला ग्रामीण का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। उसके लिए प्रदेश नेतृत्व एवं घनश्याम ग्रोवर को सिन्दरी नगर की तरफ से बहुत बहुत बधाई देता हूँ। सिन्दरी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता गाँवों में 24 घण्टे के लिए प्रवास करेंगे और वहाँ उन्हें 16 सूत्री कार्य करने हैं। इसमें वहाँ दीवाल पर एक बार फिर से मोदी सरकार लिखना है। पीएम के 11 फरवरी के धनबाद में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी पर भी विशेष ध्यान देने को जरूरत है। बैठक में मुख्यरूप से वरिष्ठ नेता दिनेश सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुमन चौधरी, रंजना शर्मा, रविश्वर मरांडी, समीर बाउरी, शांतिराम हेम्ब्रम, गणपति बाउरी, संजय महतो, राघव तिवारी, इंदुबाला, ज्ञानमोहन सिंह, कुमार राजेश, सुशांत महतो, नकुल सिंह, प्रदीप हांडी, इंद्रजीत सिंह, रविकांत शर्मा, अमरेंद्र सिंह, संदीप पांडेय, सूरज हेम्ब्रम, सुनील शर्मा, रमेश कुमार साव, बीरेंद्र प्रसाद इत्यादि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस देखकर लौटे शिक्षक का विद्यालय परिवार ने किया स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथए नई दिल्ली में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर वापस लौटने पर विद्यालय परिवार द्वारा फूल माला से शिक्षक डॉ सपन कुमार का भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश के दुमका जिला के जरमुंडी प्रखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्र में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरथर के शिक्षक डॉ सपन कुमार को देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के सामने वीआईपी गैलरी में विशिष्ट अतिथि के रूप में बैठकर गणतंत्र दिवस परेड देखने का मौका मिला। तीन दिनों तक अलग.अलग गतिविधियों में शामिल रहे सपन का हर पल बहुत ही खास रहा। ब्लैक बोर्ड मॉडल के जनक शिक्षक डॉ सपन कुमार ने कहा कि दिल्ली में मिले सम्मान को शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह कोई सपना दिन में खुली आंख से देखते हुए पूरा होने के समान था। गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उनको वीआईपी गैलरी में अपने परिवार के साथ प्रधानमंत्री एवम् राष्ट्रपति के सामने वाली गैलरी में बैठकर पैरेड देखने का मौका मिला ।यह उनके लिए एक.एक क्षण काफी खास रहा। साथ ही प्रधानमंत्री संग्रहालय का भ्रमण करने के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने आवास पर विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया एवं दिन का भोजन साथ में किया। इस दौरान डॉ सपन कुमार ने कठिन क्षेत्र में शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास के बारे में विस्तार से केन्द्रीय मंत्री को बताया। उन्होंने कहा कि देश के दुर्गम क्षेत्र में कार्य करने का इससे बड़ा उपहार कुछ नहीं हो सकता है। नारी शक्ति को समर्पित 75वां गणतंत्र दिवस के मौके पर देश के तीनों सेना का पैरेडएविकासए संस्कृति की झांकियां को देखकर गर्व महसूस हुआ। डॉ सपन कुमार ने कहा कि कर्तव्य पथ पर देखें गए एक एक गतिविधियों को अपने विद्यार्थियों के साथ साझा कर उन्हें देश की प्रगति देश की संस्कृति के बारे में अवगत कराएंगे। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यालय पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर अध्यक्ष रामविलास मुर्मू ने कहा कि यह झारखंड एवं दुमका जिला के लिए गर्व की बात है।

# कर्पूरी ठाकुर के स्वर्ण जयंती पर मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुडा राष्ट्रीय नाई महासभा निरसा विधानसभा द्वारा चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित टाउन हाल में जननायक कर्पूरी ठाकुर के स्वर्ण जन्म जयंती समारोह के शुभ अवसर पर मंगलवार को सामाजिक समागम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता व महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सीके ठाकुर मौजूद थे। समाज के लोगों ने फुल का माला पहनाकर विधायक का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत जननायक कर्पूरी ठाकुर के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उसके बाद समाज के बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि भाजपा हर किसी का सम्मान करना जानती है। आज तक कर्पूरी ठाकुर को किसी ने उनका स्थान नही दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न से नवाजा है। हम आज के दिन यही कामना करते है कि सभी संगठित और शिक्षित हो तथा कर्पूरी जी के सपनो को पूरा करें।

**मौके पर ये लोग थे मौजूद**
मौके पर राष्ट्रीय नाई महासभा के ललित कुमार,संजय कुमार, राघव ठाकुर, रिसी ठाकुर, अमोद ठाकुर, वचन ठाकुर, टुनटुन ठाकुर, राजेश ठाकुर,अनिल ठाकुर, रणधीर ठाकुर, दिनेश ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर, पंकज ठाकुर, पिण्टू ठाकुर, एतवारी ठाकुर, अशोक ठाकुर, डॉ रवि ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, दिलीप प्रमाणिक, भोला ठाकुर, दिलीप ठाकुर के अलावे डबलू बाउरी, रंजित गुप्ता आदि थे।

# समुद्री डाकूओं से रक्षा

भारतीय नौसेना युद्धपोत सुमित्रा ने एफवी इमान पर समुद्री डकैती के दुस्साहस को विफल करते हुए, सोमालिया के पूर्वी तट पर एक और सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान को अंजाम दिया है। इस अभियान में मछली पकड़ने वाले जहाज अल नईमी और उसके चालक दल (19 पाकिस्तानी नागरिक) को 11 सोमाली समुद्री डाकुओं से बचाया गया है। भारतीय नौसेना के स्वदेशी अपतटीय गश्ती युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा को सोमालिया के पूर्व और अदन की खाड़ी में समुद्री डकैती रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है। इस युद्धपोत ने 28 जनवरी 2024 को एक ईरानी ध्वजवावाहक मछली पकड़ने वाले जहाज (एफवी) इमान के अपहरण से जुड़ा एक संकट संदेश मिला था, जिसके मुताबिक इस जहाज के चालक दल को समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था। आईएनएस सुमित्रा ने एसओपी का पालन करते हुए एफवी को रोका और जहाज पर मौजूद चालक दल (17 ईरानी नागरिकों) को 29 जनवरी 2024 की सुवह सुरक्षित बचा लिया गया। एफवी इमान को पूरी तरह से स्वच्छ करने के बाद आगे की यात्रा पर रवाना कर गया है। एक अन्य ईरानी ध्वजवाहक मछली पकड़ने वाले जहाज अल नईमी को खोजने और उसे सुरक्षित बचाने के लिए आईएनएस सुमित्रा ने फिर से कार्रवाई शुरू की। इस जहाज और इसके चालक दल (19 पाकिस्तानी नागरिक) को भी समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था । आईएनएस सुमित्रा ने 36 घंटे से भी कम समय में, त्वरित, निरंतर और अथक प्रयासो के माध्यम से कोच्चि से लगभग 850 एनएम पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में 36 चालक दल (17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी) के साथ दो अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाजों को बचाया। जल सेना ने खतरों के खिलाफ कार्रवाई करने में एक बार फिर से अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है।

# चीनी सीमा पर नजर

अब चाहे थल सीमा हो या समुद्री सीमा, चीन की कोशिश लगातार छोटे देशों को दबाने की होती है। इसी तरह वह भारत की सीमा पर अतिक्रमण करके सामरिक बढ़त लेने की फिराक में रहता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत किसी भी उकसावे का सावधानीपूर्वक, लेकिन दृढ़ता से चीन को जवाब दे। यहां उल्लेखनीय है कि भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से दो टूक शब्दों में कह दिया है कि जब तक सीमा पर कोई मान्य समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक दोनों देशों के बीच अन्य संबंधों को सामान्य रूप से आगे बढ़ाने की कोई गुंजाइश नहीं रहती है। यदि चीन भारत के साथ सामान्य आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने की उम्मीद करता है तो पहले सीमा पर स्थिति सामान्य होनी चाहिए। देखा जाए तो इस तरह वास्तविक नियंत्रण रेखा के विवादों के समाधान व द्विपक्षीय संबंधों को पटरी पर लाने का मार्ग प्रशस्त करने की जिम्मेदारी बीजिंग पर ही है। बहरहाल, यह उचित ही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के चलते सीमा पर होने वाले टकराव और उस बाबत चलाए गए अभियानों की गोपनीयता बनी रहे। लेकिन एक बात तो तय है कि जून 2020 के गलवान संघर्ष के बाद हाल के वर्षों में सीमा पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव में किसी तरह की कमी नहीं आई है। पिछले साल, पेंटागन की एक रिपोर्ट में भी इस बात का दावा भी किया गया था कि चीन एलएसी पर तनाव को बढ़ाने वाली हरकतों को अंजाम दे रहा है। वर्ष 2022 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर डोकलाम के निकट चीन ने भूमिगत भंडारण सुविधाएं स्थापित की हैं। वहीं दूसरी ओर चीनी सेना की आवाजाही को गतिशील बनाने के लिये पैंगोंग झील पर दूसरा पुल बनाया गया है। भारत को भी चीन से लगी सीमा की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

# पहाड़ पर पर्यावरणीय संकट मानव जनित है?



पहाड़ पर पर्यावरणीय संकट

उत्तराखंड के चमोली में स्थित ज्योतिर्मठ या जोशीमठ को बद्रीनाथ भगवान की शीतकालीन गद्दी भी कहा जाता है ।सर्दियों में बद्री विशाल की मूर्ति को जोशीमठ के वासुदेव मंदिर में ही रखा जाता है। आदि शंकराचार्य द्वारा यहां पहला ज्योतिर्मठ स्थापित किया गया था। कहां जाता है कि प्रहलाद ने भगवान नरसिंह के गुस्से को शांत करने के लिए यहां महालक्ष्मी के कहने पर तप किया था। जोशीमठ वो स्वर्गद्वार भी कहा जाता है । ऐसी मानयता है कि पांडव इसी रास्ते से स्वर्ग गए थे।इसके बाद फूलों की घाटी शुरू हो जाती है।

लगातार जमीन धंसने की घटनाओं के मद्देनजर जोशीमठ को सिंकिंग जॉन (धंसता क्षेत्र) घोषित किया गया है राष्ट्रीय भूभौतिक अनुसंधान संस्थान( एनजीआरआई ) के विशेषज्ञों की टीम जोशीमठ पहुंच रही है ।

जमीन धंसने की मुख्य वजह यह बताई जाती हैं :

पहला, जोशीमठ पूरी तरह से लैंड स्लाइड के मलवे पर बसा हुआ है । ऐसे में यहां अत्यधिक निर्माण करना खतरे से खाली नहीं था लेकिन पर्यटकों को लुभाने के लिए और भूमाफियाओं द्वारा बेतरतीब निर्माण किए गए।

1939 में एक किताब सेंट्रल हिमालया जियो लॉजिकल ऑब्जरवेशन ऑफ द स्विस एकसपेडिशन में इसके लेखक प्रोफेसर अर्नोल्ड हेम और प्रोफेसर आगस्टो गैंस ने चेतावनी दी थी कि यह पूरी तरह पहाड़ों के मलबे पर बसा हुआ है।

दूसरा, सूरंग खोदने वाली मशीन से प्राकृतिक जल भंडार को नुकसान हुआ ।इससे इलाके के कई झरने और पानी के सोते सुख चुके हैं। जिस पहाड़ पर जोशीमठ बसा है ,उसके अंदर की जमीन भी सुख चुकी है इसलिए पहाड़ का मालवा धंसने लगा है।

तीसरा, 1976 में जोशीमठ में लैंडस्लाइड हुआ था तब इसकी जांच के लिए तत्कालीन गढ़वाल कमिश्नर महेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एक कमिटी गठित की गई थी ।कमिटि कि रिपोर्ट में कहा गया था कि जोशीमठ में हो रहे निर्माण कार्यो को यदि नहीं रोका गया तो वह विनाशकारी होगा ।इस पर ध्यान नहीं दिया गया और पहाड़ों पर पावर प्रोजेक्ट के बनने का काम चलता रहा।



- सत्यनारायण गुप्ता

> पर्यावरणविद रवि चोपड़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस परियोजना की अवैज्ञानिक व अनियोजित क्रियान्वयन से हिमालय के इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा है और भूस्खलन जैसी आपदाओं को बुलावा दिया जा रहा है। खतरे का अनुमान लगाए बिना पहाड़ों के ढलानों को सीधा और लंबवत काटने से स्लोप फेलयर का खतरा बढ़ गया है।

चौथा, नदियों से घिरे रहने से कारण यहां जमीन के नीचे और ऊपर पानी का बहाव झरने की तरह लगातार होता रहता है। इससे तल पर नमी हमेशा बनी रहती है ।जमीन के भीतर की चट्टानें कमजोर हैं जो नमी के प्रभाव से धंस रहीं हैं।

पांचवां, जोशीमठ के ऊपर के इलाके में काफी बर्फबारी होती बारिश होती है। मौसम बदलता है और बर्फ पिघलती है, तब जोशीमठ से चारों ओर नदियों में पानी का बहाव तेज हो जाता है ।सतह के कमजोर होने और भूस्खलन का यह भी एक बड़ा कारण है।

छठा, जोशीमठ के अधिकतर क्षेत्रों में नीस चट्टानें हैं, जो तापमान और हवा की वजह से तेजी से आकार बदलती हैं ।यह भी क्षेत्र में धंसान की एक वजह है।

सातवां, स्थानीय लोग इसके लिए मुख्य रूप से एनटीपीसी की तपोवन-विष्णु गढ़ परियोजना को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं ।लोगों के अनुसार दशकों से एनटीपीसी के लिए खोदी जा रही सूरंग इस भयावह स्थिति के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार है ।तपोवन -विष्णु गढ़ पनबिजली परियोजना की सूरंग जोशीमठ के ठीक नीचे स्थित है।

जोशीमठ ही नहीं प्राकृतिक आपदाओं से लगातार जूझ रहे उत्तराखंड में बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाओं के प्रभाव का आकलन किए बिना आगे बढ़ने की गलती बार-बार दोहराई जा रही है ।हिमालय की संवेदनशीलता ,पर्यावरण मानकों और सुरक्षा उपायों को नजरअंदाज करते हुए जिस तरह ऑल वेदर रोड के लिए पहाड़ों को काटा गया, हजारों पेड़ों का कटान हुआ और मलबे को नदियों में डंप किया गया,यह , प्रकृति के साथ खिलवाड़ का सटीक उदाहरण है।

सिर्फ टिहरी गढ़वाल जिले में चारधाम हाईवे के 150 किलोमीटर हिस्से में 60 डेंजर जोन चिन्हित किए गए हैं। करीब 12000 करोड़ रुपए लागत वाली 889 किलोमीटर की चार धाम परियोजना में मुख्य रूप से सड़कों के चौड़ीकरण का काम शामिल है। सड़कों को कितना चौड़ा किया जाना है इस पर विवाद है केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय वर्ष 2016 में परियोजना की शुरूआत से ही 10 से 12 मीटर चौड़ी ऑल वेदर रोड बनने पर जोर दे रहा है। मंत्रालय अपने ही नियमों की अनदेखी कर रहा है ।पहाड़ी राजमार्गों के लिए निर्धारित 5.5 से 7 मीटर चौड़ाई के अपने ही मानक को बदल दिया गया है ।पर्यावरण प्रभाव आकलन किए से बचने के लिए 889 किलोमीटर की चार धाम प्रोजेक्ट को 53 टूकडों में बांटा गया है। क्योंकि 100 किलोमीटर से बड़ा प्रोजेक्ट होने पर पर्यावरण प्रभाव का आकलन कराना जरूरी होता है । यह विवाद जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो पर्यावरणविद रवि चोपड़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस परियोजना की अवैज्ञानिक व अनियोजित क्रियान्वयन से हिमालय के इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा है और भूस्खलन जैसी आपदाओं को बुलावा दिया जा रहा है। खतरे का अनुमान लगाए बिना पहाड़ों के ढलानों को सीधा और लंबवत काटने से स्लोप फेलयर का खतरा बढ़ गया है।

रवि चोपड़ा सहित उच्च अधिकार समिति के 3 सदस्यों की राय सड़क की चौड़ाई 5.5 मीटर तक सीमित रखने की थी लेकिन समिति के 21 सदस्य जिनमें ज्यादातर अधिकारी थे ने सड़क की चौड़ाई की मूल डिजाइन ( 10- 12 मीटर )रखने की वकालत की और निर्माण कार्य चलते रहे।

जोशीमठ ही नही हिमालय की ऊंचाईयों में बसे अन्य शहरों और गांवों के पर्यावरणीय कारणों से उजड़ने का खतरा उत्पन्न हो गया है। लेकिन यह संकट प्रकृतिजनित न होकर मानवजनित है। बिना सोचे समझे विकास की चाहत ने हमें विनाश के कगार पर खड़ा कर दिया है।

## खास बात

# जैन- दीक्षा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

गुजरात के पालीताणा में सूरत निवासी सेतुक अनिल भाई शाह को जैन मुनि की दीक्षा दी गई। अहमदाबाद से लगभग 200 किलोमीटर पर स्थित इस कस्बे में जैसे ही घुसे, एक जैन मंदिर के बाद दूसरा जैन मंदिर दिखाई दिया। यहां जो धर्मशालाएं बनी हैं, उनका वास्तुशास्त्र भी मंदिर जैसा ही है। सेतुक शाह अब मुनि बन गए हैं। वे सूरत के अरबपति परिवार के युवक हैं। वे जब यहां मुझसे मिले तो मुझे लगा कि ये कोई राजकुमार तो नहीं है? कल जिसका हीरो-मोतियों से जड़ा अत्यंत भव्य वेश और अत्यंत प्रेमल व्यवहार दिखा, उसे आज सफेद अंग-वस्त्र और मुंडित सिर में देखकर आप दंग रह जाएंगे। अब वह सेतुक संन्यासी, भिक्षु, मुनि बन गया है। निर्लिप्त, अनासक्त, त्यागी, निमोर्ही। सेतुक के वस्त्रों की बोली (नीलामी) लगी तो करोड़ों रुपये इकट्ठे हो गए। यह पैसा परमार्थ में खर्च होगा। उसके दीक्षा-समारोह में भाग लेने के लिए लगभग 10 हजार लोग पालीताणा में उपस्थित हुए थे। हजारों लोग एक साथ गाते-बजाते, हुंकार करते, मंत्रोच्चार करते। इतना सम्मोहक वातावरण आज तक मैंने किसी मंदिर, किसी मस्जिद, किसी गिरजे, किसी गुरुद्वारे और किसी साइनेगॉग में नहीं देखा। इन हजारों लोगों के सोने, खाने और आने-जाने का इंतजाम इतना बढ़िया था कि उसे देखकर दंग रह जाना पड़ता है। दीक्षा-समारोह की पूर्व-रात्रि को विशाल सभा स्थल की सजावट आश्चर्यजनक थी। बिजली का एक भी गोला वहां नहीं जल रहा था। लाखों दीपकों से सभा स्थल प्रकाशित था। हजारों लोगों तक प्रवचनों और संचालकों की आवाज बिना लाउडस्पीकर के ही पहुंच रही थी। मोबाइल फोनों पर पूर्ण प्रतिबंध था। उपहार की सैकड़ों चांदी-सोने, पीतल-तांबे और काष्ठ की कलाकृतियां सब हाथ से बनी हुई थी। रात को कुछ प्रमुख मुनियों से आर्यावर्त्त के महावीर स्वामी के स्वप्न और मेरी जन-दक्षेस की धारणा के बारे में भी संवाद हुआ। अब सेतुक का नाम त्रिभुवनहित विजय हो गया है। मुनि के रूप में अब सेतुक से आशा है कि वह भारत में ही नहीं, दक्षेस के सभी 16 पड़ोसी देशों में अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश फैलाएंगे।

# जीवन मूल्य

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यांनदजी परमहंस**

**एक** गणिका का प्रस्ताव राजा रोमपाद को पसंद आया। गणिका ने एक योजना पर काम किया। कई बड़ें नौका को मिलाकर उस पर मिट्टी भरवाकर उसे उद्यान का रुप दिया। उस पर फूल-पौधे लगवा दिया। इसके बार गंगा के उस तट पर पहुंची जहां विभांडक और श्रंगी ऋषि रहते थे। गणिका ने पता किया कि कब विभांडक ऋषि आश्रम से बाहर रहते हैं। वह ऋषि कुमार का भेष बनाकर श्रंगी ऋषि से मिली और उन्हें फल और मिठाई भेंट की। उनसे बातचीत के क्रम में मित्रता करने के उपरांत उनसे अपने आश्रम में चलने का आमंत्रण दिया। यह आश्रम उसी नाव पर बने बागीचा में था। श्रंगी ऋषि ने उनका आमंत्रण स्वीकार कर नाव जोड़कर बनाये गये उद्यान में स्थित आश्रम में पहुंचे। गणिकाओं ने जो वेश बदल रखा था नाविकों को इशारा किया और नाव पर स्थित बागीचा गंगा के दूसरे तट पर लग गयी। ऋषि पुत्र श्रंगी को पता ही नहीं चला और जैसे ही उन्होंने अंग देश की धरती पर पैर रखा बारिश होने लगी। बारह वर्ष से जो अकाल और अनावृष्टि थी वह समाप्त हो गयी।

जब विभांडक ऋषि आश्रम लौटे तो अपने पुत्र श्रंगी को आश्रम में न पाकर यह देखा की उनके पुत्र के साथ छल किया गया है। वे क्रोधित हो गये। वे बोले मैं राजा और उसके राज्य को जला डालूंगा। राजा को पता चला तो वह अपने मंत्रियों पुरोहितो और अपनी बेटी शांता के साथ विभांडक ऋषि के आश्रम में आये। पुरोहितों ने विभांडक को समझाया।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

अगर उत्तर प्रदेश एक देश होता, तो वह जनसंख्या से दुनिया का पांचवा सबसे बड़ा देश होता। उ. प्र. की तेज प्रगति होने से वह संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन बनेगा। महिंद्रा ग्रुप मुख्यमंत्रीजी और पूरे राज्य को इस लक्ष्य को साकार करने में सहयोग देने के लिए तत्पर है।

**–आनंद महिन्द्रा उद्योगपति**

## आपके ट्वीट

ये यात्रा न मैंने अपने लिए की, न कांग्रेस के लिए। ये यात्रा हमने भारत की जनता के लिए की।नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खोलने के लिए की।

**– राहुल गांधी**





राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर देशभर के लाखों लोगों ने श्रद्धाभाव से जुड़कर अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई की। मुझे कितने ही लोगों ने इससे जुड़ी तस्वीरें और वीडियो भेजे हैं। ये अभियान रुकना नहीं चाहिए।

**– नरेन्द्र मोदी**

# पॉक्सों लड़कियों की सुरक्षा का बड़ा हथियार लेकिन उपयोग सही हो

**मृत्युंजय प्रसाद**

**फिलहाल** 'प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम' रिपोर्ट यह बता रही है कि 99 फीसद घटनाओं में पीड़ित मासूम बच्चियां हैं।अध्ययन बताते हैं कि बाल यौन शोषण के अधिकतर मामलों में पॉस्को लगाया ही नहीं गया। 'बाल यौन अपराध संरक्षण नियम, 2020' का नियम है कि यौन उत्पीड़न के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद विशेष अदालत मामले में किसी भी समय पीड़ित की अपील या अपने विवेक से पीड़ित को राहत या पुनर्वास के लिए अंतरिम मुआवजे का आदेश देंगी । आदेश के पारित होने के 30 दिनों के अंदर राज्य सरकार द्वारा पीड़ित को मुआवजे का भुगतान किया जाना है । 'बाल कल्याण समिति' (सीडब्ल्यूसी) को यह अधिकार दिया गया है कि समिति अपने विवेक के अनुसार भोजन, कपड़े, परिवहन या पीड़ित की अन्य आकस्मिक जरूरतों के लिये उसे विशेष सहायता प्रदान करने के आदेश दे सकती है। इस तरह की आकस्मिक राशि का भुगतान आदेश की प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर पीड़ित को किया जाएगा। किंतु व्यवहार में ऐसा हो नहीं रहा । जिसे न्याय चाहिए यदि उसे शासन द्वारा निर्धारित पीड़ित प्रतिकर की सहायता ही समय पर नहीं मिल पाए, तब फिर कैसे उसके साथ न्याय होगा ही यह उम्मीद की जा सकती है ? इसी का आगे यह परिणाम होता है कि अक्सर पीड़ितों के अभियुक्त उन पर मुकर जाने का दबाव डालते हैं और ज्यादातर मामलों में सफल होते दिखाई देते हैं।

## न्याय

दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 की धारा 17 के तहत गठित एक सांविधिक निकाय) द्वारा मैपिंग ऑफ नीड्स एंड प्रायोरिटीजः ए स्टडी ऑफ चाइल्ड रेप विक्टिम्स इन दिल्ली द्वारा आयोजित एक नमूना अध्ययन में सामने आए हैं कि 42 फीसद पीड़ित बच्चों ने स्कूल छोड़ दिया। 50 फीसद बच्चे विभिन्न प्रकार की शारीरिक बीमारियों से पीड़ित थे जो यौन उत्पीड़न से जुड़ी थीं। लगभग 81 फीसद माता-पिता ने कहा कि वे अपने बच्चों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, जो बाल बलात्कार के शिकार थे। मुआवजे के संबंध में, अध्ययन से पता चला कि केवल 15 फीसद पीड़ितों को कोई मुआवजा मिला यानी 85 फीसद को मुआवजा नहीं मिला था। इसमें सिर्फ एक बच्चे को सही मुआवजा मिला था।

जबकि 99 फीसद बच्चों को प्रचलित योजना के अनुसार मुआवजा नहीं मिला था और 38 फीसद पीड़ितों को तो कोई कानूनी सहायता ही नहीं दी गई थी।

यहां समझनेवाली बात यह है कि न्याय दिलाने का दायित्व प्रशासन के कंधों पर है। हमने पॉक्सो एक्ट में देखा भी कि 2012 में भारत सरकार ने नाबालिग बच्चों की सुरक्षा के लिए इसे बनाया, फिर साल 2019 में कानून में संशोधन कर दोषियों के लिए मौत की सजा का प्रावधान तक केंद्र की सरकार ने किया, किंतु अपराधी को उसके अपराध की पूरी सजा मिले यह कार्य प्रशासन का है।

प्रशासन से ऐसे में यह अपेक्षा की जाती है कि वह पॉक्सो से जुड़े सभी मामलों में गंभीरता दिखाए क्योंकि बच्चों से ही देश का सुखद भविष्य है। जिन्हें पॉक्सों में निर्धारित पीड़ित प्रतिकर की अत्यधिक आवश्यकता है, उसे वह तत्काल मिले, जिसमें कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की जिम्मेदारी सबसे अधिक है।

अधिवक्ता रांची सिविल कोर्ट हैं।

## कॉर्टून वर्ल्ड

आणविक सोच...



साभारः कॉर्टून मूवमेंट डॉटकॉम

## लेटर टू एडीटर

### राहुल का कद

**राहुल** गांधी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराने के बाद अपनी भारत जोड़ो यात्रा संपन्न की। आगामी 2024 के संसदीय चुनाव में कांग्रेसी एकजुट होकर भाजपा से टक्कर ले पाने में स्वयं कितने समर्थ होंगे, समय के गर्भ में है। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि राहुल गांधी बतौर एक राष्ट्रीय कांग्रेसी नेता के रूप में उभर कर आने में है। निश्चित राहुल भाजपा को चुनौती देंगे।

**–अनिल सिंह, रांची**

### भ्रष्टाचार की हद

**एमपी** के नागरिक आपूर्ति निगम के अफसरों के मुताबिक प्रदेश के 5 करोड़ से ज्यादा गरीबों को बांटा जाने वाला 25 से 30 करोड़ रुपए का सरकारी राशन हर साल बीच रास्ते में ट्रक से गायब हो जाता है। न गरीबों के मुंह तक राशन पहुंचाने वाले जिम्मेदारों अधिकारियों के हलक तक कानून का हाथ अब तक क्यों नहीं गया? भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण जरूरी है।

**– हेमा हरि, हजारीबाग**

# आत्मनिर्भरता और एक प्रतीक है चरखा

**योगेश कुमार गोयल**

भारत को ब्रिटिश गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले गांधी जी ने पूरी दुनिया को अपने विचारों से प्रभावित किया। अपने अनुभवों के आधार पर उन्होंने कई किताबें लिखीं, जो हमें आज भी जीवन की नई राह दिखाती हैं। सही मायनों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश के करोड़ों युवाओं के पथ प्रदर्शक हैं। उनके जीवन के तीन महत्वपूर्ण सूत्र थे, जिनमें पहला था-सामाजिक गंदगी दूर करने के लिए झाड़ू का सहारा। दूसरा- जाति-पाति और धर्म के बंधन से ऊपर उठकर सामूहिक प्रार्थना को बल देना। तीसरा चरखा- जो आगे चलकर आत्मनिर्भरता और एकता का प्रतीक माना गया।

गांधी जी प्रायः कहा करते थे कि प्रसन्नता ही एकमात्र ऐसा इत्र है, जिसे आप दूसरों पर डालते हैं तो उसकी कुछ बूंदें आप पर भी गिरती हैं। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कपड़ों से नहीं, उसके चरित्र से होती है। दूसरों की तरक्की में बाधा बनने वालों और नकारात्मक सोच वालों में सकारात्मकता का बीजारोपण करने के उद्देश्य से ही उन्होंने कहा था कि आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को ही अंधा बना देगी। लोगों को समय की महत्ता और समय के सही सदुपयोग के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा था कि जो व्यक्ति समय को बचाते हैं, वे धन को भी बचाते हैं और इस प्रकार बचाया गया धन भी कमाए गए धन के समान ही महत्वपूर्ण है। वह कहते थे कि आप जो कुछ भी कार्य करते हैं, वह भले ही कम महत्वपूर्ण हो सकता है किन्तु सबसे महत्वपूर्ण यही है कि आप कुछ करें। लोगों को जीवन में हर दिन, हर पल कुछ न कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करते हुए गांधी जी कहा करते थे कि आप ऐसे जिएं, जैसे आपको कल मरना है लेकिन सीखें ऐसे कि आपको हमेशा जीवित रहना है। उनकी बातों का देशवासियों के दिलोदिमाग पर गहरा असर होता था। महात्मा गांधी के विचारों में ऐसी शक्ति थी कि विरोधी भी उनकी तारीफ किए बगैर नहीं रह सकते थे। ऐसे कई किस्से भी सामने आते हैं, जिससे उनकी ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता की स्पष्ट झलक मिलती है। एक बार महात्मा गांधी सरोजिनी नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। सरोजिनी नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देखकर गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। सरोजिनी नायडू का ध्यान जब इस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ीं और कहने लगीं, ह्यआपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौन से हाथ में पकड़ा जाता है? इस पर बापू ने जवाब दिया, आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकती तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?ह्न

जिस समय द्वितीय विश्व युद्ध शुरू हुआ, उस समय देश के अधिकांश नेता इस बात के पक्षधर थे कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने का अब बिल्कुल सही मौका है और इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाते हुए उन्हें इस समय देश में बड़े पैमाने पर आंदोलन छेड़ देना चाहिए। दरअसल उन सभी का मानना था कि अंग्रेज सरकार द्वितीय विश्व युद्ध में व्यस्त रहने के कारण भारतवासियों के इस आंदोलन का सामना नहीं कर पाएगी और आखिरकार उसे उनके इस राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समक्ष सिर झुकाना ही पड़ेगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### परवरिश ने मनाया महात्मा गांधी की पुण्य तिथि


पुण्यतिथि मनाते।

**कुजू।** कुंदरिया बांध स्थित परवरिश एजुकेयर स्कूल द्वारा भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के श्रद्धेय नेता और दुनिया भर में शांति और अहिंसा के प्रतीक महात्मा गांधी की पुण्य तिथि मनाया गया। इस दौरान गांधी जी की स्थायी विरासत और उनके द्वारा अपनाए गए शाश्वत सिद्धांतों को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा गया। स्मरणोत्सव के हिस्से के रूप में, परवरिश एजुकेयर ने गांधी के शांति, करुणा और मानवता की सेवा के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मौके पर प्रिंसिपल नेहा राज बनर्जी ने बताया कि शैक्षिक पहलों, सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों और सेवा परियोजनाओं के माध्यम से, संस्थान का लक्ष्य अपने छात्रों में सहानुभूति, समझ और सक्रिय नागरिकता के महत्व को स्थापित करना है।

### रिंकू कुमार बने जवाहर बाल-मंच के अध्यक्ष


रिंकू कुमार व अन्य।

**दारू।** कांग्रेस कार्यालय कृष्णबल्लभ भवन में जिला कमेटी का विस्तार करते हुए दारू प्रखंड के रिंकू कुमार को जवाहर बाल मंच का जिला अध्यक्ष बनाया गया तथा गोलू यादव, अरविंद कुमार, अमीत कुमार, इमरान अंसारी, आरती देवी, प्रदीप कुमार को जिला संयोजक बनाए जाने पर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने इनहें बधाई देते हुए इनकी भविष्य उज्जवल की कामना की है। जिला कांग्रेसकार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक सादे स्वागत समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहना कर स्वागत किया गया। मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, बिनोद सिंह, अजय गुप्ता, सलीम रजा,कृष्णदेव प्रसाद सिंह, गुड्डु सिंह, दिलीप कुमार रवि, तसलीम अंसारी, राशिद खान, सदरूल होद्दा, नरसिंह प्रजापति, गालिब अहमद, विजय कुमार सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर एक करोड़ की लागत से हरिहरपुर में पथ का होगा निर्माण


विधायक अंबा प्रसाद।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर पतरातू प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत में हरिहरपुर मुख्य पथ से रामनाथ महतो के घर तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का निर्माण लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से होगी। वहीं लगभग 50 लाख की लागत से पाली एवं हरिहरपुर में लाइब्रेरी का भी निर्माण होगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा सड़क निर्माण के लिए निविदा जारी कर दी गई है। साथ ही लाइब्रेरी निर्माण हेतु विशेष प्रमंडल रामगढ़ के द्वारा निविदा जारी कर दी गई है। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने दी।

### राष्ट्रपिता के अधूरे सपनों को पूरा करना सबका दायित्व : प्रेमनाथ साहू


पुण्यतिथि पर उपस्थित लोग।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** महात्मा गांधी विचार मंच के तत्वावधान में मंगलवार को जयप्रकाश नगर मेनरोड भुरकुंडा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मंच के अध्यक्ष प्रेमनाथ साहू ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। मौके पर प्रेमनाथ साहू ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवनी पर प्रकश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। साथ ही उन्होंने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अधूरे सपनो को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। मौके पर राजेश मिश्रा, हरि साहू, सचिन कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, संतोष कुमार गुप्ता, सिकंदर कुमार, करण कुमार, आदित्य कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता आदि ने भी महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, प्रशासन व सामाजिक कार्यकर्ताओं की पहल पर ग्रामीणों ने हटाया जाम

# मॉर्निंग वाक पर गई महिला को ट्रक ने कुचला, घटना स्थल पर हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता


आक्रोशित ग्रामीण सड़क जाम करते।

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना स्थित एनएच 02 पर यादव लाइन होटल के समीप सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत घटना स्थल पर ही हो गया। बता दे मृतक महिला रसोईया धमना निवासी सरोज देवी उम्र लगभग 50 वर्ष पति टेकलाल साव प्रत्येक दिन की भांति प्रातः लगभग 7 बजे टहलने के लिए जा रही थी। इसी बीच टोल प्लाजा से लगभग आधा किलोमीटर के अंतराल पर यादव लाइन होटल के समीप विपरीत दिशा से आ रही ट्रक संख्या जेएच 02वी 2359 ने उन्हें अपनी चपेट में लेते हुए महिला के सिर को कुचल दिया। जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के पहल पर जाम को समाप्त किया। जिसके बाद मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना की सूचना पाकर सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया गोविंद साहू, प्रो बद्री साहू, प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रघुनाथ साव, संतोष साव, सामाजिक कार्यकर्ता मो तस्लीम, बिरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। जाम को समाप्त करवाने में सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर और गुरुदेव गुप्ता की सराहनीय भूमिका रही।

## जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर निकली शोभायात्रा

**इचाक।** भारत रत्न जननायक कपूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती समारोह इचाक में धूमधाम से मनाई गई। जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने की खुशी में राष्ट्रीय नाई महासभा इचाक प्रखंड कमिटी के द्वारा मंगलवार को शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की शुरुआत पेठिया बागी स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद बाजे गाजे के साथ जननायक की शोभायात्रा प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष संतोष कुमार ठाकुर ने किया। मंच संचालन रामशरण शर्मा ने किया। राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष छेदी ठाकुर ने कहा पिछड़ों दलितों एवं सामाजिक न्याय के मसीहा जननायक कपूरी जी को भारत रत्न का सम्मान मिलता गर्व की बात है। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की जननायक कपूरी जी अपना पूरा जीवन सादगी के साथ बिताया और गरीब शोषितों को आगे बढ़ाने का काम किया। कांग्रेस नेता दिगंबर कुमार मेहता ने कहा की मुख्यमंत्री काल में कष्ट सहते हुए भी समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया। मौके पर मुखिया मीना देवी, पूर्व मुखिया अनूप ठाकुर, रजनी शर्मा, लक्ष्मण यादव, नरेंद्र शर्मा, कपूरी सेना के जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विवेकानंद बने भाजपा जिलाध्यक्ष, बधाईयों का लगा तांता


विवेकानंद सिंह।

**हजारीबाग।** बिबेकानंद सिंह को प्रदेश नेतृत्व के द्वारा सोमवार को हजारीबाग भाजपा जिलाध्यक्ष मनोनीत होते ही भाजपाइयों का बधाई आना शुरू हो गया। सुबह से शाम तक श्री विवेकानंद जी के आवास पर सैकड़ो पार्टी कार्यकताओं ने बुके व माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। वही भाजपाइयों ने हर्ष जताते हुए कहा कि इस बार पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है इससे कार्यकताओं में अत्यधिक खुशी ब्याप्त है। बिबेकानंद सिंह के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर हर्ष ब्यक्त करनेवालों में मुख्य रूप से कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हजारीबाग सदर विधायक सह प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, सांसद सह वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा, मांडू विधायक सह सचेतक जयप्रकाश भाई पटेल, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, पूर्व मंत्री मनोज यादव, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अशोक यादव, अनिल मिश्रा, केपी ओझा सहित सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस**

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत : उपायुक्त

- देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों की स्मृति में समाहरणालय सभाकक्ष मे अधिकारियों एवं कर्मियों ने रखा 2 मिनट का मौन

खबर मन्त्र संवाददाता


श्रद्धांजलि देते।

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित मुक्तिधाम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी जिले वासियों से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश की आजादी में महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करने एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने के अपील की वही उपायुक्त ने सभी से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा लिखी गई पुस्तक माय एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ को पढ़ने एवं पुस्तक से प्रेरणा लेने की भी अपील की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं, शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में सभी ने समाहरणालय सभाकक्ष में 2 मिनट का मौन रखा।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

E-mailid nagarparishadlohardaga@gmail.com

**"शुभकामना संदेश"**

प्रशासक नगर परिषद् लोहरदगा एवं नगर परिषद परिवार लोहरदगा की ओर से 26 जनवरी 2024 को देश का 75वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर लोहरदगा नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

ज्ञापांक 143/ दिनांक 24.0.2024

प्रशासन
नगर परिषद लोहरदगा।

**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा।**

किसान भाइयों

**75वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं जोहार**

किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठायें। समय पर ऋण चुकाने पर मात्र एक प्रतिशत सूद लगता है।

मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत अपने मिट्टी की जांच अवश्य करवायें और अम्लीय मृदा का सुधार कर उपज में वृद्धि करें।

अधिक जानकारी हेतु प्रखंड कृषि पदाधिकारी/बीटीएम/ एटीएम/ उप परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा/ जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा से संपर्क किया जा सकता है।

ज्ञापांक 52/ लोहरदगा/दिनांक 24.01.24

जिला कृषि पदाधिकारी
लोहरदगा।


### भाजपा पश्चिमी मंडल ने किया एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


मौके पर उपस्थित लोग।

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़, रमुआ दुर्गा मंदिर प्रांगण में भाजपा विष्णुगढ पश्चिमी मंडल की गांव की ओर चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल तथा कार्यशाला का संचालन महामंत्री गुर प्रसाद साव ने किया। जिला से नियुक्त संयोजक बासुदेव महतो,गुरु प्रसाद साव,मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता ने बारी-बारी से कार्यशाला की गतिविधियों पर भाजपा पदाधिकारियो, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षो को विस्तार पूर्वक बताया। विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल में कुल बारह पंचायत है उन पंचायतों में विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल पदाधिकारियों एवं शक्तिकेन्द्र संयोजकों को मंडल के पंचायतों में अदला बदली कर 24 घंटे का प्रवास कर पंचायत के बूथों में दीवाल लेखन एवं एक पंचायत में पांच जगहों पर कमल का निशान बनाना। मोदी जी के द्वारा किये गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना। मौके पर मुख्य रूप से मंडल मंत्री राजेश सोनी, मीडिया प्रभारी जीवन सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, महिला मोर्चा महामंत्री गायत्री देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, सुरेश राम, प्रयाग राम, राजेश यादव, भागीरथ पासवान, सुरेश रजवार, महादेव महतो, विनोद गुप्ता, डब्लू सोनी, बासुदेव प्रसाद, मन्नू कुमार पांडेय, हेमलाल साव, रामधन माली, गोबर्धन महतो, अजय ठाकुर, लाटो साव, नुनुचंद ठाकुर, सुखदेव मंडल समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची
अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

निविदा सं०:–30 of 2023–24 तिथि– 30.01.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Maintenance of House keeping ,gardening, Catering ,security , Water supply, Electricity, Inverter, Generator Set with fuel etc. Arrangement in VISWA ( Hostel building, Training Centre, dormitory building ), Near Jora pool kanke Road Ranchi Under D.W. & S. Division, Gonda, Ranchi - For 1 Year | 32,94,209.00 | 66,000.00 | 5,000.00 | 1 वर्ष |
| 2 | वेबसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 12.02.2024 up to 05.00 P.M. | | | |
| 3 | ई–निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.02.2024 up to 03.30 P.M. | | | |
| 4 | ई–निविदा खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची। | | | |
| 5 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 22.02.2024 up to 4.00 P.M. | | | |
| 6 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, रॉंची। | | | |
| 7 | ई० प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न० | 9835068475 | | | |

नोट :–1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तदनुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर उस बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदाकार की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए website http://jharkhandtenders.gov.in कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जल ही जीवन है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
गोन्दा, रॉंची।

PR 317380 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


### महात्मा गांधी के 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

- 90 लोगों ने किया शिविर में रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता


रक्तदान करते डीसी।

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 76वें पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ द्वारा मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ सह उपायुक्त चंदन कुमार, स्टेशन कमांडर (रामगढ़ कैंट) ब्रिगेडियर संजय कांडपाल सहित 90 लोगों ने शिविर में रक्त दान किया। मौके पर उपायुक्त ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित किए गए शिविर की सराहना करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से जिले के अन्य क्षेत्रों में भी रक्तदान शिविर आयोजित करने एवं युवाओं को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करने की अपील की। गौरतलब है की दिसंबर 2023 में रामगढ़ जिले में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पुनर्गठन के उपरांत रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित यह पहला रक्तदान शिविर था जिसमें बढ़-चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, नजारत उपसमाहर्ता रामगढ़ रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर स्वराज, चेयरमैन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ अनूप सिंह, सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, सदस्य उर्मिला सिंह, सदस्य अमित कुमार सिन्हा, सदस्य मनोज मंडल, सदस्य अमित साहू, सदस्य डॉ मृत्युंजय ठाकुर, सदस्य महावीर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### रेनबो स्कूल में मनाई गई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि




**बरही।** प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई।मौके पर निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा सहित सभी शिक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि भारत की आजादी में गांधी जी का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। उन्होंने बताया कि हमें जीत हासिल करने के लिए सत्य और अहिसा के मार्ग पर सर्वोत्तम है। उन्होंने विद्यार्थियों को सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देते हुए गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने की बात कही। मौके पर प्राचार्य पंचम पांडेय, शिक्षकों में गौरी शंकर, प्रवीण कुमार, उषा कुमारी, चौहान रिंकी कुमारी, कुमारी स्वेता, सरिता कुमारी, प्रीति कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, खुशबू कुमारी, खुशी कुमारी, अंशु कुमारी, पंकज कुमार, शिवानी कुमारी आदि उपस्थित रहें।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़।

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–_अल्पकालीन निविदा संख्या:- **19/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **29.01.2024**
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा **DMFT** मद अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड/ पंचायत | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ RAMGARH/ 19/2023-24/ DMFT | गोला/ बरलंगा | ग्राम–बरलंगा में संतोष साहु के घर से दिलीप साहु के घर पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 2140000.00 | 30.04.2024 |
| 2 | | गोला/ कोराम्बे | ग्राम–कोराम्बे पक्की सड़क से सरना स्थल के अंतिम छोर तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 3708300.00 | 30.04.2024 |
| 3 | | गोला/ सुतरी | ग्राम–कुस्टेगढ़ा, सुतरी रोड से शमशान घाट तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 2003400.00 | 30.04.2024 |
| 4 | | गोला/ उपरबरगा | ग्राम–उपरबरगा (सुथरपुर) के जयपाल सिंह मुण्डा के घर से लेकर स्कूल तक पी०सी०सी० पथ का निर्माण। | 4596400.00 | 30.04.2024 |
| 5 | | गोला/ रकुवा | ग्राम–रकुवा में पंचायत भवन रकुवा से पंकज ठाकुर के घर तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1819700.00 | 30.04.2024 |
| 6 | | गोला/ बेटुलकलां | पंचायत बेटुलकलां पंचायत ग्राम पतरातु चीराबारी से शमशान घाट तक पी०सी०सी० पथ निर्माण। | 1795700.00 | 30.04.2024 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **05.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **19.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 21.02.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 317392 (Rural Work Department) 23-24 (D)


# गांव चलो अभियान के तहत मांडू मंडल कार्यकताओं ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


प्रवीण मेहता का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में भाजपा मांडू मंडल के कार्यकताओं ने गांव चलो अभियान के तहत बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व संचालन महामंत्री अशोक कुमार ने किया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष रतन साहू ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजीत सिन्हा, जिला महामंत्री प्रो खिरोधर प्रसाद साहू, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, जिला मंत्री राजेंद्र उर्फ राजू कुशवाहा शामिल हुए। इस दौरान मौजूद अतिथियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। अतिथियों ने क्षेत्र में कई जरूरी कार्य करने को लेकर पार्टी की ओर से दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश को धरातल पर सफल बनाने का आग्रह किया है। इससे पूर्व कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर महेंद्र प्रजापति, मनोहर गुप्ता, अखिलेश प्रसाद, रवि साहू, भीम महतो, सुधान सिंह, शंभु ठाकुर, गणेश सोनी, हरि महतो, ज्ञानी साव, रामानंद सिंह, नागेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, श्रवण साह,हिमांशु गुप्ता, सूरज महतो, संजय कुमार, बीरेन्द्र सिन्हा, भागवत करमाली,भीम प्रजापति, महेश महतो, जतरू महतो, अनिल कुमार अग्रवाल, अंबिका सिंह, दशरथ केशरी, उमेश चंद्र पटेल आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### अग्निपथ स्कीम के जरिये भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया से अवगत हुए विद्यार्थी

**लोहरदगा।** आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस, रांची द्वारा भारतीय सेना में अग्निपथ स्कीम के जरिये भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दिये जाने हेतु एक कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना देश की सेवा के लिए एक बेहतर मौका होता है। जो भारतीय थल सेना में जाना चाहते हैं उनके लिए आज यह कार्यक्रम रखा गया है। सेना में आप जाकर अपने समाज, जिला व राज्य का नाम रौशन कर सकते हैं। आप सभी में प्रतिभा है और आपका भविष्य उज्ज्वल है। आप सेना में जायें और अपना, अपने जिला, राज्य व देश का नाम उंचा करें। कार्यक्रम में आर्मी भर्ती ऑफिस, रांची की ओर से क्विज व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भारतीय सेना से जुड़े तथ्यों की जानकारी दी गई। कर्नल विकास भोला ने अग्निवीर स्कीम के जरिये सेना में बहाली की प्रक्रिया, अभ्यर्थी की योग्यता, आवेदन की प्रक्रिया, सेवाकाल के दौरान मिलनेवाले लाभ आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम में क्विज में सही जवाब देने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस, रांची की ओर से उपायुक्त, लोहरदगा को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी अपररूपा पॉल चौधरी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### शहीदों की याद में रखा गया दो मिनट का मौन

लोहरदगा। मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के निर्देश पर समाहरणालय परिसर में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के मौके पर दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, अनुमण्डल दण्डाधिकारी अमित कुमार समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण व कर्मीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### गांधीजी के विचार आज भी प्रासंगिक: नेसार

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने गांधी को याद करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी केवल भारत के ही नहीं पूरे संसार के महापुरुष थे जिन्होंने भारतीयों के आजादी के सपने को सच्चाई में बदला था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके अतुल्य योगदान के चलते उन्हें राष्ट्रपिता एवं बापू के नाम से लोग जानते हैं बापू हमेशा अहिंसा और सामाजिक एकता में विश्वास करते थे। वह भारतीय संस्कृति से अछूत और भेदभाव की परंपरा को खत्म करना चाहते थे बाद में वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करने लगे और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पूरे राष्ट्र में जन आंदोलन खड़ा किया।

### कृषक पाठशाला का हुआ आयोजन

**कैरो।** प्रखंड के गीतिलगढ़ में मंगलवार को जिला कृषि विभाग सह आत्मा द्वारा कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ज्ञान साहू ने किसानों को कृषि की नई तकनीक की जानकारी देते हुए कहा कि आज के समय में जहाँ किसानों को पानी की समस्या हो रही है, सही बीज, खाद की समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसे में किसानों को कृषि की नई तकनीक को अपना कर अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करने की जरुरत है। जिसके लिए टपकन बिधि, जैविक खाद के प्रयोग, मृदा जांच कर उसमें चुना का छिड़काव जैसे उपाय कर खेती में सुधार किया जा सकता है। इसके अलावे कृषि विभाग से मिलने वाली कृषि यांत्रिकी बीजोपचार इत्यादि को अपनाना होगा। ताकि किसानों की आर्थिक स्थिती में सुधार हो सके। पाठशाला में बीटीएम ज्ञान साहू, महादेव उरांव, पुष्पा उरांव, शान्ति उरांव, शिला उरांव, बसंती उरांव, बुधुवा उरांव, तिला उरांव, संजू शुक्ला, राम उरांव सहित किसान मौजूद थे।

### जिला उद्यान पदाधिकारी मिले गीतिलगढ़ के लाभुकों से, कृषि वाटिका सामग्री का किया निरीक्षण

**कैरो।** जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने मंगलवार को जिला उद्यान विभाग के माध्यम से वितरित कृषि वाटिका योजना के तहत मिले पौधा, बीज व यंत्र का निरीक्षण करने के लिए प्रखंड के गीतिलगढ़ के लाभुकों के पास पहुँचे। जहाँ लाभुकों से विभाग व संस्था द्वारा मिले पौधा, बीज, नेट, ट्रे, सोलर का निरीक्षण किया। इस मौके पर किसानों से मिलकर जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि विभाग द्वारा क्षेत्र में उद्यान विभाग द्वारा किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार और उद्यान विभाग को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की योजना को बढ़ावा दिया जा रहा है इसलिए मन लगाकर खेती करने की बात कही, और जरूरत पड़ने पर विभाग द्वारा दिए जाने वाले योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। इस मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी के साथ प्रखण्ड उद्यान मित्र मृत्युंजय तिवारी, महादेव उरांव, सुनील कुमार, पुष्पा उरांव, शांति उरांव, लालीमुनि उरांव, सोमा उरांव सहित लाभुक मौजूद थे।

### मनीर उरांव के दोबारा भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**कैरो।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के कुशल नेतृत्व व प्रदेश कमिटी द्वारा पार्टी के जिला अध्यक्षो का बदलाव व जिला प्रभारी मनोनीत किया गया है। जिसके तहत लोहरदगा जिला के अध्यक्ष मनीर उरांव को दुबारा जिम्मेवारी सौंपी गई साथ ही साथ सुनीता सिंह को लोहरदगा का प्रभारी मनोनीत किया गया है।इन दोनों के मनोनयन से भारतीय जनता पार्टी कैरो मण्डल के द्वारा बधाई दी गई।मौके पर मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि लोकसभा से पूर्व पार्टी संगठन में बदलाव और अच्छे कार्य करने वालो जिला अध्यक्षो पर पुनः विश्वास व भरोसा जताया है। इनके मनोनयन से जिला से लेकर पूरे झारखण्ड में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लोकसभा व विधान सभा चुनाव में पार्टी अप्रत्याशित जीत दर्ज करेगी।लोहरदगा जिला के नवमनोनित अध्यक्ष मनीर उरांव व प्रभारी सुनीता सिंह को बधाई दी गई है। बधाई देने वालो मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव,बिनोद रविदास,राधेश्याम लोहरा,पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश महतो,राजेन्द्र महतो,विशेश्वर प्रसाद दीन, नाजिर आलम खान,मोहन साहू,श्रवण मुंडा,मनींद्र शाह, बजरंग उरांव,लाला उरांव,गोविंद महतो,फलिन्दर रविदास,सुखन उरांव,परमेश्वर ठाकुर,कृष्णमनी यादव,नासिर आलम खान,इकबाल अंसारी,शिवचरण तुरी,राजेश सोनी,राधे साहू,लाखो उरांव,दीपक साहू,कुलदीप सिंह,संजीव शुक्ला,सुखदेव उरांव,संजय महली आदि शामिल हैं।

### समय का समायोजन सफलता का मूल मंत्र : विनोद राय

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के मैट्रिक परीक्षार्थी भैया बहनों का स्नेह मिलन समारोह नवम कक्षा के भैया बहनों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया। अतिथि परिचय प्रमेन्द्र सिंह ने कराया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष विनोद राय, शिक्षाविद् कृष्णा प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मनोहर लाल अग्रवाल इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर कक्षा नवम के भैया कुणाल , बादल एवं बहन रिया ने शुभकामना वक्तव्य दिया। कक्षा दशम की बहन नुसरत जहां ने अपना अनुभव कथन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शक होते हैं। इनके पारिवारिक एवं स्नेह पूर्ण दिशा निर्देशन में हम भैया बहनों का अध्ययन पूर्ण हुआ है। इनके आशीर्वाद से हम लोगों का परीक्षा फल निश्चित रूप से उत्कृष्ट होगा। कक्षा नवम की बहन दीपांजलि एवं सहेलियां द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कृष्णा प्रसाद ने भैया बहनों को अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि-?सभी भैया बहन तनाव मुक्त होकर परीक्षा दें। अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उन्होंने कुछ टिप्स दिए। बतौर मुख्य अतिथि विनोद राय ने भैया बहनों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि-समय का सही समायोजन कर उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सकते हैं।

# भाड़ा भुगतान नही हुआ तो 2 से अनिश्चितकालीन धरना देंगे ट्रक ऑनर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में मंगलवार को बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिकों की एक संयुक्त बैठक हुई ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिन डीओ होल्डर द्वारा तय भाड़ा का भुगतान कई दिन बीत जाने के बाद भी ट्रक मालिक को नहीं किया गया है। अगर ऐसे डीओ होल्डर आगामी 2 फरवरी तक भाड़ा का भुगतान नहीं करेंगे तो ट्रक मालिक कोलियरी में अनिश्चितकालीन धरना देंगे। वहीं बुधवार को शाम 6:00 बजे बालूमाथ स्थित मुरपा मोड़ से सीसीएल कार्यालय तक सीसीएल और पीएनएम कंपनी की मनमानी के विरोध में ट्रक मालिकों द्वारा मशाल जुलूस निकाला जाएगा ।जानकारी देते हुए बालूमाथ ट्रक ऑनर ऐशो. संजीव सिन्हा ने कहा कि पूर्व में बालूमाथ साइडिंग समेत कई अन्य जगहों का भाड़ा बकाया है ।इसको लेकर पूर्व में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि ट्रक मालिको का भाड़ा बकाया रखने वाले डीओ होल्डर एवं निर्धारित भाड़ा नहीं देने


बैठक करते ट्रक ऑनर

वाले डीओ होल्डर के कोयला उठाव नही होगा। लेकिन सीसीएल की मिलीभगत से सोमवार को बालूमाथ साइडिंग का ट्रकों का प्रवेश कोलियरी में करवा दिया गया। वहीं विस्थापित नेता बिहारी यादव,संजय यादव,काली यादव,संतोष यादव ने कहा कि कोलियरी में ओबी एवं कोयला रेजिंग का कार्य कर रहे पीएनएम कम्पनी द्वारा सेल के कोयला को प्रभावित करने के लिए ओबी में फेकने लायक पत्थर कोयला को रेजिंग के नाम पर दे रहा है। कम्पनी को सीसीएल द्वारा नियम के विरुद्ध ट्रांसपोटिंग का भी काम दे दिया गया है।
सीसीएल और कंपनी अगर अपने रवैया पर सुधार नहीं लाती है तो ट्रक मालिक का अनिश्चित कालीन हड़ताल करेंगे। जिसकी जवाबदेही सीसीएल की होगी। आगे उन्होंने बताया की पीएनएम कंपनी कई जगहों पर भी पहले भी ट्रक मालिकों का पैसा हड़प चुकी है ऐसी सूचना है। मौके पर ट्रक मालिकों ने पीएनएम कंपनी होश में आओ ट्रक मालिकों का शोषण करना बंद करो सीसीएल जीएम, पीओ के विरुद्ध नारे लगाए।

मौके पर तिवारी यादव, रोशन यादव, कुलदीप यादव, जितेंद्र तुरी, सुरेश यादव, मोनू कुमार, तिलकधारी साव, मोहन यादव, कमलेश सिंह, मो.शमीम, चुरामन साव, रविंद्र साव, उदय साव, अजय चौधरी, प्रकाश यादव,मो,.कबीर, दीपांशु, मुख्तार आलम, मो. सद्दाम, गोविंद यादव, कुलदीप यादव, उमेश यादव, अजय चौधरी, नीरज कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

# पांच किलो के आईईडी को सुरक्षाबलों ने किया नष्ट

सुरक्षाबलों को टारगेट करने के लिए माओवादियों द्वारा बिछाए जाते है बारूदी जाल

सीआरपीएफ ई/11 बटालियन की सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा टला


सैदूप के जंगलों में नक्सलियों द्वारा लगाई गई बारूदी जाल

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। मंगलवार को 11 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई पंचायत अंतर्गत सैदुप के जंगलों में नक्सलियों द्वारा प्लांट की गई आईईडी को सर्च कर उसे नष्ट करने में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली हैं। जानकारी देते हुए सीआरपीएफ 11 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक लातेहार श्री अंजनी अंजन से विस्तृत चर्चा के उपरांत इलाके में ई/11 बटालियन द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान सैदूप के जंगलों में लगभग 5 केजी का आईईडी बम प्लांट किया हुआ मिला। जिसे 11 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के बम निरोधक दस्ता के द्वारा सावधानीपूर्वक निकाला गया और सूझबूझ और सतर्कता पूर्वक आईईडी को सुरक्षित तरीके से मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों द्वारा आईईडी को इस तरह प्लांट किया गया था कि जवानों का पैर या कोई गाड़ी इसपर आती तो विस्फोट हो जाता। बहरहाल सुरक्षाबलों की सतर्कता के कारण एक बड़ी घटना होने से बच गई। उधर घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि माओवादियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के इरादों से इस क्षेत्र में 5 किलो का आईईडी प्लांट कर रखा था। बता दें कि आम तौर पर सर्चिंग पर निकलने सुरक्षा बलों के जवानों को टारगेट करने ने लिए माओवादियों द्वारा इस तरह के बारूदी जाल बिछाए जाते हैं। मौके पर सहायक कमांडेंट नीरज कुमार सोनकर और इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार पाण्डेय समेत कई जवान मौजूद थे।

# हिट एंड रन मामले के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

सोमवार को पुलिस वाहन से धक्का लगने के बाद युवक की हुई थी मौत, आश्वासन के बाद हटा जाम

खबर मन्त्र संवाददाता


घाघरा के चांदनी चौक पर सड़क जाम किये लोग

**घाघरा।** सड़क दुर्घटना में सोमवार को युवक रोहित उरांव के हुए मौत को लेकर मंगलवार को आक्रोशित परिजन व ग्रामीणो ने घाघरा प्रखंड के चांदनी चौक में शव के साथ लगभग दो घंटे तक सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण वाहनों की लंबी कतार सड़क के दोनों छोर पर लग गई। परिजनों का कहना था कि पुलिस के बस ने मेरे बच्चों को रौंदा और मुड़कर देखा भी नहीं सीधे चलते बने। यदि पुलिस ही ऐसा करेगी तो आम लोग क्या करेंगे। पुलिस हर जगह पर लोगों को यह समझता है कि किसी का सड़क दुर्घटना होता है तो उसे अस्पताल तक पहुंचाएं पर खुद पुलिस यह काम नहीं कर रही है। साथ ही पुलिस अभी तक उक्त बस पर प्राथमिक भी दर्ज नहीं की है। पुलिस पूरे मामले की लीपापोती करने में जुटी है। ग्रामीणों ने हिट एंड रन कानून के तहत कार्रवाई का मांग करते हुए सड़क जाम किया। जिसके बाद बीडीओ दिनेश कुमार, थानेदार अमित कुमार चौधरी एसआई अभिषेक कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों को काफी समझाया। जिसके बाद थानेदार ने जामस्थल पर लिखित आश्वासन दिया कि इस घटना के संबंध में निष्पक्ष अनुसंधान करते हुए दुर्घटनाकारित पुलिस गाड़ी का पता लगाया जाएगा एवं दोषी चालक के विरुद्ध विधि संबंध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पीड़ित परिवार को जो भी सरकारी मुआवजा एवं लाभ मिलना होगा सभी प्रक्रिया में पीड़ित परिवार का पुनः सहयोग किया जाएगा। पीड़ित परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने की दिशा में भी प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पीड़ित परिवार को प्रखंड कार्यालय की ओर से 5 हजार तत्काल सहयोग के लिए जाम स्थल पर बीडीओ दिनेश कुमार ने दिया।

### खीस्त राजा विद्यालय में 10 वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**चंदवा।** खीस्त राजा विद्यालय परिवार के द्वारा मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित कर दसवीं कक्षा में अध्ययनरत 154 विद्यार्थियों एवं विद्यालय में 34 वर्ष 4 महीने 17 दिन की सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए शिक्षक जोन लकड़ा को विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना के साथ हुई तत्पश्चात आठवीं नौवीं व अन्य कक्षा के विद्यार्थियों के द्वारा विदाई गीत समेत कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए फादर जोसेफ एक्का ने कहा कि आप सभी विद्यार्थियों देश के भविष्य हैं व आने वाल समय आपके भविष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है, इस लिए पूरी लगन, मेहनत व ईमानदारी के साथ आगामी दशवीं की परीक्षा में भाग लें व अपना शत प्रतिशत देने का प्रयास करें।इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें विदा किया, साथ ही आगामी परीक्षा परिणाम में बेहतर प्रदर्शन करने पर सम्मानित करने किये जाने की भी बात कही।

## सबका साथ सबका विकास व सबका प्रयास की भावना के साथ होगा काम : शिव प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु का मंगलवार को पालकोट रोड स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद साहु ने कहा कि पार्टी का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास व सबका प्रयास के भावना के साथ वे काम करेंगे और जिले के विकास में पार्टी की भूमिका सुनिश्चित करेंगे। उनका लक्ष्य होगा जिले के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। वे पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित कर पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे। साथ ही जिले के विकास व केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करेंगे। श्री साहु ने कहा कि आने वाला समय चुनौती पूर्ण है। लोकसभा का चुनाव होने वाला है। पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करते हुए लोहरदगा लोक सभा सीट पार्टी की झोलनी में डालना उनका लक्ष्य होगा। निर्वतमान जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि नये जिलाध्यक्ष पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें प्रदेश कार्यसमिति में स्थान दिया है। वे पार्टी हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, निर्मल गोयल, दामोदर कसेरा, कृष्णा मिश्रा, सागर उरांव, विनोद कुमार, छोटे सोनी, सुजित नंदा, अजीत विश्वकर्मा, शंभू सिंह, विकास सिंह, मनीष कुमार, कौशलेंद्र जमुवार, बबलू वर्मा, देवेंद्र लाल उरांव आदि उपस्थित थे।


नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा नेता

## एक नजर में

### भाजपा की गांव चलो अभियान की तैयारी को लेकर मंडल की बैठक संपन्न


मौके पर मौजूद लोग

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के माको डाक बंगला में मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक की शुरूआत में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित कर किया गया। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से गांव के लाभार्थियो को अवगत कराएं। उन्होने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता गांव के सभी घरों में जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियो से ग्रामीणों को अवगत कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम प्रभारी लाल अमित नाथ शाहदेव ने कहा कि कार्यकताओं को गांव में जाने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जोड़ने की जरूरत है। कार्यक्रम सह प्रभारी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी ने कहा कि संगठन द्वारा दिये गये कार्य को पूरा करना हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है। बैठक को राकेश दुबे, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उमेश सिंह व युवा मोर्चा प्रदेश सदस्य मुकेश पांडेय ने भी संबोधित किया।

## सोकराहातु गांव में ग्रामीणों ने वनरक्षी सहित क्यूआरटी टीम को घंटो बनाया बंधक

बाद में आपसी सहमति पर छोड़ा, ग्रामीणों ने कहा कि वन उनके जीविका का आधार है

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** वनो की कटाई की रोकथाम के लिए वन विभाग के द्वारा बनाये गये छापामारी टीम को सोकराहातु गांव में ग्रामीणों ने घंटों बंधक बनाकर रखा। इस दौरान वनरक्षी प्रवीण तिर्की, क्यूआरटी टीम के सदस्य जगमोहन उरांव, अनंत राम उरांव व बुधवा उरांव को ग्रामीण बंधक बनाये हुए थे। जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से ही उनकी जीविका चलती है और वे ही जंगल के रखवाले हैं। वन क्षेत्र से वे बेकार लकड़ियों को काटकर अपनी जीविका चलाते हैं। जिसपर हमेशा रोक लगायी जाती है। टीम के द्वारा ग्रामीणों का 21 साइकिल जब्त कर लिया गया। साइकिल जब्त की जाती तो कोई बात नहीं था। टीम के सदस्य ग्रामीणों के साथ मारपीट करते हैं जो उन्हें कतई पसंद नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि आये दिन जंगल से बड़े-बड़े लकड़ी के बोटे कटकर तस्कर ले जा रहे हैं। जिसमें वन कर्मियों की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। लेकिन जो वनों का रक्षा करते हैं और जिनके जीवन का आधार वन है उनपर हमेशा सख्ती करते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वे वनों की रक्षा करेंगे। वहीं वनरक्षी प्रवीण तिर्की ने कहा कि ग्रामीण जंगल से ही वनों की कटाई कर लकड़ी बेच रहे हैं। ग्रामीणों को सोमवार व शनिवार बाजार के दिन चार बोझा लकड़ी जलावन के लिए काटने की छुट दी गई है।

### हाईवा के धक्के से महिला की दर्दनाक मौत


हाईवा के नीचे पड़ा मृतका महिला का शव

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के कातिंग गांव के समीप हाईवा के धक्के से एक महिला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान कातिंग गांव निवासी मटिल्दा तिर्की के रूप में किया गया। इधर घटना की सूचना पर चैनपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला मटिल्दा तिर्की सुबह अपने काम से जा रही थी। तभी गुमला की ओर से रोड मेटेरियल लोड हाईवा ने महिला को अपने चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। इधर घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चैनपुर गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जिसके बाद चैनपुर थाना प्रभारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समझाने एवं अंतिम संस्कार के लिए नगद राशि देने के पश्चात लोगों ने जाम हटा दिया। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया और गाड़ी को चैनपुर थाना ले आयी।

### जेएसएससी प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच कराये सरकार : विनय वर्मा रिकी



**चंदवा।** जेएसएससी सीजीएल एग्जाम का प्रश्न पत्र लीक हो जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है,एग्जाम लेने वाली एजेंसी की लापरवाही का खामियाजा युवा अभ्यर्थी भर रहे हैं उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय कुमार रिकी ने प्रेस वार्ता कर कहीं। उन्होंने आगे कहा कि हेमंत सोरेन ने युवाओं को नौकरी देने का भरोसा देकर सत्ता हासिल किया था। सत्ता में आने के बाद न सिर्फ युवाओं का भरोसा तोड़ा बल्कि युवाओं के अंदर से सरकारी तंत्र का भी भरोसा तोड़ दिया। सभी सरकारी नौकरियों में बोली लगाई जा रही है,छोटा पद हो या फिर बड़ा कोई भी एग्जाम निष्पक्ष तरीके से आयोजित करने में सरकार पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। बिनय वर्मा ने आगे कहा कि सरकार के दिन अब लद चुके हैं बहुत जल्द ही सरकार जाने वाली है। भाजपा सरकार में गड़बड़ी करने वालो की जगह सीधे होटवार जेल में होगी। युवाओं के अंदर गहरा आक्रोश है इसका असर आगामी लोकसभा और विधानसभा में दिखेगा। कई ऐसे अभ्यर्थी हैं जो अपने अंतिम उम्र सीमा में परीक्षा लिख रहे है, ऐसे में परीक्षा रद्द होना उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहा है। सरकार दोषी को ढूंढने में सीबीआई का सहारा ले, पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराये और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करें।

## पढ़ाई के समय शिक्षक दूसरे कार्य में दिखेंगे तो होगी कार्रवाई : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को कल्याण विभाग अंतर्गत संचालिक कार्यों की समीक्षा बैठक हुआ। बैठक में उपायुक्त ने प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की समीक्षा की। जिसमें शत प्रतिशत बच्चों का आगामी 10 फरवरी से पूर्व ई कल्याण पोर्टल में पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने एक एक कर सभी प्रखंडों के बीईओ एवं बीपीओ को प्राथमिकता के साथ यह काम करने को कहा। इसके अलावा उपायुक्त ने कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी विद्यालय के शिक्षक क्लास के समय केवल बच्चों को पढ़ाने का काम करें, किसी भी प्रकार के सरकारी दस्तावेजों से जुड़े कार्य शिक्षक, क्लास के समय नहीं करेंगे अन्यथा संबंधित बीइओ व बीएलओ पर कार्रवाई होगी। इस दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2020 -21,2021 -22,2022 -23 एवं 2023 -24 अंतर्गत हुए निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। जिसके तहत दुन्दुरिया गुमला, रायडीह एवं पालकोट स्थित कल्याण छात्रावासों की मरम्मती व जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं रायडीह स्थित सन्याकोना एवं लूंगा ग्राम अंतर्गत क्रमशः 510 मीटर एवं 200 मीटर पीसीसी पथ के निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार नागफेनी स्थित ग्रामीण कल्याण अस्पताल की मरम्मती के कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। जारी प्रखंड के सीसी करमटोली एवं घाघरा स्थित देवकी पंचायत में भी कल्याण विभाग के द्वारा आदिवासी सांकृतिक कला केंद्र भवन निर्माण कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है। वहीं 30 पीवीटीजी टोलों में लघु ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना का भी कार्य पूर्ण हो चुका है। रायडीह में भी ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना के तहत कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही बसिया स्थित पॉलिटेक्निक भवन निर्माण कार्यों को भी पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा बिरसा आवास योजना के तहत कुल 910 स्वीकृत योजनाओं के विरुद्ध कुल 596 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अलावा उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, राहत राशि भुगतान योजना , मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना , वन पट्टा तथा साइकिल वितरण योजना आदि की भी समीक्षा की।

### भाजपा की गांव चलो अभियान को लेकर बरवाडीह व छिपादोहर मण्डल में हुई बैठक


बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता

**बरवाडीह।** मंगलवार को बरवाडीह और छिपादोहर मण्डल में गांव चलो अभियान कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बैठक आहूत की गई। बरवाडीह में आहूत बैठक में मुख्य रूप से भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजू सिंह ने शिरकत की। वहीं छिपादोहर में अवधेश सिंह चेरो मौजूद रहे। जहां कार्यक्रम पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए दोनों मण्डल अंतर्गत पंचायतवार प्रभारी की नियुक्ति की गई। नेत्री मंजू सिंह ने बताया कि सभी प्रभारी निर्धारित तिथि को गांवों में संपर्क अभियान चलाएंगे और ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। दूसरी ओर छिपादोहर में मण्डल संयोजक मुन्ना गुप्ता को बनाया गया और सह संयोजक सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी तथा बृजमोहन सिंह को बनाया गया। साथ ही 34 गांव और 30 बूथों पर प्रवासी प्रभारी नियुक्त किए गए। बताया गया कि यह कार्यक्रम 4 फरवरी से 11 फरवरी तक सभी गांवों में चलाया जाएगा। इधर बरवाडीह में आहूत बैठक में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप यादव, प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, मण्डल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, महामंत्री प्रदीप सिंह और मनोज प्रसाद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं छिपादोहर में आहूत बैठक में भाजयुमो जिला मंत्री अजय प्रसाद, छिपादोहर मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह, अवधेश सिंह और गुड्डू कुमार सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विस्थापित हाइवा ऑनर एसोसिएशन की अनिश्चित कालीन धरना पांचवें दिन भी जारी

# भाड़ा वृद्धि एवं उचित समय पर भुगतान नही होगी, तब तक हड़ताल जारी : विजय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**टंडवा (चतरा)।** विस्थापित हाइवा ऑनर एसोसिएशन टंडवा के बैनर तले वाहन मालिकों ने तीन सूत्री मांग को लेकर आज पांचवे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे है। वाहन मालिकों ने बताया कि चट्टी बरियातू से टंडवा एनटीपीसी, बचरा रेलवे साइडिंग एवं कटकमसांडी रेलवे साइडिंग के लिए कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाली टायकून इंडस्ट्रीज कम्पनी, प्रगति कम्पनी, पीएनएम एवं ऋत्विक कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें इन सभी कम्पनियों की मनमानी रवैया जैसे भाड़ा की दर कम एवं सही समय पर भाड़ा की भुगतान नही होना इस प्रकार की समस्याओं से क्षुब्ध होकर हाइवा ऑनर एसोसिएशन ने अनिश्चितकालीन के लिए ट्रांसपोर्टिंग कार्य बंद कराके हड़ताल पर बैठ गया है। तीन सूत्री मांग को लेकर ऑनरो ने पत्र जारी कर मुख्य मांग एवं भाड़ा की दर तय किया। जिसमें पहला चट्टी बरियातू से एनटीपीसी के लिए रु 200 प्रति टन, बचरा रेलवे साइडिंग रु 320 कटकमसांडी रेलवे साइडिंग रु 650 , दूसरा कोयले की ढुलाई लोकल वाहनों के द्वारा किया जाए, बाहरी बहनों से नही। एवं तीसरा मांग भाड़ा का भुगतान महीना में दो बार क्रमशः 1 से 15 का 22 तारिक एवं 16 से 30 तक 7 तारिक तक किया जाने की मांग किया है। उक्त तीनों मांगो तमाम ट्रांसपोर्टिंग कम्पनियों द्वारा जब तक पूरी नही की जाती है, तब तक हड़ताल जारी रहेगा।लिहाजा हड़ताल के चौथे दिन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास मनोज चंद्रा एवं बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद के भाई अंकित राज विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया समेत एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारी व कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में सभी ट्रांसपोर्टिंग कम्पनियों के अधिकारियों द्वारा ऑनरो के साथ वार्ता किया। इस दौरान ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों ने भाड़ा वृद्धि संबंधित निर्णय लेने के लिए संघ से मांगी गई 10 दिनों के मोहलत को एक स्वर में एसोसिएशन द्वारा नकार दिया गया। और हड़ताल जारी रखे हुवे है। हड़ताल में मुकेश कुमार विजय कुमार साहू अशोक महतो निर्मल महतो नेपाल महतो सुनील कुमार सुंडी समेत सैंकड़ो वाहन मालिक मौजूद है।

# स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दिया श्रद्धांजलि

**कोडरमा।** स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में शहीद दिवस मनाया गया। वहीं एसी अनिल तिर्की के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर डीआरडीए निदेशक गोरांग महतो, डीएसओ अविनाश पुरेन्दू, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव शाह, जिला पशुपालन पदाधिकारी राम सरीख यादव, जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो, डीएमओ दारोगा राय, डीपीओ अनूप कुजूर आदि मौजूद थे।


**कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 11 दिनांक 24.01.2024 द्वारा प्रकाशित सहपठित PR 316880 Rural Development(23-24)#D अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2023–24 में सभी योजनाओं का परिमाण विपत्र का मूल्य मो0–2500.00 रू0 के स्थान पर मो0–5000.00 रू0 पढ़ा जाय।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
हजारीबाग

PR 317423 (Rural Development)23-24*D



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, खूँटी (विकास शाखा)**

-:: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना ::-

खूँटी जिले के खूँटी, कर्रा एवं मुरहू प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र/छात्राओं की प्रतिभा में संवर्धन एवं विद्यार्थियों के मौलिक विकास हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से ज्ञानोपयोगी पुस्तकों के क्रय/आपूर्ति हेतु निम्न प्रकार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र | निविदा का प्रकार | विद्यालयों की संख्या | पुस्तकों की संख्या | प्राक्कलित राशि | प्रतिभूति राशि (@ 2 % of Estimated Cost) | निविदा प्राप्त करने का अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का तिथि एवं समय | Procurement Procedure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी जिले खूँटी, कर्रा एवं मुरहू प्रखण्ड के सरकारी विद्यालयों में पुस्तकों का क्रय | 111 | कुल 107 पुस्तक प्रतिविद्यालय (एक सेट में) | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 15.02.2024 till 11:30 AM | 15.02.2024 at 03:30 PM | Single Stage Two Envelop Basis |

निविदा की शर्ते निम्नवत् है :–

1. सभी निविदायें द्विलिफाफा प्रणाली (Double Envelop System) के अनुसार डाली जायेगी।
2. निविदादाता एक लिफाफे पर साफ शब्दों में "तकनीकी बीड" (Technical Bid) लिखकर उसमें मांगे गये सारे कागजात एवं प्रमाण पत्र (प्रतिभूति राशि का ड्राफ्ट सहित) डालेंगे एवं उसे मुहरबंद करेंगे तथा उस पर अपना नाम एवं पता साफ–साफ अंकित करेंगे।
3. दूसरे लिफाफे पर साफ शब्दों में "वित्तीय बीड" (Financial Bid) अंकित करेंगे। उस लिफाफे में पुस्तकों का दर वित्तीय निविदा के शर्त के क्रमांक 01 के अनुसार अंकित करेंगे और उसे लिफाफे में डालकर मुहरबंद करेंगे। उस लिफाफे में दर के अलावे कोई अन्य कागजात नहीं डाला जायेगा। उस लिफाफा पर भी नाम एवं पता साफ–साफ अंकित करेंगे।
4. तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड दोनों मुहरबंद लिफाफों को तीसरे लिफाफे में डालकर उस लिफाफे को बंद करेंगे और उस पर साफ–साफ "पुस्तक हेतु निविदा" लिखेंगे। लिफाफे पर अपना नाम, पता एवं दूरभाष संख्या अंकित करेंगे। उस लिफाफे को उप विकास आयुक्त, खूँटी के नाम से मुहरबंद कर निबंधित डाक या स्पीडपोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उप विकास आयुक्त, खूँटी का कार्यालय विकास शाखा खूँटी को भेजेंगे/जमा करेंगे।
5. निविदा से संबंधित एवं पुस्तकों की सूची की जानकारी के लिए जिला के वेबसाईट www.khunti.nic.in देखा जा सकता है।

ह०/–
उपविकास आयुक्त, खूँटी

PR 317298 District (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग**

**सूचना**

झारखंड सरकार, मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं आम जनों को सूचित किया जाता है कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी (शहीद दिवस) को पूर्वाह्न 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखा जाए तथा राष्ट्रीय एकता के संबंध में भाषण एवं वार्ताएं आयोजित की जाएं।



**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/27/2023-24

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | खूँटी जिला अन्तर्गत अड़की प्रखण्ड के कोचांग पंचायत में पंचायत भवन का नवनिर्माण। | 99,89,000.00 | 2,00,000.00 | 10,000.00 | 9 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 31.01.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 07.02.2024 के अपराह्ण 03:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 07.02.2024 के अपराह्ण 03:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 07.02.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, खूँटी

PR317398 (District)23-24*D


## स्पीड न्यूज

### ट्रक और टेलर में टक्कर, चालक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त स्थानीय कोलटेक्स के समीप मंगलवार अहले सुबह गैस लदे ट्रक और टेलर के बीच टक्कर हो गया, जिससे ट्रक चालक नवादा बिहार निवासी 40 वर्षीय राजनन्दन प्रसाद सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक गैस लोड ट्रक बोकारो से कोडरमा होते हुए बिहार जा रहा था, घटनास्थल पहुंचते ही विपरीत दिशा से चली आ रही टेलर से जोरदार टक्कर हो गया। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि ट्रक चालक घायल हो गया।

### गुमशुदगी को लेकर थाना में आवेदन

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी निवासी संजय कुमार पिता अंबिका प्रसाद ने कोडरमा थाना में अपनी बेटी के देवर के गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में बताया की मेरी बेटी का देवर 28 वर्षीय संजय कुमार उर्फ पोलू पिता सुनील कुमार सिंह पता गुलरियाचक थाना टेकारी जिला गया बिहार निवासी जो मानसिक रूप से बीमार भी है। मेरे घर पर पिछले आठ महीने से रह रहा था। 29 जनवरी की सुबह करीब साढ़े आठ बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गया।

### एक को वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यायलय स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो में 1 फरवरी 2024 को विद्यालय का वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह धूमधाम से मनाया जायगा। उक्त बातों की जानकारी विद्यालय के शिक्षक विद्यासागर पासवान व रामकृपाल सिंह ने दी। वहीं विद्यालय की प्राचार्या स्वर्णलता 31 जनवरी को अवकाश प्राप्त कर रही हैं। इसी मौके पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह धुमधाम से मनाया जायगा।

### अमरदीप 67वीं नेशनल स्कूल गेम्स में जज का निभाया किरदार

**कोडरमा।** रांची में संपन्न हुए 67वीं एस.जी.एफ.आई नेशनल स्कूल गेम्स वूशु में तकनीकी अधिकारी के रूप में पूरे खेल के दौरान जजिंग किरदार निभाया। एसजीएफआई गेम्स वूशु की प्रतियोगिता झारखंड की राजधानी रांची में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित की गई, जिसमे पूरे भारत के विभिन्न स्कूलों के 500 से ज्यादा बच्चो ने भाग लिया।

### एसपी ने किया व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा कोडरमा व्यवहार न्यायालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को ड्यूटी से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं व्यवहार न्यायालय कोडरमा के दोनों गेट पर ड्रोप गेट लगाने का आदेश किया गया। वहीं उन्होंने कोर्ट परिसर में आने–जाने वालों का ब्रिकेटींग तथा उनके सामानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। वहीं माननीय न्यायाधीशों एवं दण्डाधिकारियों के सुरक्षा में प्रतिनियुक्त अंगरक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क किया गया।

## महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा शुरू, बोलें सिविल सर्जन

# कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नही बल्कि प्रेम का भाव रखना चाहिए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। वहीं सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार के द्वारा महात्मा गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पखवाड़ा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. कुमार ने कहा कि जागरूकता के अभाव और समाज में फैली विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों के कारण लोग कुष्ठ रोगियों से भेदभाव करते है, जबकि यह रोग छुआछूत की नही है, उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोगियों को भी सम्मान से जीने का अधिकार है, ऐसे में इनसे भेदभाव नही करना चाहिए, बल्कि ऐसे मरीजों के साथ स्नेह और प्रेम का भाव रखने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता से सम्बंधित प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगा। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने कहा कि पखवाड़ा के दौरान जिले के सभी गांवों, आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नही करने के लिए शपथ दिलाया जाएगा। इसके अलावे इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को इस रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कुष्ठ रोग पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले में अभी प्रत्येक 10 हजार जनसंख्या में कुष्ठ रोगियों की संख्या 1 से भी कम है, यानी जिले में कुष्ठ रोग के प्रसार रेट एक से भी कम है। उन्होंने कहा कि इस बार का थीम कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना है। मौके पर एसीएमओ डॉ. रंजीत कुमार, डीएमओ डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. सौरभ कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. शालिनी कौशल, डॉ. कुमारी प्रियांशु, डीपीएम महेश कुमार, फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, डीडीएम पवन कुमार, सिद्धांत ओहदार, शम्भू कुमार, दीपेश कुमार आदि मौजूद थे।

## डीसी ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष व कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में सिमरिया प्रखंड के बानासाड़ी पंचायत के रहने वाले जनता ने बताया कि ग्राम कुट्टी में लगभग 80 % आदिवासी परिवार रहते हैं। इस ग्राम में आंगनवाड़ी केंद्र नहीं है। यहां पर एक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की गई थी। पर वह भी राजकीय प्राथमिकी विद्यालय सिमरिया में मर्ज हो गया है। यहां के ग्रामीण आंगनवाड़ी केंद्र नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। जिससे गांव के बच्चे को कुपोषण का उपचार नहीं हो पा रहा है और ना ही शिक्षा मिल पा रहा है। इसपर उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। वहीं दूसरे मामले में हंटरगंज के रहने वाले सीख समुदाय के लोगों ने उपायुक्त से मिल आवेदन के माध्यम से डुमरिकला में हो रहे समुदाय भवन निर्माण कार्य को लेकर जांच कराने हेतु अनुरोध किया। इसपर उपायुक्त ने अस्वस्त करते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। इसी प्रकार अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड, भूमि विवाद से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

### शहीदों के बलिदान को मौन रख कर किया गया नमन

**चतरा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अबु इमरान एवं जिले के पदाधिकारियों व कर्मियों ने शहीदों के बलिदान को याद कर दो मिनट का मौन रखा। वहीं जिले के अन्य सभी कार्यालयों एवं सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी शहीदों के बलिदान को याद कर उन्हे नमन करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। उक्त कार्यक्रम में सभी अधिकारी और कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर सद्भाव व राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

**कोडरमा।** देशव्यापी आह्वान पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 77वें शहादत दिवस पर संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियनों के संयुक्त बैनर तले कोडरमा स्थित गांधी चौक पर बापु की प्रतीमा के समक्ष धरना दिया गया। सर्वप्रथम बापु की प्रतिमा पर नेताओं ने माल्यार्पण किया, जहां बापु हम शर्मिंदा हैं तेरे कातिल जिन्दा हैं, महात्मा गांधी अमर रहे, नफरत बढ़ाने वाली राजनीति बंद करो, देश की एकता को मजबूत करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। इस अवसर पर सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति की अध्यक्षता में हुई सभा को जिप सदस्य महादेव राम, सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, एक्टू के राज्य सचिव भूवनेश्वर केवट, झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, एटक के प्रकाश रजक, किसान महासभा के राजेन्द्र मेहता, कॉपरेटिव फेडरेशन के अशोक वर्मा मुख्य रूप से सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि 30 जनवरी 1948 को गांधी जी की हत्या आरएसएस से संबन्ध रखने वाले नाथूराम गोडसे ने कर दिया था। जिस आरएसएस का इतिहास अंग्रेजों की मुखबिरी और देश के साथ गद्दारी करने का रहा है। देश का दुर्भाग्य है कि पिछले दस सालों से गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा के लोग देश की सत्ता पर काबिज है। गांधी की हत्या आज भी जारी है, क्योंकि भाजपा और आरएसएस सर्वधर्म सद्भाव को खत्म करना चाहती है, आरक्षण खत्म करना चाहती है, कॉरपोरेट के पक्ष में बेरोजगारों का देश बनाना चाहती है, धर्म के नाम पर देश को हिन्दू पाकिस्तान बनाने की साजिश हो रही है, जो देश की एकता और अखंडता को खंडित कर देगा। इसलिए देश में सांप्रदायिक सद्भाव और एकता बनाए रखने के लिए, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए गांधी के हत्या करने वाली विचारधारा को आगामी लोकसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल करना ही बापु को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में भीखारी तुरी, ग्यासुद्दीन अंसारी, महेन्द्र तुरी, अशोक यादव, सरस कुमार बबलू, कयुम उद्दीन, सुखदेव पाण्डेय, रामचन्द्र शर्मा, बलवा देवी, संतोष ठाकुर, अरविंद कुमार राणा, रंजीत राम, टेकलाल दास, सियाराम, रंजीत रजक, पंकज मेहता, रामलाल दास, कैलाश दास, मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे।

### 25 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**कोडरमा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिले में चार अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट लगाया गया है तथा एसपी अनुदीप सिंह के निदेर्शानुसार 24ग7 विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिवाकर कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) कोडरमा सह–थाना प्रभारी, सतगावां के नेतृत्व में मंगलवार को जिले के सतगावां थाना अंतर्गत नासरगंज चेकपोस्ट के पास से एक टीवीएस राइडर मोटरसाईकिल संख्या बीआर21ई/5075 से ले जा रहे थैले में 25 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक अभियुक्त बब्लु कुमार पिता उमेश चौधरी, ग्राम गौर विद्या, थाना–रजौली, जिला–नालंदा, (बिहार) को गिरफतार किया गया है। इस संबंध में सतगावां थाना अंतर्गत विधि सम्मत कार्यवाई की जा रही है।

# गोल टैलेंट सर्च परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 14 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** गोल टैलेंट सर्च परीक्षा 2023-24 में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 14 छात्रों को गोल्ड मेडल मिला, इसमें से चार छात्रों को गोल्ड मेडल के साथ ट्रेवलिंग बैग, सर्टिफिकेट और टैब दिया गया है। मंगलवार को स्कूल परिसर में विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद शर्मा की उपस्थिति में कोडरमा फायर सेफ्टी ऑफिसर शैलेंद्र कुमार ने विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट दिया। इस बारे में प्राचार्य ने बताया कि अभिनव कुमार को मेडल और सर्टिफिकेट के साथ टैब दिया गया। जबकि शिवम कुमार यादव, मोहित राज और रौशन कुमार को बैग, मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। जबकि सचिन कुमार, हंसराज, समर गौतम, काव्या भदानी, अनमोल कुमारी, अदिति कुमारी, अविका पांडेय, आर्यन कुमार सिंह, राजवीर मोदी और खुशी कुमारी सिंह को गोल्ड मेडल के साथ सर्टिफिकेट दिया गया। वहीं प्राचार्य ने कहा की इस विद्यालय के बच्चे हर मंच पर अपनी उपस्थिति का एहसास कर रहे हैं। छात्रों की सफलता पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक, सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, किशोर कुणाल, चंदन पांडेय, शंकर कुमार, विक्रम कुमार, संजय तिवारी, जेपी सिंह, फैयाज कैशर, सतीश कुमार, विक्की कुमार, अभिलाषा सिंह, पायल सिंह, पवन ठाकुर, राकेश पांडेय, कुंदन राणा, रजनीबाला, राहुल कुमार, मनोज सिंह, रमेश कुंज, सुमित साव, हंसपाल कुमार, सुनील पाठक समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


**District Health Society Koderma**

Letter no.............dt.........

**EXPRESSION OF INTEREST**

EOI No :01/2024

**Introduction**

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the District Health Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Pradhan Mantri Jan Arogya Yojna.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification | Emoluments |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Orthopedic Surgeon | 1 | D.Ortho/M.S/DNB (Orthopedics) | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Extra incentive based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 2. | Rediologist | 1 | MD/ DMRD/DNB | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Extra incentive based on PMJAY package will be paid on every case. • Duty will be assigned as per roaster. |
| 3. | General Surgeon | 2 | MS/DNB | • Minimum 10 working daysin a month. • Remuneration of Rs 3000 per day. • Extra incentive based on PMJAY package will be paid on every surgery. • Duty will be assigned as per roaster. |

1. The jobs offered are contractual for tenure of one year from the date of joining and can be renewed further after successful completion of agreement period upon mutual consent and performance review or appraisal.
2. TDS will be applicable as per Government rules and leave shall be availed as according to provision of State government.
3. Age limit - 60 years as on 01.03.2023.
4. Interested candidates are requested to report with filled Annexure A, at 11.00 AM on below mentioned date at Civil Surgeon Office, Sadar Hospital Campus ,Koderma for the above interview with their Original Certificates and Testimonials as mentioned in application form.
5. The remuneration as mentioned above is negotiable and will be finalized during counselling/ interview session to be held on below mentioned interview schedule.
6. Chairman, District Health Society, will have the sole authority to accept or reject any application, if he is satisfied with the cause to do so, without assigning any reason thereof.
7. The undersigned reserves the right to cancel/reject the advertisement without assigning any reason thereof.
8. For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026 , 9065527608. Email id nhmreckod@gmail.com.
9. Annexure A and other details can be downloaded from district website http://koderma.nic.in.

**Date of Interview : 12/02/2024**

Civil Surgeon cum Chief Medical Officer
Koderma

PR317332 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

स्पीड न्यूज

### गोपाल मैदान में मुखी समाज का यूथ फेस्टिवल 4 को

**जमशेदपुर।** मंगलवार को संध्या 4 :00 बजे साक्षी जुबली पार्क स्थित जैन टाटा मूर्ति के समझ युवा संगठन मुखी समाज यूथ कमिटी जमशेदपुर की ओर से आगामी 4 फरवरी 2024 दिन रविवार को दोपहर 3 : 00 बजे बिष्टुपुर स्थित गोपाल और रीगल मैदान में पहली बार जमशेदपुर स्तरीय मुखी समाज यूथ फेस्टिवल शाह मिलन समारोह 2024 का आगाज होने जा रहा है।

### टाटा वर्कर्स यूनियन : सीआरएमटी लैब से ओपी सिंह निर्विरोध निर्वाचित

**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव में सीआरएमटी .लैब, सांइटिफिक सर्विसेज से ओ.पी. सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित होने पर विभाग के साथियों ने उन्हें फुलमाला और फुलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया और रंग अबीर-गुलाल लगा कर एक दूसरे को खुश हाली मनाया। साथ में मिठाई खिलाकर खुशी मनाते हुए सभी झुम उठें। ये अपने विभाग में पहली बार निर्विरोध चुने गए। सभी साथियों गण उपस्थित थे और खुशी व्यक्त किया गया कि पिछले दो बार से ट्रस्टी सदस्य रहें इस बार निर्विरोध चुने जाने पर आफिस बेरियर के पद में सुशोभित हो। ओपी सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विभाग के सभी साथियों का मैं अपने हृदय से आभार व्यक्त करता हूं और मैं इसके लिए अतुलनीय योगदान समर्थन किया है और जो भी अधुरा कार्य है उसे मैं संपन्न करने का पुरा खड़ा उतरूंगा।

### एमएनपीएस में मैथ फर्स्ट संपन्न

**जमशेदपुर।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के सभागार में वार्षिक मैथ्स फर्स्ट का आयोजन किया गया। जूनियर तथा सीनियर गणित विभाग द्वारा आयोजित इस फेस्ट के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जैसे मैथ्स क्विज ,ट्रेजर हंट ,ब्रेनस्टॉर्मिंग, एक्टिव मैथ्स ,जंपिंग डाइस, शेप्स हट तथा कोडिंग और डिकोडिंग। इस फेस्ट के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में गणित विषय के प्रति रुझान ललक तथा अन्वेषण पैदा करना था ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्या श्रीमती आशु तिवारी उप प्राचार्या श्रीमती राखी मित्रा तथा कोऑर्डिनेटर श्रीमती रेनू सिन्हा के मार्गदर्शन तथा निरीक्षण की अहम भूमिका रही।

# लड़ाकू नेता सुधांशु ओझा बने भाजपा महानगर अध्यक्ष, स्वागत ही स्वागत

## पार्टी कार्यकर्ताओं का सम्मान रहेगा मेरे लिए सर्वोपरि,संगठन बनायेंगे सशक्त : बाबा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अपने मित्रों में बाबा के नाम से मशहूर लड़ाकू युवा भाजपाई सुधांशु ओझा अब भाजपा जमशेदपुर महानगर इकाई के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। वैसे तो अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदार थे किन्तु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रियपात्र बाबा ने बाजी मार ली, और अध्यक्ष पद हासिल करने में कामयाब हो गए। बाबा के मनोनयन को कार्यकर्ताओं और नेताओं में किस कदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार किया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज सुबह से शाम तक जिला स्तर से लेकर प्रकोष्ठ स्तर के नेताओं का तांता उनसे मिलने के लिए लगा रहा। भगवा गमछा और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया तो उत्साही कुछ कार्यकर्ताओं ने विशाल एवं भारी माला भी उनको पहना कर अपने



सुधांशु ओझा का अभिनंदन करती स्वदेशी जागरण मंच की श्रीमती राजपति देवी व अन्य महिलाएं।

जोश का इजहार किया। सुधांशु ओझा का शहर के विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया। जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष बनने के पश्चात मंगलवार को पहली बार साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचने पर सैकड़ों भाजपा कार्यकताओं ने सुधांशु ओझा का पुष्पगुच्छ, फूलमाला, अंगवस्त्र भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें नवीन दायित्व की शुभकामनाएं व्यक्त की। इस दौरान पार्टी के वरीय नेताओं के संग विभिन्न मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आये बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे। वहीं, स्वागत से अभिभूत जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सभी नेताओं एवं कार्यकताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाकर एवं वरीय नेताओं एवं कार्यकताओं के सहयोग से संगठन को और मजबूत करने की दिशा में कार्य करूंगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं, उनका सम्मान सदैव सर्वोपरि रहेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए विजयी संकल्प के साथ पूरी मजबूती से जुट जाने का आह्वान किया। कहा कि जमशेदपुर महानगर में सबके सम्मिलित प्रयास से पार्टी अपने जीत का पुराना इतिहास दोहराएगी। इससे पहले, सुधांशु ओझा ने बाबा जटाधारी शिव मंदिर में पूजा अर्चना कर दिन की शुरूआत की। इसके बाद, कदमा स्थित रांकिणी माता मंदिर में मंडल अध्यक्ष एवं स्थानीय कार्यकताओं के संग पूजा -अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात, बारीडीह स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय जाकर पदाधिकारियों से मुलाकात की। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के सीतारामडेरा स्थित आवास जाकर उनसे मुलाकात की और सांगठनिक चर्चा की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने पार्टी का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला से स्वागत कर शुभकामनाएं व्यक्त की। देर शाम तक विभिन्न स्थानों पर राजनीतिक एवं समाजिक संगठनों की ओर से जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

## सुधांशु ओझा को निवर्तमान अध्यक्ष गुंजन यादव ने घर जाकर दी बधाई



नये अध्यक्ष सुधांशु ओझा को अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर गर्मजोशी से स्वागत करते निवर्तमान अध्यक्ष गुंजन यादव और महासचिव राकेश सिंह।

**जमशेदपुर।** भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को झारखंड प्रदेश के सभी जिलों में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी। भाजपा जमशेदपुर महानगर के वर्तमान में जिला उपाध्यक्ष रहे सुधांशु ओझा भाजपा जमशेदपुर महानगर के नए अध्यक्ष मनोनीत किये गए हैं। जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर जमशेदपुर महानगर के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने सुधांशु ओझा के कदमा शास्त्रीनगर स्थित आवास जाकर उन्हें बधाई दी। गुंजन यादव ने सुधांशु ओझा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं मिठाई खिलाकर उन्हें नए दायित्व हेतु शुभकामनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को सम्मान देकर कार्यकताओं का मान बढ़ाया है। गुंजन यादव ने हर्ष जताते हुए कहा कि जिला उपाध्यक्ष के रूप में उनका सहयोग हमेशा प्राप्त हुआ। उन्होंने विश्वास जताया कि सुधांशु ओझा के लंबे राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन के अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और संगठन जमशेदपुर महानगर में और सशक्त होकर जनसेवा के कार्यों में संलग्न रहेगी।

# गांधी शरणम् गच्छामी...



लोयला स्कूल परिसर में विभिन्न समुदायों ने मिल कर निकाला शांति मार्च।



विभिन्न धर्मों के गुरुओं ने सर्वधर्म प्रार्थना से पूर्व गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## विश्व शांति के लिए गांधी जी की पुण्य तिथि पर शांति मार्च और सर्वधर्म प्रार्थना संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश-दुनिया में अशांति से माहौल से मानवता को खतरा है। शांति से ही दुनिया में मानवीय मूल्यों और मानवता की रक्षा की जा सकती है। विश्व शांति के लिए गांधी जी के विचारों को दुनिया को आत्मसात करना होगा। आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया को गांधीजी और उनके विचारों की पहले से ज्यादा जरुरत है। इन्हीं कामनाओं के साथ लॉयोला प्रार्थना हॉल, बिस्टुपुर में विश्व शांति के लिए सभी धर्मों की एक विशेष प्रार्थना सभा आज आयोजित की गई। यह प्रार्थना सभा विशेष रूप से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि की याद में, जमशेदपुर के ह्यूमन एकोलॉजी सोसायटी की एक विशेष पहल थी। इस महत्वपूर्ण प्रार्थना सभा में शहर के विभिन्न हिस्सों से धार्मिक गुरुओ को शामिल किया गया। प्रार्थना सभा की शुरूआत बास्केटबॉल कोर्ट से प्रार्थना हॉल तक रघुपति राघव राजा राम गीत के साथ शांति मार्च के द्वारा हुई। तत्पश्चात विश्व शांति दिवस का अनावरण किया गया। उसके पश्चात सभी धर्मों के गुरुओ को स्वागत एवं सम्मानित किया गया, जिसकी अगुवाई श्री सिरिल के द्वारा की गई। सभा का संचालन श्रीमती डिलीत के द्वारा किया गया। तत्पश्चात एक गीत मेक मी ए चैनल ऑफ पीस को गीत मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात भिन्न-भिन्न धर्म गुरुओ द्वारा विश्व शांति के लिए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना की गई। जिसमें ब्रम्हाकुमारी मिशन से आदरणीय प्रीति बहन, रामकृष्ण मिशन से आदरणीय इष्ट प्रेमानंद स्वामी, इस्लाम धर्म से आदरणीय हफीज अंवर साहिब, सिख धर्म से आदरणीय ग्रंथी बाबा सुखजिंदर सिंह, बौद्ध धर्म से आदरणीय वेनरेबल गायनो जोटि महा थेरा, सरना धर्म से आदरणीय बहादुर हंसड़ा, पारसी धर्म से आदरणीय सवाक पटेल, सेक्रेटरी प्रेयर फ्लेम जमशेदपुर से आदरणीय पास्टर सुरेश धनुकुमार और ईसाई धर्म से आदरणीय फादर आलविन शामिल हुए। इस प्रार्थना सभा को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य विश्व में एकता, शांति और सद्भाव को स्थापित करना है।

सभी धर्मों के गुरुओ का सामूहिक संदेश था, कि हम सभी मिलकर एक सुखद और शांतिपूर्ण विश्व की दिशा में काम करें। यह साझा प्रयास हमारे समृद्धि और एकता को महसूस कराता है और इस अद्वितीय क्षण को महान बनाने वाले सभी साकारात्मक विचारों का समर्थन करता है।

























## ऑटो कलस्टर में तीन दिवसीय मशीनरी एंड इंजीनियरिंग एक्सपो दो फरवरी से

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** दो से 4 फरवरी तक चलने वाला इंडोमैक बिजनेस सौल्युशन्स द्वारा आदित्यपुर ऑटो कल्सटर एवं एसिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) का शुभारम्भ के मुख्य अतिथि सरायकेला खरसावाँ के उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला (आईएएस), विशिष्ट अतिथि के रूप में जियाडा आदित्यपुर रिजनल डायरेक्टर श्री प्रेम रंजन, आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के प्रबंध निदेशक श्री एस एन ठाकुर, एसिया के अध्यक्ष श्री इंदर अग्रवाल, संयुक्त रूप से होंगे। उक्त जानकारी देते हुए इंडोमैक के के निदेशक मनीष सिन्हा एवं सुमित कोडवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि आदित्यपुर इडस्ट्रीयल एरिया देश का एक महत्तवपूर्ण एवं सबसे बड़ा लघु उद्योग का स्थान है जहाँ बड़ी संख्या में छोटे, मझौले एवं बड़े उद्योग स्थापित हैं और इस तरह के इंडस्ट्रीयल एक्सपो के आयोजन से देश-विदेश में इंडस्ट्री के क्षेत्र में नवीनतम बदलाव एवं नये-नये तकनीक से यहां के उद्योगपति रूबरू होंगे। इस एक्सपो में देशभर से करीब 20,000 विजिटरों के आने की संभावना है एवं करीब 600 करोड़ से भी अधिक के व्यवसाय की आशा है। यह एक्सपो शहर के सभी लघु एवं मध्यम उद्योगो के लिये अनेक अवसर प्रदान करेगा। इस इंडो मैक एक्सपो में विजिटर्स को मीतु तोयो, मेटल एआरसी, टेम्कोन, दसना इंडस्ट्रीज, कोयकी इंडिया, बिरला प्रिसिजन, ईएमएच क्रेन्स, एडॉर बिल्डिंग, हैको मशीनरी, एलएनटी, आईगस, क्रिएटिव फाइब्रोटेक, सिमफोनी, मल्टीटेक सिस्टम, सलजर इलेक्ट्रॉनिक्स, मेबा इंडिया, वेलमॉक इंटरनेशनल, वाईगोर वेल्डींग, इट टेक्नोलॉजी, राज पेट्रो, केना मेटल इंडिया, सुप्रीम टेक्नोलॉजी, आशा एब्लॉय, टू पॉवर, सिगनोड सहित अन्य कम्पनियों द्वारा अपने प्रोडक्ट्स को प्रदर्शित किया जा रहा है।

### गांधी के शहादत दिवस पर साकची गोलचक्कर पर संकल्प सभा

**जमशेदपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर आज साक्षी विरसा चौक पर अपराह्न तीन बजे से संध्या पांच बजे तक संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जमशेदपुर सर्वोदय मंडल, साझा नागरिक मंच और जमशेदपुर इप्टा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस सभा में महात्मा गांधी की शहादत को नमन करते हुए वक्ताओं ने देश के मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक माहौल पर गहरी चिंता व्यक्त की। विषय प्रवेश करते हुए सुजय राय ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से ध्यान भटकाने लिए केंद्र की भाजपा सरकार धर्म के नाम पर जनता को बांट रही है। बांटने की कवायद वोट बैंक बनाने नीयत से की जा रही है ।डा राम कवींद्र ने कहा आज के दिन हम सबको धर्म निरपेक्षता बचाने, सांप्रदायिकता भगाने और लोकतंत्र बचाने का संकल्प लेना होगा।







## रक्तदान के मामले में यूं ही नहीं है देश में अव्वल अपनी लौहनगरी जमशेदपुर

# आरका जैन विश्वविद्यालय में 51 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आरका जैन विश्वविद्यालय द्वारा जमाशेदपुर ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमे जिसमे 51 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया । कार्यक्रम की शुरआत विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉक्टर अमित श्रीवास्तव, कैंपस डायरेक्टर डॉक्टर अंगद तिवारी और एन एस एस कोऑर्डिनेटर श्री पारस नाथ मिश्रा ने रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए किया । डॉक्टर अमित श्रीवास्तव ने कहा की रक्त दान दुनिया का सबसे बड़े दान है और युवाओं को आगे बढ़ कर रक्तदान करना चाहिए । कैंपस डायरेक्टर डॉक्टर अंगद तिवारी ने कहा की रक्त् दान से किसी की जान बचाना



एक रक्तदाता छात्र का हौसला बढ़ाते प्रध्यापकगण।

जा सकता है । रक्त दान शिविर का आयोजन विश्विद्यालय के एन एस एस और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से श्री पारस नाथ मिश्रा के नेतृत्व मे किया गया ।श्री पारस नाथ मिश्रा ने कहा की रक्तदान-शिविर का आयोजन निरंतर किया जायेगा ताकि जरूरतमंदो की मदद की जा सके ।

### ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप के कैंसर रोगी के लिए सुनील आनंद ने किया एसडीपी दान

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग के सुनील आनंद ने 12वी बार कैंसर की बीमारी से ग्रसित ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप वाले मरीज के लिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स डोनेट किया , सुनील आनंद का विभिन्न ब्लड बैंक के डोनेशन को मिलाकर 37 वां रक्तदान एवं 12वा एस डी पी दान ओ नेगेटिव रेयर ग्रुप है इस ग्रुप के रक्तदाताओं की संख्या बहुत कम है इसलिए ब्लड बैंक के बुलावे पर एसडीपी डोनेट किया गया। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल के प्रयास से सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) जरूरत की खबर व्हाट्सएप के माध्यम से आनंद मार्ग संस्था से जुड़े रक्त वीरों के बीच एसडीपी देने की अपील की गई थी,एसडीपी देने के पहले एसडीपी दाता को अपना पूरा चेकअप करवाना पड़ता है एवं कम से कम डेढ़ लाख से ज्यादा प्लेटलेट्स काउंट होना चाहिए तभी कोई भी व्यक्ति प्लेटलेट्स दे पाएगा।



# गढ़वा को ऑन ट्रैक करेंगे विपिन बिहारी सिंह

● संगठन ने उनके अनुभव पर किया भरोसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा के कदावर नेता बिपिन बिहारी सिंह पर भाजपा नेतृत्व ने पूरा भरोसा करते हुए बड़ी जिम्मेवारी दी है। पलामू प्रमंडल मुख्यालय के रहने वाले श्री सिंह को भाजपा ने पलामू संसदीय क्षेत्र का संयोजक बनाया है। वहीं गढ़वा जिला के लिए संगठन प्रभारी की बड़ी जिम्मेवारी दी है। बिपिन बिहारी सिंह के सामने गढ़वा में कई गुटों में बटे भाजपा कार्यकताओं को


बिपिन बिहारी सिंह।

वैचारिक मतभेदों से निजात दिलाने की कड़ी चुनौती होगी।

**कई दायित्वों का किया है निर्वहन**

नए राज्य झारखंड के गठन के साथ ही उन्हें प्रदेश कार्यसमिति का अहम सदस्य बनाया। गया। तब से आज तक वह प्रदेश की टीम शामिल हैं। 2001 में उन्हें पलामू जिला भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया। उनकी कार्य क्षमता को पार्टी ने पूरा उपयोग किया। इस दौरान उन्हें कई दायित्व मिले। उन्हें संगठन का चतरा जिला प्रभारी बनाया गया। वहां उनके शानदार कार्यों को देखते हुए दो-दो नए दायित्व दिए गए। उन्हें पलामू लोक सभा चुनाव 2024 का संयोजक बनाया गया। इस दायित्व को मिले 10 दिन भी नहीं हुए थे तभी उन्हें एक और नया दायित्व गढ़वा जिला का संगठन प्रभारी का दे दिया गया।

**पार्टी को प्रखर बनाना उनका उद्देश्य: बिपिन बिहारी सिंह**

पलामू प्रमंडल में सर्वाधिक विश्वासी कार्यकर्ता के रूप ने उभरे बिपिन बिहारी सिंह ने कहा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज्य सभा के मुख्य सचेतक और झारखंड भाजपा के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने जो दायित्व उन्हें सौपा है। उसपर वह हर कीमत पर खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि देश नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में विश्व के पटल पर अपना शानदार प्रभाव विखेर रहा है। देश को सबल बनाने के लिए संगठन को ग्रास रूट से मजबूत बनाना होगा। उन्हें जो दायित्व मिला है उसे वह पूरी क्षमता, ततपरता और वगैर कोई भेदभाव के पूर्ण करेंगे। गढ़वा जिला को ठीक करना उनकी प्राथमिकता होगी। गढ़वा जिला का संगठन कार्यक्रम, कार्यकर्ता, अनुशासन, जनहित के कार्य और समष्टिगत व्यवहार में अव्वल बने, ऐसा उनका अंतहीन प्रयास रहेगा।

## अनुभव से परिपूर्ण हैं श्री सिंह

बिपिन बिहारी सिंह ने एक सामान्य कार्यकर्ता से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। उनके कर्मठता, ईमानदारी, अनुशासन और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें भीड़ तंत्र से अलग कर दिया और वह बहुत कम समय मे ही पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के विश्वासी कार्यकर्ता बन गए। झारखंड राज्य गठन के पूर्व से ही वह पार्टी के कदावर नेता बन गए थे। वनांचल आंदोलन से जुड़कर पार्टी हित में अपना पूरा योगदान देने लगे थे।

## स्पीड न्यूज

### पत्रकार की पत्नी का निधन



**भवनाथपुर।** वरिष्ठ पत्रकार सीता राम पाठक की पत्नी 65 वर्षीया मानमती देवी का मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया। वो पिछले 14 माह से इलाजरत थी। मृतका का अंतिम संस्कार पैतृक गांव तोरेलावा में पंडा डोमनी नदी के संगम तट पर किया गया। मुखाग्नि पति सीताराम पाठक ने दी। प्रखण्ड के पत्रकारों ने जेजेए जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार चैबे की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर मृतका की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में पत्रकार दयाशंकर पाठक, सुनील कुमार, विमलेश कुमार, अरविंद गुप्ता, सदीप कुमार, रवि रंजन यादव, ओस्ताज राजा, शिव कुमार साह, अयोध्या साह, रामशंकर मेहता आदि लोग उपस्थित थे। इसकी सूचना मिलते ही प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, चिकित्सा प्रभारी रंजन दास, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, मुखिया बेबी देवी, समाजसेवी शिवपूजन यादव, डॉ. धर्मेन्द्र मेहता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, कुंदन ठाकुर, आरके राम, सामुदायिक अस्पताल के प्रदीप पाठक, डॉ अभिनित विश्वास, अरुण लकड़ा, सुनील पटेल, अनूप गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, जी प्रसाद, अगाथा टोपो, राजमोहन यादव मनोज चन्द्रवंशी, अखिलेश यादव, सूर्यदेव राउत आदि ने आवास पर पहुंच कर परिवार के लोगों का ढांढस बंधाया।

### बोदरो में युवा कांग्रेस और युवा लायंस फोर्स की बैठक संपन्न



**बोकारो।** युवा लायंस फोर्स के प्रधान कार्यालय बोदरो में मनपूरण दास की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस और युवा लायंस फोर्स की संयुक्त बैठक हुई जिसका संचालन आशीष शर्मा ने किया। बतौर मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा सिर्फ. यात्रा नहीं बल्कि इस चुनावी साल में हम कांग्रेसियों के लिए एक नई संजीवनी बनकर आ रही है जिसका सीधा फायदा इस वर्ष होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। इस यात्रा को लेकर सभी कांग्रेसी उत्साहित हैं। श्री शर्मा ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री द्वारा इस यात्रा को रोकने और परेशान करने की जो नाकाम कोशिश की गई वह दुर्भाग्यपूर्ण है। वह सब मोदी को खुश करने की एक चाल थी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा सिर्फ.राहुल गांधी की यात्रा नहीं हैं यह यात्रा आवाज है लाखों करोड़ों बेरोजगार युवाओं एवं लाखों करोड़ों किसानों की.

### जिला बनाने की मांग को लेकर धरना के 56 वें दिन बुंडू का भी मिला समर्थन



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** अधिवक्ता संघ बेरमो तेनुघाट के तत्वाधान मे चल रहे बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बेरमो को जिला बनाने की मांग मे बैठे समिति के संयोजक संतोष कुमार नायक के समर्थन मे बुंडू पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह समाज सेवी रितेश सिन्हा ने अपने दल बल के साथ समर्थन दिया। वही बंदी के 56 वें दिन होने के बाद भी सरकार का कोई प्रतिनिधि इस धरने का सुध लेने नहीं पंहुचा। वही बेरमो जिला की मांग को लेकर सम्पूर्ण बेरमो बंद होने के बाद भी कोई प्रतिनिधि इस पर किसी भी तरह की प्रक्रिया नहीं दे रहे है। वही धरने पर बैठे संतोष कुमार नायक का हौसला और भी बुलंद होता जा रहा है लेकिन सरकार की कुर्सी खुद डगमगा रही है। वहीं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा और महासचिव वकील प्रसाद के द्वारा धरने पर बैठे नायक जी का पूरा ध्यान रखे हुऐ है। वहीं इस धरने मे आज शालीग्राम प्रसाद, अधिवक्ता आनन्द श्रीवास्तव, नारायण प्रजापति, मुन्ना श्रीवास्तव, मुकेश कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता बासु डे, उमेश महतो, अधिवक्ता प्रहलाद महतो, पंकज पाठक, जशु श्रीवास्तव सहित कई लोग अपना बहुमूल्य समय दिया और साथ ही सरकार से जल्द बेरमो को जिला बनाने की मांग की।

### महुआटांड़ थाना क्षेत्र में शाम ढलते ही अवैध बालू का कारोबार जारी



**बेरमो /गोमिया।** बोकारो जिले के महुआटांड़ थाना क्षेत्र में बालू के अवैध खनन का खेल नहीं थम रहा है। पुलिस की नाक के नीचे यह कारोबार लंबे समय से फलफूल रहा है। फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी अनजान बने रहते हैं। बालू माफिया चतुराई के साथ रात के अंधेरे में बालू का अवैध खनन करते हैं। संध्या पांच बजे तक काम को अंजाम दिया जाता है, ताकि दिन के उजाले में उनकी करतूत लोगों की नजर से बची रहे। ग्रामीणों की मानें तो प्रतिदिन अवैध बालू लोड दर्जनों ट्रैक्टर एक साथ निकलती हैं। रात भर खाली ट्रॉलियां बार-बार बालू स्टॉक की ओर जाती हैं। बालू भरकर वापस लौटती हैं। अवैध खनन कर बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर व ट्रॉलियों की तस्वीरें व वीडियो भी लगातार सामने आते रहे हैं। परंतु खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस कार्रवाई करने से कतराते हैं।

### बोकारो-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर केमिकल से लदे ट्रक में लगी भीषण आग



**बेरमो /बोकारो।** रामगढ़ मुख्य मार्ग पर उतासारा के समीप केमिकल लदे ट्रक में अचानक से भीषण आग लग गई। घटना पेटरवार थाना क्षेत्र के एनएच 23 की है। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी अग्निशमन दस्ता को दी सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। पेटरवार पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंच गई है। आगलगी से एनएच में दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### प्रहरी मेला कमेटी की बैठक में मेला को सफल बनाने का निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित प्रहरी मेला मैदान में प्रहरी मेला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता शिक्षाविद उमेश कुमार जायसवाल व संचालन दीपक सवाल ने किया। बैठक में खैराचातर पंचायत के भूतपूर्व सरपंच सुरेश जयसवाल की पुण्यतिथि पर 10 से 16 मार्च तक आयोजित होने वाले 24वें प्रहरी मेला को सफल बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मेला कमेटी का पुनर्गठन कर एक विस्तारित कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह मेला क्षेत्र में सामाजिक व सांस्कृतिक जागरूकता का एक केंद्र है। बैठक में विमल जायसवाल



तपन कुमार झा रामसेवक जायसवाल डॉ जीतलाल महतो राजेश रॉय सुनील कपरदार उमेश जायसवाल नित्यानंद महतो पंकज जायसवाल संजय सिंह विनोद महतो अशोक सिंह डॉ अखिलेश्वर महतो नेपाल महतो नीरज भट्टाचार्य छत्रु महतो जितेंद्र महतो गणेश कपरदार सौरभ रॉय रमेश चंचल हसन अंसारी नरेश महतो फूलचंद महतो कादिर अंसारी गणेश ठाकुर धीरज जायसवाल विष्णु जायसवाल अरुण तुरी संदीप रॉय प्रेमचंद महतो दिलीप जायसवाल श्रीकेश जायसवाल सौरभ जायसवाल भोला कपरदार डब्लू शर्मा राजेश महतो विक्रम रॉय अंष रॉय राहुल महतो लालू महतो प्रकाश जायसवाल अनीश जायसवाल पंचानन महतो संदीप महतो आशीष जायसवाल विजय कपरदार कृष्ण रंजन शर्मा विजेंद्र अमित करण महतो यूनुस अंकुश गणेश कपरदार आदि मौजूद थे।

### एक नजर में

### सेल के प्रशासनिक भवन में मनी महात्मा गांधी की शहादत दिवस



**भवनाथपुर।** महात्मा गांधी ह्यबापूह्न की पुण्य तिथि के अवसर में भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समूह के सेल के प्रशासनिक भवन में शहादत दिवस मनाया गया। भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समुह के सेल के एडीएम ऑफिस में उपस्थित सेल के सभी अधिकारी, कर्मचारी, ठेका श्रमिक और सीआईएसएफ के जवानों ने दो मिनट का मौन रखा तथा महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शहीद दिवस हमें महात्मा गांधी के विचारों की याद दिलाता है। महात्मा गांधी के विचार आज भी राष्ट्रीय एकता को दशार्ते है। महात्मा गांधी के जीवन की कहानी और सत्य, अहिंसा और प्रेम के संदेश ने बहुत से लोगों को प्रेरित किया, उनके मूल्यों को आज के समय और भविष्य में भी याद किया जाएगा। मौके पर सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार, माइंस अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम, केओसुब के सहायक समादेष्टा मधुसुदन महेश्वरी, उप-प्रबंधक (कार्मिक व प्रशासन) बुलु दिगल आदि उपस्थित थे।

## शहीद दिवस पर तेनुघाट जेल में मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन



**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट जेल में शहीद दिवस के अवसर पर मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें 150 पुरुष और 8 महिला बंदियों का एच आई वी, टी वी, हेपटाइटिस बी और सी, एस टी आई का जांच किया गया। जिसमें अनुमंडल अस्पताल तेनुघाट के डा.शंभु कुमार की अगुवाई में लेब टेक्नीशियन शिव कुमार यादव, परमानंद दास, तारिक अफजल और गोमियां आई सी टी सी के विकास पासवान मौजूद थे। मालूम हो कि 26 जनवरी को जेल में बंदियों को कानूनी जानकारी देते समय अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने बताई थी कि 30 जनवरी को मेडिकल कैंप लगाया जाएगा। आज बंदियों ने जांच करवाने के बाद काफी राहत महसूस किया। वहीं इससे पूर्व बंदियों के द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। शहीद दिवस मनाते समय बंदियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदो को श्रद्धांजली अर्पित किया। इस बारे में जानकारी देते हुए जेल अधीक्षक अरुणाभ ने बताया कि एक और जहां जेल में बंदियों का मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें बंदियों ने अपने बीमारी का जांच करा कर काफी राहत महसूस की। वही बंदियों ने शहीद दिवस पर महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाते हुए उन्हें याद किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जेलर नीरज कुमार, विजय कुमार सहित जेल कर्मियों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष ने पदभार किया ग्रहण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** मंगलवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, झारखंड के नवनियुक्त माननीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद जी राजधानी रांची पहुंच धुर्वा स्थित आयोग के कार्यालय में उन्होंने विधिवत तौर पर अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। आयोग की अपनी शक्तियों और दायित्वों का प्रयोग करते हुए पिछड़ा वर्ग के उत्थान और अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोग से पिछड़ा वर्ग के लोगों को जो उम्मीदें हैं, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। लंबित सभी मामलों और राज्य के संबंधित ज्वलंत मुद्दों का निष्पादन करना प्राथमिकता होगी और आयोग को सक्रिय किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सदस्य सचिव कृष्ण कुमार सिंह को निर्देशित भी किया है। माननीय अध्यक्ष श्री प्रसाद के साथ मनोनित तीनों सदस्य केशव महतो कमलेश, लक्ष्मण यादव एवं नंदकिशोर मेहता ने भी योगदान दे दिया है। इसके पहले सदस्य सचिव श्री कृष्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोग के कर्मियों ने माननीय अध्यक्ष महोदय का बुके भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में रांची की पूर्व मेयर रमा खलखो समेत कई प्रबुद्धजनों ने माननीय अध्यक्ष जी से भेंट की और बधाइयां दीं।

### बीते मध्य रात्रि कथारा असनापानी रोड पर भीषण कार हादसा, बाल बाल बचे चालक



**बेरमो/जारंगडीह।** कथारा ओपी और बोकारो थर्मल थाना बार्डर अंतर्गत कथारा - असनापानी मुख्य तथा जुनियर डीएवी के समीप मार्ग पर बीते मध्य रात्रि लगभग दो बजे कार संख्या जेएच 09बी इ - 97332 सड़क के डीवाइडर से टकरा कर बुरी तरह दुर्घटना ग्रस्त हो गई। सौभाग्य से कार चलाने वाला कार का मालिक इस दुर्घटना में बाल बाल बच गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त कार कथारा चार नंबर निवासी धनेश्वर दास का बताया जा रहा है और दुर्घटना के समय कार उसका पुत्र विशाल दास स्वंय चला रहा था। विशाल के अनुसार व खेतको गांव किसी को छोड़ने जा रहा था इसी बीच यह घटना घटी। घटना की सुचना पाते ही स्थानीय थाना मौके पर पहुच मामले की जांच पड़ताल मे जुटी थी।जबकि इस घटना मे कार पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है।

### शहीद दिवस के मौके पर शिशु विकास विधालय मे विशेष आयोजन

**बेरमो/सीसीएल बोकारो।** करगली क्षेत्र में विधार्थियों के बीच शहीद दिवस के मौके पर शहीद महात्मा गांधी तथा देश के आजादी के लिए मर- मिटनेवाले तमाम शहीदों को याद किया गया। वीर शहीद सपूतों को जोशीले नारों से विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। यहां शिशु विकास + 2 हाई स्कूल के प्राचार्य सह निदेशक राम अयोध्या सिंह, वरीय शिक्षक मो असलम, शैयद सरफराज हुसैन, संजीव कुमार, श्रीमती रम्भा सिंह, शशि बाला शर्मा, ममता सिन्हा, उमा वर्मन, कमलमती गुप्ता,तनुजा खातुन, नीलम देवी, पूजा कुमारी, भावना कुमारी, सहित गौरी देवी, गुरुवारी देवी, ललीता देवी, माला देवी,छपित नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

### आनंद मार्ग आवासीय विद्यालय के दसवीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** आनंद मार्ग आवासीय उच्च विद्यालय खैराचातर में दसवीं के छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में मुख्य रूप से आचार्य सत्य श्रमानंद अवधूत एवं अनिरवानंद अवधूत उपस्थित थे। विदाई समारोह कार्यक्रम में कक्षा नौवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर विद्यालय के आचार्य अनिरवानंद अवधूत ने कहा कि वाकई में विदाई का पल दुखदाई होता है, लेकिन मैं आप सबों को विद्यालय से विदा तो नहीं कर रहा हूं पर विधि के विधान के अनुसार आगे आप सभी छात्र-छात्राओं का भविष्य उज्जवल हो इस बात को ध्यान में रखते हुए विदाई दी जाती है। आर्चाय सत्यश्रमानंद अवधूत ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। सकारात्मक सोच के साथ नदी की पानी की तरह आगे बढ़ें सफलता अवश्य मिलेगी । मौके पर सचिव देवप्रकाशानंद अवधूत प्रधानाध्यापक रंजनी रंजना रसधिरानंद अवधूत भोलानाथ साव राजेन्द्र ठाकुर राजीव रंजन योगेश कुमार महतो सुरेश महली दिलिप महतो अनिल गोराईं कुमारी रश्मि मोना दे ललिता कुमारी प्रीति कुमारी रघुनाथ महतो राहुल शर्मा कलीम अंसारी बबीता जायसवाल हीरा देवी राखाल टुडू केदारनाथ महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : काशीनाथ केवट

**बेरमो।** विस्थापित नेता काशीनाथ केवट ने आज करगली में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि गांधीजी की हत्या एक विचारधारा ने की थी जो आज भी हमारे धर्मनिरपेक्ष तानेबाने और भाईचारे को खंडित करने पर तुली हुई है। इसे पहचानने और बेनकाब करने की जरूरत है। उन्होने कहा कि गांधीजी के विचारों ने दुनिया भर के लोगों को न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि करुणा, सहिष्णुता और शांति के दृष्टिकोण से भारत और दुनिया को बदलने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा कि गांधीजी ने अपने जीवनकाल में दुनिया भर के हाशिये पर स्थित समूहों और उत्पीड़ित समुदायों की आवाज उठाने में भी अतुलनीय योगदान दिया। उन्होने कहा कि वर्तमान इक्कीसवीं सदी में भी एक व्यक्ति और एक दार्शनिक के रूप में गांधीजी उतने ही प्रासंगिक है जितने कि वे पहले थे। उन्होंने कहा कि गांधीजी के सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत ने सभी धर्मों के प्रति सद्भावना को स्थापित किया।

## ऐतिहासिक स्वागत करने को लेकर कथारा में कार्यकताओं की हुई बैठक

# बेरमो विधायक के नेतृत्व में राहुल गाँधी का मानव श्रृंखला

● बेरमो, गोमिया और पेटरवार प्रखंड पदाधिकारी हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/कथारा।** कथारा स्थित राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन सह आरसीएमयू के क्षेत्रीय कार्यालय में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी के झारखण्ड आगमन की तैयारी एवं स्वागत को लेकर विधायक प्रतिनिधि सह आरसीएमयू कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कार्यकताओं की बैठक हुई । बैठक में मुख्य रूप से बेरमो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, गोमिया प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार पांडेय, पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, पेटवार ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष



गुलाम मुस्तफा, महिला बेरमो प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी, विधायक प्रतिनिधि सह आरसीएमयू कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, पम्मी सिंह, सुषमा कुमारी, सबिता सिन्हा मौजूद थे। यहां नेताओं ने कहा कि देश व कांग्रेस के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी के 04 फरवरी को झारखंड आगमन पर विधायक कुमार जयमंगल ऊर्फ अनुप सिंह के नेतृत्व में बेरमो विधानसभा में जोरदार एवं ऐतिहासिक स्वागत का कार्यक्रम संपन्न होगा। कहा कि पेटरवार से लेकर जैनामोड़ टोल प्लाजा तक लाखों की संख्या में लोग एवं कार्यकर्ता मानव श्रृंखला बनाकर झारखण्ड में अपने नेता राहुल गांधी का भव्य स्वागत करेंगे। कहा कि देश की वर्तमान स्थिति को देखते हुए कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो सर्वधर्म पर विश्वास रखते हुए देश और जनता का हित कर सकती है। इस देश को धर्म और जात-पात का नारा लगाकर बांटने और विखंडित करने वाले लोगों को इस बार देश की जनता सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। बैठक के दौरान बेरमो एवं गोमिया विधानसभा से न्याय यात्रा में भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की रणनीति बनाई गई। इस मौके पर वेद व्यास चौबे,मो इस्लाम,रंजीत कुमार सिंह, मंसूर खान, सुरेश महतो, देवाशीष आस, कपिल यादव, संतोष सिन्हा, देवाशीष आस, सुजीत मिश्रा, राजू वर्मा, विजय पटेल, विजय यादव, खिरोधर यादव, संतोष कुमार गौड़, दयाल यादव, मो नसीम, श्रीमती देवी, आशा देवी, संज्योति देवी, कपिल यादव, जगदीश गोस्वामी, ननका, हासिम अंसारी, प्रमोद यादव, मो साबीज, मो मौसिम अंसारी, वीरकुंवर सिंह, मो कलीम, श्याम सुन्दर, द्वारिका, रवि कुमार, विजय चौहान आदि लोग मौजूद थे।

### पेज 1 का शेष

### प्रेम प्रसंग में सनकी...

**एसडीपीओ जेपीएन सिंह जांच का जिम्मा :** गोड्डा एसपी नाथू सिंह मीना के निर्देश पर एसडीपीओ गोड्डा जेपीएन सिंह पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। एसडीपीओ श्री सिंह हाल में ही राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होकर लौटे हैं। एसडीपीओ ने बताया कि उन्हें थाना प्रभारी से घटना की जानकारी मिली। कमरे से 3 देशी कट्टा कई खाली ली कारतूस और तीन मोबाइल जब्त किये गये। एसडीपीओ ने इसे अवैध त्रिकोणात्मक प्रेम का परिणाम बताया है। पोडैया हाट थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ...

जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल तलाश अभियान चला रहा था। एफओबी एक दूरस्थ शिविर है जिसका उदेश्य मुख्य नक्सली क्षेत्रों में सक्रिय सुरक्षा बलों को अभियानगत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जब गोलीबारी हुई तब 201वीं कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन (कोबरा) इलाके में काम कर रही थी। अधिकारियों ने कहा कि कमांडो ने प्रभावी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि घायलों की संख्या ज्यादा हो सकती है। जवाबी कार्रवाई में कई नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। पी सुंदरराज ने बताया कि यह वही जगह है जहां 2021 में हुए नक्सली हमले में 23 जवान शहीद हो गये थे। **दंतेवाड़ा में भी बड़ी घटना टली :** इससे पहले दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए आइडी बरामद होने से मंगलवार को एक बड़ी घटना टल गयी। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई खोज के दौरान जिला आरक्षित बल (डीआरजी), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ), जिला बल और बम निरोधक दस्ते के संयुक्त दल को किरनडुल थानांतर्गत हिरोली गांव के निकट पांच और तीन किलोग्राम के दो आइडी मिले। गश्त के दौरान इलाके से गुजरने वाले सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए रास्ते में विस्फोटक लगाये गये थे।

# इडी ने तेजस्वी से की साढ़े 8 घंटे पूछताछ

## 'लैंड फॉर जॉब' मामला : प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय से बाहर आने पर दिखाया विक्ट्री साइन

एजेंसी

पटना। 'लैंड फॉर जॉब' मामले में तेजस्वी यादव से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मंगलवार को करीब साढ़े आठ घंटे पूछताछ की। बाहर निकलने पर तेजस्वी यादव ने मुस्कुराते हुए लोगों का अभिवादन किया। गाड़ी में बैठने से पहले उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। तेजस्वी जब बाहर निकले तो समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। तेजस्वी यादव जिंदाबाद, लालू यादव जिंदाबाद आदि नारे लगाते हुए समर्थकों ने उन्हें इडी कार्यालय से विदा किया। तेजस्वी यादव से दिन में साढ़े 11 बजे से रात 8 बजे तक पूछताछ हुई है।

बता दें कि सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद से इडी अधिकारियों ने लगभग 10 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले को लेकर इडी ने लगातार तेजस्वी यादव, लालू प्रसाद सहित परिवार के लोगों को समन जारी किया था, लेकिन ये इडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इधर, मामले में इडी ने प्रेस नोट जारी कर लालू परिवार पर कई आरोप लगाये हैं। इडी के प्रेस नोट के मुताबिक, 'राबड़ी देवी की गौशाला के पूर्व कर्मचारी (हृदयानंद चौधरी) ने भी नौकरी के बदले जमीन ली थी, जिसे लालू यादव की बेटी हेमा यादव को ट्रांसफर किया गया था।'



मंगलवार को एक तरफ इडी कार्यालय के अंदर तेजस्वी यादव से पूछताछ चल रही थी, वहीं उनकी बड़ी बहन और राजद सांसद मीसा भारती, बड़े भाई तेज प्रताप यादव, राज्यसभा सदस्य मनोज झा दफ्तर के सामने शक्ति धाम मंदिर परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ बैठे रहे। इधर, राजद प्रमुख लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक के बाद एक कई पोस्ट किये। रोहिणी ने पोस्ट में लिखा- भाजपा चाहे चल ले कोई चाल. शेर दिल नेता के बेटा के रहते, बिहार में इनकी ना गलने वाली दाल। इधर, लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव से इडी की पूछताछ पर राजद सांसद मनोज झा ने कहा, यह तो पारदर्शिता का अभाव है। पूछताछ हो रही है, हेडलाइन मैनेजमेंट हो रहा है। वहीं, हम प्रमुख जीतन राम मांझी ने सोशल मीडिया में अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा, का जी का चाहते हैं आप? नौकरी देकर जमीन लिखवा लीजिए कुछ ना हो? सेना की जमीन बेच दीजिए कुछ ना हो? सैकड़ों करोड़ रुपया घर में रखिए कुछ ना हो? भाई ऐसा है ई मोदी राज है, जनता का पैसा खाइयेगा तो हवालात की हवा भी खानी पड़ेगी। जस करनी तस भोग।

### सीबीआइ से जुड़े मामले की अब 27 फरवरी को सुनवाई

नयी दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब केस में सीबीआइ से जुड़े मामले की सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को करने का आदेश दिया। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कोर्ट से कहा कि पूरक चार्जशीट दाखिल करने के लिए समय दिया जाये। इस मामले में पूरक चार्जशीट फरवरी के अंत तक दाखिल कर दी जायेगी। उसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 27 फरवरी को करने का आदेश दिया।

## खेती के आधुनिकीकरण से होगा किसानों को मुनाफा : अमित शाह

नयी दिल्ली (हि.स.)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए कृषि आधुनिकीकरण बहुत जरूरी है। इस आधुनिकीकरण के लिए किसानों को पूंजी की जरूरत होगी। ऐसे में सहकारी बैंक ही किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऋण दे सकते हैं। सहकारिता मंत्रालय इस दिशा में काम कर रहा है।



शाह ने मंगलवार को नयी दिल्ली में राज्यों के रजिस्ट्रार कार्यालय एवं कृषि व ग्रामीण विकास बैंकों के कम्प्यूटरीकरण की योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि किसानों को उनकी जरूरत के हिसाब से ऋण देने का कार्य कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों (एआरडीबी) का है। हालांकि, ये बैंक समय के साथ-साथ शिथिल पड़ रहे थे। अब इन बैंकों को आधुनिक करने का कार्य शुरू किया गया है। शाह ने कहा कि हम चाहते हैं कि एआरडीबी पुनः किसानों को मध्यावधि ऋण और दीर्घकालिक ऋण दे सकें। सरकार आने वाले दिनों में एआरडीबी को प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के साथ लिंक करने की दिशा में काम कर रही है। इससे किसान पैक्स के माध्यम से मध्यावधि ऋण और दीर्घकालिक ऋण आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। जब दीर्घकालिक ऋण पैक्स देने लगेंगे तो किसानों के साथ-साथ हमारे पैक्स भी मजबूत होंगे। शाह ने कहा कि जब एआरडीबी पूर्ण रूप से कम्प्यूटरीकृत हो जायेंगे, तो इसकी व्यवस्था सरल होगी और किसानों के लिए बेहतर काम कर सकेंगे। इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे एक पारदर्शी माहौल बनेगा, जवाबदेही आसानी से तय हो सकेगी और किसान और बैंक के बीच एक मजबूत रिश्ता बनेगा। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री शाह ने आज कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों और सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों की कंप्यूटरीकरण परियोजना का शुभारंभ किया।

## स्पीड न्यूज

### गणतंत्र दिवस परेड में सिख रेजिमेंट को सर्वश्रेष्ठ चुना गया

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर मार्चिंग दस्तों में सिख रेजिमेंट की टुकड़ी को तीनों सेनाओं के बीच सर्वश्रेष्ठ चुना गया है। मेजर सरबजीत सिंह की अगुवाई में भारतीय थलसेना की सिख रेजिमेंट की एक टुकड़ी ने मार्च किया था। संस्कृति मंत्रालय की झांकी भारतः लोकतंत्र की मां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### हेवीवेट शेयरों में गिरावट से लुढ़का शेयर बाजार

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों और हेवीवेट शेयरों में आयी गिरावट के कारण मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक टूट कर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक की कमजोरी के साथ 71,139.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 215.50 की कमजोरी के साथ 21,522.10 के स्तर पर बंद हुआ।

### डीपीआइआइटी का गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आदेश जारी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआइआइटी) ने विद्युत सामग्री, प्रयोगशाला में इस्तेमाल होने वाले कांच के सामान, खिड़की दरवाजों में लगने वाले कब्जे, फिटिंग और तांबे के सामानों सहित उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिहाज से आवश्यक उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण संबंधी आदेश की अधिसूचना जारी की है।

### कैट को लाभकारी व्यापारिक नीतियों की उम्मीद

नयी दिल्ली। देश के प्रमुख कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) को एक फरवरी को पेश होने वाले अंतरिम बजट का बेसब्री से इंतजार है। कैट ने अंतरिम बजट में खुदरा व्यापार एवं लघु उद्योगों सहित अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों में वृद्धि के लिए मजबूत नीतियों की घोषणा करने की उम्मीद जताई है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को कहा कि इस बार अंतरिम बजट में आर्थिक विकास पर जोर दिये जाने की उम्मीद है।

### चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम के प्रतिष्ठित चुनाव में विपक्ष के इंडी गठबंधन को भारतीय जनता पार्टी ने करारी मात दी है। भाजपा ने नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर कब्जा कर लिया है। मतगणना में चुनाव अधिकारी की ओर से विपक्षी गठबंधन के आठ वोटों को अमान्य कर देने पर आम आदमी पार्टी तथा कांग्रेस ने हाइकोर्ट में दस्तक दी है।

# संसद का बजट सत्र आज से, निलंबित सांसदों की होगी सदनों में वापसी

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद का बजट सत्र मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करने के साथ शुरू होगा। वर्तमान लोकसभा का यह आखिरी सत्र है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। नयी सरकार कार्यभार संभालने के बाद पूर्ण बजट पेश करेगी।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को हुई सर्वदलीय बैठक में कहा कि सीतारमण जम्मू-कश्मीर के लिए भी बजट पेश करेंगी, जहां राष्ट्रपति शासन है। जोशी ने कहा कि 17वीं लोकसभा के 9 फरवरी को समाप्त होने वाले इस संक्षिप्त सत्र का मुख्य एजेंडा राष्ट्रपति का अभिभाषण, अंतरिम बजट की प्रस्तुति और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा तथा इसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जवाब दिया जाना है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में पार्टियों के फ्लोर नेताओं ने भागीदारी की। इसमें सरकार ने आगामी सत्र के एजेंडे से नेताओं को अवगत कराया और सदन के सुचारू संचालन में उनका सहयोग मांगा। इस दौरान विपक्षी नेताओं ने कई मुद्दे उठाये। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. सुरेश ने कहा कि पार्टी सत्र के दौरान बेरोजगारी, महंगाई, कृषि संकट और जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर की स्थिति



का मुद्दा उठायेगी। तृणमूल कांग्रेस नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि वित्त मंत्री को अंतरिम बजट में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल के बकाये को भी शामिल करना चाहिए। समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन ने पूजा स्थल अधिनियम को मजबूत करने के लिए कदम उठाने की मांग की। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि बैठक में बातचीत 'बहुत सौहार्दपूर्ण' रही। सरकार इस छोटे सत्र के दौरान हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है।

केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पिछले शीतकालीन सत्र में निलंबित सभी सदस्यों का निलंबन वापस लिया जायेगा। इस संबंध में सरकार की मंशा से लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति को अवगत करा दिया गया है। वे आगे इस पर कोई फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि ज्यादातर सांसदों का निलंबन पिछले सत्र तक ही था और उन्होंने राज्यसभा सभापति एवं लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि जिन सांसदों का विषय विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था, वे उनसे चर्चा कर निलंबन वापस ले लें। दोनों ओर से इस पर सहमति भी प्राप्त हुई है।

जोशी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष सभी दलों ने सदन की मर्यादा को लेकर कुछ निर्णय लिये थे। उनका पालन नहीं किये जाने के कारण निलंबन हुआ था। अब सभी से उन्होंने अनुरोध किया गया है कि इसे दोबारा न दोहराया जाये और सभी सदस्य संसदीय मर्यादाओं का पालन करें और सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करें।

जोशी ने कहा कि सरकार के पास बजट सत्र के लिए कोई विधायी एजेंडा नहीं है और इसका मुख्य जोर राष्ट्रपति के अभिभाषण, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा, अंतरिम बजट की प्रस्तुति और जम्मू-कश्मीर के बजट पर होगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, जदयू के रामनाथ ठाकुर और तेलुगू देशम पार्टी के जयदेव गल्ला सर्वदलीय बैठक में उपस्थित नेताओं में शामिल थे।

## प्रधानमंत्री मोदी का बिहार दौरा टला

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार दौरा एक बार फिर से टल गया है। प्रधानमंत्री मोदी चार फरवरी को बिहार आने वाले थे। प्रधानमंत्री को बेतिया में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करना था। इसके साथ बेतिया लोकसभा क्षेत्र में उनकी जनसभा भी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से प्रधानमंत्री का दौरा आगे बढ़ा दिया गया है। कार्यक्रम के संबंध में पश्चिम चंपारण के भाजपा सांसद डॉ संजय जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। नयी तारीख की घोषणा फिलहाल नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बेतिया से सुगौली में 6500 करोड़ रुपये के इंडियन ऑयल की परियोजना का शुभारंभ करने का कार्यक्रम था।

## लोकतांत्रिक व्यवस्था को भारत-अमेरिका और बनायेंगे मजबूत : राजनाथ

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को नयी दिल्ली में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशेष सत्र में कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं। यदि आधुनिक लोकतंत्र के आधार पर बात की जाये, तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जबकि अमेरिका सबसे पुराना। अब जब दो बड़े लोकतंत्र आपस में सहयोग करेंगे, तो निश्चित रूप से यह लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था को और भी मजबूत बनायेगा। राजनाथ सिंह ने विशेष सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत में वह सारी चीजें मौजूद हैं, तथा उन सारी चीजों पर काम हो रहा है, जो हमारे संबंधों को समग्रता में और मजबूत बनाने की दिशा में कारगर सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका सहयोग में हमारे सुरक्षा और समृद्धि के साझा उद्देश्यों को साकार करने की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हमें नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं

एजेंसी

पटना। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा के साथ हाथ मिलाने पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि जदयू अध्यक्ष के बिना बिहार में विपक्षी दलों का महागठबंधन समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा, हमें नीतीश जी की कोई जरूरत नहीं है..., हमें उनकी बिल्कुल भी जरूरत नहीं है।' राहुल गांधी ने बिहार के पूर्णिया जिले के रंगभूमि मैदान में एक रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हम किसानों के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। बिहार में किसान आर्थिक अन्याय के शिकार हैं।

रैली में राहुल गांधी ने कहा, देश की ओबीसी, दलित, आदिवासियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों आदि की आबादी की सटीक संख्या निर्धारित करने के लिए एक्सरे की आवश्यकता है। लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राहुल गांधी की यह पहली बड़ी रैली है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मंगलवार को पूर्णिया पहुंची है।

सभा को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने भी संबोधित किया। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत गांधी का काफिला रात्रि विश्राम के लिए निकटवर्ती अररिया में रुका था। एक दिन पहले उनकी इस यात्रा ने किशनगंज जिले से बिहार में प्रवेश किया था।

### मौकापरस्ती और लालच की राजनीति कर रहे हैं नीतीश कुमार : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर मौकापरस्ती और लालच की राजनीति करने का आरोप लगाया है। खड़गे ने मंगलवार को बिहार की जनता के लिए एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि बिहार लोकतंत्र की जन्मभूमि है। यहां कई महान नेता व स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म हुआ है, लेकिन बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज इस भूमि पर लोग मौकापरस्ती और लालच की राजनीति कर रहे हैं। जो बिहार दुनिया को प्रकाश देता था, वह अब आया राम-गया राम, आया कुमार-गया कुमार की राजनीतिक प्रयोगशाला बन गया है। खड़गे ने कहा, कांग्रेस हमेशा जनता के साथ है। हमारे पैर छोटी-मोटी चीजों से डगमगाने वाले नहीं हैं। कोई रहे या जाये, हम अपने उसूलों को छोड़ने वाले नहीं हैं।

## कृतज्ञ राष्ट्र ने महात्मा गांधी को किया नमन



नयी दिल्ली। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 76वीं पुण्य तिथि पर मंगलवार को कृतज्ञ राष्ट्र ने नमन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, दिल्ली के उप राज्यपाल विनय सक्सेना और अन्य गण्यमान्य लोगों ने सुबह राजघाट पहुंच कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर महात्मा गांधी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा, "मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।'

# केरल में पीएफआइ के 15 सदस्यों को मौत की सजा

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। अलाप्पुझा की एक अदालत ने मंगलवार को भाजपा नेता रंजीत श्रीनिवासन की हत्या के मामले में इसे दुर्लभतम मामला मानते हुए 15 दोषियों को मौत की सजा सुनायी। अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय प्रथम, मावेलिक्कारा की न्यायाधीश वीजी श्रीदेवी की अदालत ने सजा सुनायी है। अपराधी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआइ) के सदस्य हैं। 2021 में हुई हत्या उन कारणों में से एक थी, जिसके कारण देश में पीएफआइ पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

रंजीत भाजपा ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव थे। उनकी 19 दिसंबर, 2021 को उनके घर में परिवार के सदस्यों के सामने हत्या कर दी गयी थी। हमले में उनके शरीर को बेरहमी से क्षत-विक्षत कर दिया गया था। यह कथित तौर पर एक दिन पहले सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआइ) के नेता केएस शान की हत्या का प्रतिशोध था। मावेलिक्कारा की अतिरिक्त सत्र अदालत ने पिछले सप्ताह इस मामले में सभी 15 आरोपियों को दोषी पाया था। पुलिस ने 14 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। 10वें आरोपी नवास को चिकित्सीय कारणों से मेडिकल कॉलेज तिरुवनंतपुरम में भर्ती कराया गया है। जांच के अनुसार, पहले आठ आरोपी सीधे तौर पर हत्या में शामिल थे। अदालत ने मौत की सजा के अलावा उम्रकैद की सजा भी सुनायी है। इस मामले में नईसम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल कलाम उर्फ सलाम, अब्दुल कलाम, सफारुद्दीन, मनशाद, जसीब राजा, नवास, समीर, नसीर, जाकिर हुसैन, पूवाथिल शाजी, शेरनाज अशरफ दोषी हैं।

# नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज को बचाया, समुद्री डाकुओं को खदेड़ा

नयी दिल्ली (हि.स.)। समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। ईरानी जहाज एफवी इमान को छुड़ाने के बाद भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाजों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं।



अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। जहाज पर सवार 17 क्रू सदस्यों और अपहृत मछुआरों को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपना युद्धपोत आइएनएस सुमित्रा को भेजा। युद्धपोत ने अपहृत इस जहाज को बचाने के लिए तत्काल ऑपरेशन शुरू किया। भारत ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। युद्धपोत पर मौजूद एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों ने अपहृत जहाज को चारों ओर से घेर लिया था, ताकि उस पर मौजूद समुद्री डाकुओं को चेतावनी दी जा सके। ईरानी जहाज को बचाने के बाद भारतीय युद्धपोत आइएनएस सुमित्रा इलाके से बाहर निकल गया।

## सड़क हादसे में जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह घायल, पुत्रवधू की मौत

जयपुर। राजस्थान में अलवर जिले के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनके पुत्र हमीर सिंह घायल हो गये हैं, जबकि उनकी पत्नी चित्रा सिंह की मौत हो गयी है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की (एसयूवी) कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गयी, जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार घायलों को अलवर के निजी अस्पताल ले जाया गया। बता दें कि मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के पुत्र हैं। अलवर के सोलंकी अस्पताल के चिकित्सक विक्रांत सोलंकी ने बताया कि मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मानवेंद्र सिंह और उनके बेटे हमीर सिंह का इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, मानवेंद्र सिंह के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा हमले का दिया जायेगा जवाब

वाशिंगटन (हि.स.)। जार्डन में अमेरिकी सैनिकों पर हमले के बाद व्हाइट हाउस ने सोमवार को कहा कि अमेरिका ईरान के साथ या क्षेत्र में व्यापक युद्ध नहीं चाहता। अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों की मौत के लिए ईरान समर्थित मिलिशिया जिम्मेदार था। वहीं, जॉर्डन मामले को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका इसका जवाब देगा। बाइडन ने साउथ कैरोलिना में कहा कि पश्चिम एशिया में हमारे लिए पिछली रात काफी कठिन गुजरी। हमने अपने तीन बहादुर सैनिकों को खो दिया।

वहीं, जार्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर ड्रोन से हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत पर ईरान के विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। मंत्रालय का कहना है कि हमले में तेहरान का कोई हाथ नहीं है। उन्होंने कहा कि संघर्षरत समूह



अपने खुद के सिद्धांत और प्राथमिकता के आधार पर फैसला लेते हैं। वह फलस्तीन और वहां के लोगों का किस तरह समर्थन करेंगे, यह फैसला उनका अपना है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने चुने गये तरीके और समय के हिसाब से उन्हें जवाबदेह ठहरायेगा। इस बीच, पूर्वी सीरिया में ईरान समर्थित आतंकियों की ओर से अपने ठिकानों को खाली कर दूसरी जगह जाने की बात सामने आ रही है। उन्हें भय है कि अमेरिका हवाई हमले कर उन्हें निशाना बनायेगा। ये क्षेत्र मयादीन और बौकामल के गढ़ हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# इस बजट में मोदी की गारंटी छाए रहने की संभावना

**एडी बाधवा**




सरकार के आम चुनाव से पहले पेश किए जाने वाले बजट में मोदी की गारंटी की छाप रहने की संभावना है। इस अंतरिम बजट में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों समेत मतदाताओं के बड़े वर्ग को आकर्षित करने के लिए लोकलुभावन योजनाएं पेश की जा सकती हैं। यह बात पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने रविवार को कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इस गारंटी को पूरा करने के लिए अगर जरूरत हुई, तो राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को लेकर थोड़ी रियायत भी ले सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका लगातार छठा बजट होगा। गर्ग ने कहा, वास्तव में, लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ता में मौजूद पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिये मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी हम ऐसा होते हुए देख चुके हैं।

उन्होंने कहा, सरकार ने 2019 में मध्यम वर्ग, किसानों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों झ्र को लक्षित किया था। कुल मिलाकर ये लगभग 75 करोड़ मतदाता हैं। ऐसी संभावना है कि सरकार इस बार भी इन मतदाताओं का खास ध्यान रखेगी।

` वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मध्यम वर्ग को आकर्षित करने के लिए पांच लाख रुपये तक की कर-योग्य आय को आयकर से छूट दी थी। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 12 करोड़ किसानों को सालाना 6,000 रुपये नकद भी उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र (पीएम श्रम योगी मानधन - एसवाईएम) से जुड़े 50 करोड़ श्रमिकों को सेवानिवृत्ति पेंशन में सरकारी योगदान का भी प्रस्ताव किया गया था।

कुल मिलाकर मोदी की गारंटी की छाप इस बार के अंतरिम बजट में भी देखने को मिल सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कई घोषणाएं कीं। इसमें अन्य बातों के अलावा 450 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर, गरीब महिलाओं को 1,250 रुपये का नकद हस्तांतरण, 21 साल की उम्र की तक गरीब लड़कियों को दो लाख रुपये आदि की घोषणाएं शामिल हैं और इन्हें मोदी की गारंटी का नाम दिया गया। पूर्व वित्त सचिव ने कहा, असंगठित क्षेत्र में बेरोजगारी और वेतन कटौती को लेकर काफी संकट है। केंद्र सरकार के पास असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ श्रमिकों का आंकड़ा है। वित्त मंत्री इन श्रमिकों को आकर्षित करने के लिए कुछ घोषणाएं कर सकती हैं। उन्हें सालाना कुछ नकद राशि देने की घोषणा की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार ने हाल ही में 6,000 रुपये प्रति माह से कम आय वाले 94 लाख गरीब परिवारों को दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसको देखते हुए अंतरिम बजट में इस तबके को प्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता दिये जाने की संभावना है। इन घोषणाओं से राजकोषीय घाटे की स्थिति पर पड़ने वाले सवाल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ह्यह्यसरकार ने राजकोषीय घाटा 17.9 लाख करोड़ रुपये यानी 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान रखा है। यह अनुमान सकल घरेलू उत्पाद के 301.8 लाख करोड़ रुपये के अनुमान पर आधारित था।

2023-24 के पहले अग्रिम अनुमान में ऋृऊढ 296.6 लाख करोड़ रुपये रहने पर यह छह प्रतिशत यानी 17.8 लाख करोड़ रुपये बनता है। यह बजट में तय लक्ष्य के लगभग बराबर है। उन्होंने कहा, ह्यह्यसरकार ने राजकोषीय घाटे को वित्त वर्ष 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा है। यानी वर्तमान के छह प्रतिशत की तुलना में इसमें 1.5 प्रतिशत की कमी लानी होगी।

गर्ग ने इस बारे में विस्तार से बताते हुए कहा, सरकार बाजार मूल्य पर 10.5 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि के साथ 2024-25 में जीडीपी का अनुमान 327.7 लाख करोड़ रुपये रख सकती है। ऐसे में राजकोषीय घाटे में 0.75 प्रतिशत कटौती करने का मतलब है कि व्यय में 2.5 लाख करोड़ रुपये की कमी करनी होगी। यह मुश्किल लगता है। दूसरी तरफ सरकार की लोकलुभावन योजनाओं पर भी खर्च होने की संभावना है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ह्यमोदी की गारंटी पर होने वाले व्यय को चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा या फिर कर राजस्व, गैर-कर और विनिवेश प्राप्तियों के अनुमान को बढ़ाया जाएगा। सबसे अधिक संभावना यह है कि अंतरिम बजट आसन्न लोकसभा चुनावों की जरूरतों के अनुरूप होगा। राजकोषीय मजबूती के लिए इंतजार किया जा सकता है।

राजस्व मोर्चे पर स्थिति के बारे में पूछे जाने पर गर्ग ने कहा, आयकर संग्रह बजट अनुमान से कहीं बेहतर रहेगा। जीएसटी लक्ष्य के अनुरूप है। सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क का प्रदर्शन जरूर खराब रहा है। लेकिन फइक (भारतीय रिजर्व बैंक) और ढरव (सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) से अधिक लाभांश आने के कारण गैर-कर राजस्व, बजट अनुमान से अधिक होगा। विनिवेश आय ने काफी निराश किया है। कुल मिलाकर, अतिरिक्त व्यय के लिए गैर-ऋण प्राप्तियां अच्छी स्थिति में रहने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह में उछाल दिख रहा है। इससे कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान से लगभग एक लाख करोड़ रुपये अधिक रह सकता है। सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जुटाने का बजट लक्ष्य रखा था। इस मद में 10 जनवरी, 2024 तक कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ रुपये हो चुका था, जो बजट अनुमान का 81 प्रतिशत है। अभी वित्त वर्ष पूरा होने में दो महीने महीने से अधिक का समय बाकी है। वहीं ऋृरळ के मोर्चे पर केंद्रीय जीएसटी राजस्व 8.1 लाख करोड़ रुपये के बजट अनुमान से लगभग 10,000 करोड़ रुपये अधिक होने की उम्मीद है। हालांकि, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क संग्रह में करीब

# भ्रष्टाचार के मामले में देश की रैकिंग फिसली, भारत 180 देशों में 93वें स्थान पर पहुंचा

**सीए रंजीत सिंह**

भ्रष्टाचार के मामले में भारत की स्थिति में 2022 की तुलना में 2023 में मामूली बदलाव हुआ है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93 वें स्थान पर रहा। इस दौरान भारत के समग्र स्कोर में बहुत हद तक कोई बदलाव नहीं हुआ। लेकिन देश की रैंकिंग आठ स्थान नीचे खिसक गई है। इस सूचकांक में विशेषज्ञों और व्यापारिक लोगों की धारणा के आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के कथित स्तरों को ध्यान में रखकर 180 देशों और क्षेत्रों की रैंकिंग की जाती है।इस रैंकिंग के लिए 0 से 100 के पैमाने का उपयोग किया जाता है। जहां 0 अत्यधिक भ्रष्ट है और 100 बहुत ईमानदार का सूचक है। 2023 में, भारत का समग्र स्कोर 39 रहा जबकि जबकि 2022 में यह 40 था। 2022 में भारत की रैंक 85 थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण एशिया में पाकिस्तान (133) और श्रीलंका (115) दोनों ही कर्ज के बोझ से जूझ रहे हैं और राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। हालांकि, दोनों देशों के पास मजबूत न्यायिक निगरानी है, जो सरकार को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने अपने संविधान के अनुच्छेद 19ए के तहत इस अधिकार को पूर्व में प्रतिबंधित संस्थानों तक विस्तारित करके नागरिकों के सूचना के अधिकार को मजबूत किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश (149) सबसे कम विकसित देश (एलडीसी) की स्थिति से बाहर आ गया है। यह आर्थिक विकास गरीबी में निरंतर कमी और रहने की स्थिति में सुधार के कारण संभव हुआ है। हालांकि, यह प्रेस




के खिलाफ चल रही कार्रवाई के बीच सार्वजनिक क्षेत्र में सूचना का प्रवाह बाधित होता है। इस लिस्ट में चीन को 76 वें नंबर पर रखा गया है। चीन ने 35 लाख से अधिक सार्वजनिक अधिकारियों को दंडित करके अपनी आक्रामक भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई के साथ सुर्खियां बटोरी हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में 2024 बड़ा चुनावी वर्ष है। इस दौरान बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सोलोमन द्वीप, दक्षिण कोरिया और ताइवान में लोग मतदान करेंगे।

एशिया और प्रशांत क्षेत्र के 71 प्रतिशत देशों का सीपीआई स्कोर 100 में 45 के क्षेत्रीय औसत स्कोर और से 43 के वैश्विक औसत से नीचे है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'न्यूजीलैंड (3) और सिंगापुर (5) जैसे देश उच्च स्कोर के साथ कम भ्रष्टाचार वाले देशों की अपनी छवि बनाए हुए हैं। इसके अलावे मजबूत भ्रष्टाचार नियंत्रण तंत्र वाले अन्य देशों जैसे ऑस्ट्रेलिया (14), हांगकांग (14), जापान (16), भूटान (26), ताइवान (28) और दक्षिण कोरिया (32) का स्थान है। सूचकांक के निचले स्थान पर उत्तर कोरिया (172) और म्यांमार (162) का नंबर है। अफगानिस्तान (162) इस सूची में सबसे नीचे है।

# 85 प्रतिशत टैक्स,बच्चे पैदा करने पर टैक्स में छूट, ये है 1947 से 2024 तक के आयकर का सफर

**आजाद भारत का पहला बजट**

16 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा रिपोर्ट थी। जब देश का पहला बजट पेश किया गया था उस समय देश में 1500 रुपये तक की आमदनी टैक्स फ्री थी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2023-24 के बजट भाषण में ने इंडिविजुअल टैक्सपेयर के लिए आयकर का दायरा बढ़ाने का एलान किया था। आयकर का दायरा पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख रुपये (नई टैक्स रिजीम के तहत) कर दिया गया था। सुपर रिच टैक्स को घटाकर 37 प्रतिशत कर दिया गया था। वहीं रिटायर्ड कर्मियों के लिए लिव इनकैशमेंट को बढ़ाकर तीन लाख से 25 लाख रुपये कर दिया गया था।

**पिछले साल नई टैक्स रिजीम को किया गया डिफाल्ट**

पिछले साल नई टैक्स रिजीम को डिफाल्ट कर दिया गया है। नई टैक्स व्यवस्था को केंद्र सरकार ने एक अप्रैल 2020 से लागू किया था। नई टैक्स व्यवस्था यानी नई टैक्स रिजीम में नए टैक्स स्लैब बनाए गए थे लेकिन आयकर में मिलने वाले सारे डिडक्शन और छूट समाप्त कर दिए गए थे। आजादी के बाद से आयकर के मामले में कई बड़े बदलाव देश ने देखे हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।

**1947 में 1500 रुपये की आमदनी थी टैक्स फ्री**

आजाद भारत का पहला बजट 16 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था




की समीक्षा रिपोर्ट थी। जब देश का पहला बजट पेश किया गया था उस समय देश में 1500 रुपये तक की आमदनी टैक्स फ्री थी। 2023 में मोदी सरकार की ओर से पेश किए गए बजट में यह लिमिट 7 लाख (नई टैक्स रिजिम के तहत) हो गई।

**शादीशुदा और कुंवारों को भरना पड़ता था अलग-अलग टैक्स**

1955 में जनसंख्या बढ़ाने के लिए पहली बार देश में शादीशुदा और कुंवारों के लिए अलग-अलग टैक्स फ्री इनकम रखी गई। शादीशुदा को 2000 रुपये तक कोई टैक्स नहीं देना पड़ता था। वहीं, कुंवारों के लिए यह लिमिट 1000 रुपये ही थी।

**आबादी बढ़ाने पर टैक्स छूट देने वाला पहला देश बना भारत**

भारत 1958 में बच्चों की संख्या के आधार पर इनकम टैक्स में छूट देने वाला दुनिया का इकलौता देश बना। अगर शादीशुदा हैं, पर बच्चा नहीं है तो 3000 रुपये तक की आय पर टैक्स नहीं देना पड़ता था। लेकिन, एक बच्चा होने पर 3300 रुपये और 2 बच्चों पर 3600 रुपये की आय टैक्स फ्री थी।

**हर 100 रुपये की कमाई पर लगता था 97.75 रुपये टैक्स**

1973-74 में भारत में सबसे ज्यादा टैक्स रेट था। उस समय आयकर वसूलने की अधिकतम दर 85 फीसदी कर दी गई। सरचार्ज मिलाकर यह टैक्स रेट 97.75 फीसदी पहुंच गया। 2 लाख रुपये की इनकम के बाद हर 100 रुपये की कमाई में से सिर्फ 2.25 रुपये ही कमाने वाले की जेब में जाते थे। बाकी 97.75 रुपये सरकार रख लेती थी।

# वाहन कंपनियों को भरोसा, हरित परिवहन को बढ़ावा देना जारी रखेगी सरकार

**वाहन** क्षेत्र की कुछ प्रमुख कंपनियों का मानना है कि सरकार को आगामी बजट में हरित परिवहन को बढ़ावा देने की नीति को जारी रखने की जरूरत है। उनका कहना है कि इसके अलावा बुनियादी ढांचा क्षेत्र की विकास की रफ्तार को भी कायम रखने की जरूरत है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी।

मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, ह्यह्यहमारा अनुमान है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की परियोजनाओं पर पूंजीगत व्यय जारी रहेगा। सरकार को हरित परिवहन के लिए नीतिगत प्रोत्साहन पर ध्यान जारी रखना चाहिए। इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता तेजी से बढ़ाने में मदद मिलेगी।

अय्यर ने कहा कि लक्जरी कार उद्योग देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऐसे में यह क्षेत्र चाहता है कि प्राथमिकता के आधार पर शुल्क ढांचे और जीएसटी को सुसंगत किया जाए। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हमें आगामी बजट में किसी तरह के ह्यआश्चर्यह्ण की उम्मीद नहीं है।फिलहाल लक्जरी वाहनों पर 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगता है। साथ ही सेडान पर 20 प्रतिशत और एसयूवी पर 22 प्रतिशत का अतिरिक्त उपकर लगता है। ऐसे में इन वाहनों पर कुल कर करीब 50 प्रतिशत बैठता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के उप-प्रबंध




निदेशक (कॉरपोरेट योजना, वित्त एवं प्रशासन और विनिर्माण) स्वप्नेश आर मारू ने कहा कि वाहन विनिमार्ताओं को भरोसा है कि सरकार अर्थव्यवस्था और परिवहन क्षेत्र को एक ऐसे हरित भविष्य में स्थानांतरित करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखेगी जो जीवाश्म ईंधन पर कम निर्भर हो।

जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा कि वाहन क्षेत्र के लिए सतत नीतियों से इस क्षेत्र का विस्तार होगा।

महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ सुमन मिश्रा ने कहा कि समावेशी आय सृजन, इलेक्ट्रिक तिपहिया और वाणिज्यिक वाहनों के जरिये लोग वित्तीय रूप से सशक्त हो रहे हैं। हम बजट में भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण (फेम) की योजना के जरिये इस क्षेत्र को प्राथमिकता देने की उम्मीद करते हैं।

पीएचएफ लीजिंग लि. के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शल्य गुप्ता ने कहा कि सरकार 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है। ऐसे में हल्के वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईएलसीवी) न केवल रोजगार प्रदान कर रहे हैं, बल्कि कम उत्सर्जन के समाधान की भी भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार ईएलसीवी पर न केवल सब्सिडी समर्थन जारी रखेगी, बल्कि इनके पंजीकरण की प्रक्रिया को भी सरल करेगी।

काइनेटिक ग्रीन की संस्थापक एवं सीईओ सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने उम्मीद जताई कि सरकार फेम-तीन योजना की घोषणा कर इलेक्ट्रिक वाहनों को समर्थन जारी रखेगी।

# करदाताओं को वित्त मंत्री से टैक्स में अधिकतम छूट की उम्मीद

## इस बार के बजट से हैं ये अपेक्षाएं

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस दौरान होने वाले बदलावों पर विभिन्न सेक्टर्स की नजर बनी हुई है। करदाताओं को इस बार के बजट में भी वित्त मंत्री से राहत की उम्मीद है। आइए जानते हैं बजट में होने वाले किन बदलावों पर करदाताओं की नजर बनी हुई है।

मूल छूट सीमा में वृद्धि

सरकार ने बजट 2023 में कई राहत भरे एलान किए थे। इसके बावजूद इस साल भी यह उम्मीद की जा रही है कि दोनों टैक्स रिजीम (नए और पुराने) के तहत वित्त मंत्री इस बार भी बुनियादी छूट की सीमा (इंÞ ए७ीस्र३ङ्गल्ल छ्रे३) को कम से कम 50,000 रुपये तक बढ़ा सकती हैं। करदाता इसे बढ़ाकर 1,00,000 रुपये करने की उम्मीद कर रहे हैं। बुनियादी छूट सीमा में बढ़ोतरी से सभी करदाताओं की टैक्स देनदारी कम होगी, जिससे नेट टेक होम सैलरी में इजाफा होगा।

**राष्ट्रीय पेंशन योजना में अंशदान के लिए होने वाली कटौती में समानता**

वर्तमान में किसी अधिसूचित पेंशन योजना (जैसे ठढर) में एक कर्मचारी को वित्तीय वर्ष के दौरान किए गए पूरे योगदान पर टैक्स कटौती में छूट की अनुमति दी जाती है। केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारियों की ओर से इस मद में 14% वेतन के योगदान का



प्रावधान है जबकि अन्य कर्मचारियों के मामले में यह सीमा 10% है। इस तरह सरकार और निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की कर देयता में असमानता है। इस बार के बजट से करदाता उम्मीद कर रहे हैं कि सरकारी और निजी दोनों ही क्षेत्रों के कर्मचारियों को पेंशन योजना में 14 प्रतिशत योगदान की अनुमति मिले, ताकि उन्हें आयकर में बराबर छूट मिल सके।

**स्टैंडर्ड डिडक्शन में इजाफा**

मौजूदा आयकर प्रावधान के तहत पुरानी और सरलीकृत नई कर व्यवस्था के तहत वेतनभोगी करदाताओं को 50,000 रुपये की मानक कटौती (र३ल्लँ१ ऊी४ङ्३ल्ल) की अनुमति है। जीवन यापन की लागत में वृद्धि को देखते हुए करदाताओं की अपेक्षा है कि सरकार वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये करने पर विचार करे।

**बेंगलूरू, हैदराबाद और पुणे भी मेट्रो शहरों में शामिल हों**

एचआरए पर सेक्शन 10(13अ) के तहत आयकर में छूट मिलती है। वर्तमान में, आयकर प्रावधान, धारा 10 (13 ए) के उद्देश्य के लिए केवल दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता को मेट्रो शहर माना जाता है। इन मेट्रो शहरों के कर्मचारियों के लिए एचआरए छूट की गणना का आधार मूल वेतन का 50% होता है। वहीं बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जो सबसे तेजी से बढ़ते शहरों में से हैं, के कर्मचारियों के लिए एचआरए छूट की गणना का आधार मूल वेतन का 40% है। हाल के दिनों में ये शहर भी भरपूर रोजगार प्रदान करते हैं। इसके अलावा, इन शहरों में रहने की लागत में वृद्धि हुई है। इसलिए, इन शहरों में रहने वाले नौकरीपेशा लोगों की अपेक्षा है कि बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे को एक मेट्रो शहर माना जाए, ताकि यहां रहने वाले कर्मचारियों को भी मेट्रो शहरों के बराबर ही कर लाभ मिल सके।

**एनआरआई विक्रेताओं से घर खरीदने वालों के लिए टीडीएस का अनुपालन सरल हो**

मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, यदि संपत्ति का मूल्य 50 लाख रुपये या उससे अधिक है और संपत्ति बचने वाला भारतीय है तो 1% टीडीएस के रूप में जमा करने की आवश्यकता होती है। पर यदि संपत्ति बेचने वाला एनआरआई हो तो टीडीएस के अनुपालन की प्रक्रिया काफी जटिल हो जाती है। एनआरआई के मामले में टीडीएस कटौती ऊंचे दर पर होती है और ऐसे मामले में खरीदार को भी टैन लेने, कर जमा करने और ई-टीडीएस रिटर्न फाइल करने की आवश्यकता होती है। करदाताओं को उम्मीद है कि इस बार के बजट में वित्त मंत्री टीडीएस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कदम उठाएंगी।

# रेलवे को मिल सकते हैं तीन लाख करोड़ रुपये, ट्रेनों में अच्छे खाने के अलावा अब मिलेगा वाई-फाई!

केंद्र सरकार इस बार रेलवे बजट में आवंटन में बढ़ोतरी कर सकती है। माना जा रहा है कि सरकार कुल आवंटन को बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपये तक कर सकती है। इसके अलावा वंदे भारत ट्रेनों के रोलआउट पर सरकार विशेष फोकस कर सकती है...

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को मोदी सरकार 2.0 का अंतरिम बजट पेश करने जा रही हैं। इस बजट में रेलवे पर सरकार का खास फोकस रहने की उम्मीद है। केंद्र सरकार इस बार रेलवे बजट में आवंटन में बढ़ोतरी कर सकती है। माना जा रहा है कि सरकार कुल आवंटन को बढ़ाकर तीन लाख करोड़ रुपये तक कर सकती है। इसके अलावा वंदे भारत ट्रेनों के रोलआउट पर सरकार विशेष फोकस कर सकती है। बजट 2023 में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था।

इस बार के बजट का बड़ा हिस्सा यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने पर खर्च किया जाएगा। चुनावी साल होने की वजह से इस समय केंद्र सरकार का सबसे अधिक ध्यान देश में यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने पर होगा। इस बजट में सरकार का जोर इलेक्ट्रिफिकेशन और दोहरीकरण पर विशेष जोर रहेगा। दोनों पर करीब 50,000 करोड़ रुपये का आवंटन आता हुआ दिखाई दे सकता है।

अंतरिम बजट में रेलवे का वंदे भारत ट्रेनों के सफल रोल आउट पर फोकस होगा। रेलवे ने अगले तीन सालों में 400 वंदे भारत ट्रेनों को शुरू करने का लक्ष्य लिया है। इसलिए नए हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर का भी एलान इस बजट में हो सकता है। इसमें स्टेशन ट्रैक के आसपास सोलर पैनल लगाने को भी मंजूरी मिलना भी मुमकिन है। सरकार इस बजट में निजी भागीदारी को बढ़ाकर सोलर पैनल लगाने को मंजूरी दे सकती है। इसके अलावा ट्रेनों में वाई-फाई भी सुविधा मिलने के अलावा अच्छे खान-पान को कैसे बढ़ावा मिलना संभव है। पीपीपी मॉडल के जरिए नॉन फेयर रेवेन्यू बढ़ाने की कोशिश की जा सकती है।